संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 29 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 178 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा परिवहन मंत्री असीम गोयल ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर श्री हरमंदिर साहिब (श्री दरबार साहिब) में मत्था टेका और गुरु साहिब के चरणों में शीश नवाया।

## आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"

-स्वामी विवेकानंद

## धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी रिपोर्ट को किया खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत ने अमेरिका के विदेश मंत्रालय की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि मानवाधिकार के नाम पर दूसरे देश की राजनीति में हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए।

# मानसून की पहली बारिश में दिल्ली पानी-पानी

● मिंटो ब्रिज पर पहले जैसे ही खौफनाक नजारा दिखा, सुबह से ही दिल्ली में कई जगहों पर जाम लगा रहा

**जलजमाव**

▶▶ बारिश से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली लेकिन जगह जगह जलजमाव ने लोगों की मुश्किलें भी बढ़ा दीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी में शुक्रवार को सुबह मानसून की पहली बारिश ने ही दिल्ली सरकार और अन्य एजेंसियों की पोल खोल कर रख दी। 40 से 50 किमी प्रति घंटा की स्पीड से तेज हवा के साथ मानसून की पहली तेज बारिश ने दिल्ली को पानी पानी कर दिया। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली लेकिन जगह जगह जलजमाव ने लोगों की मुश्किलें भी बढ़ा दीं। सुबह दफ्तर जाने वाले लोग घंटों जाम में फंसे रहे। दिल्ली की प्रमुख सड़कें पानी से लबालब थीं। सुबह से ही आईटीओ समेत दिल्ली में कई जगहों पर जाम लगा रहा। हमेशा की तरह इस बार भी मानसून की पहली बरसात में ही मिंटो ब्रिज पर पहले जैसे ही खौफनाक नजारा दिखा। वहां एक ट्रक फंस गया। कमोबेश यही नजारा द्वारका, कापसहेड़ा, प्रगति मैदान और अन्य कई अंडरपास में देखने को मिला। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार आज पहली बरसात में ही सफदरजंग में 228 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। आम लोगों के साथ खास लोगों के घरों में भी पानी घुस गया। कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर और सपा सांसद रामगोपाल गोपाल के घरों में पानी भर गया। दिल्ली की मंत्री आतिशी के घर में भी पानी घुस गया। बारिश के पानी से स्कूल, कालेज यहां तक कि एम्स के अस्पताल के आसपास पानी भर गया।





### 228 एमएम बारिश दर्ज की गई

**दिल्ली** सरकार की मंत्री आतिशी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दिल्ली में मानसून सीजन में अमूमन 800 मिलीमीटर बारिश होती है लेकिन आज पहले ही दिन 228 एमएम बारिश दर्ज की गई यानि 25 फीसदी बारिश एक ही दिन में हो गई। जलजमाव के जल स्तर को कम करने के लिए सारे कर्मचारी जुटे हुए हैं। अभी दिल्ली में नालों की क्षमता से ज्यादा बारिश हुई है, इसलिए जगह-जगह जलभराव देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमने पिछली बारिश तक लगभग 200 हॉटस्पॉट की पहचान की है। इनमें से 40 हॉटस्पॉट पीडब्ल्यूडी द्वारा सीसीटीवी निगरानी में हैं।


### दिल्ली पहुंचा मानसून, भीषण गर्मी से मिलेगी राहतः मौसम विभाग

**मौसम** विभाग के अनुसार दिल्ली में शुक्रवार की सुबह मानसून की पहली बारिश हुई। पहले ही दिन आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में दिल्ली के सफदरजंग में 228 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही मौसम विभाग ने आगामी 29 और 30 जून को दिल्ली में भारी बारिश होने की संभावना जताई है। 3 जुलाई तक दिल्ली में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आस-पास बने रहने का अनुमान है।

# राज्यसभा में सभापति और नेता प्रतिपक्ष में तकरार

**तीखी नाराजगी**

▶▶ नेता प्रतिपक्ष को आसन के सामने वेल में आकर नारेबाजी नहीं करनी चाहिए थी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के व्यवहार पर तीखी नाराजगी प्रकट की। धनखड़ ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष वरिष्ठ और मर्यादित पद होता है। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष को आसन के सामने वेल में आकर नारेबाजी नहीं करनी चाहिए थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने सदन के बाहर मीडिया से बातचीत में कहा कि वे सदन में सभापति जगदीप धनखड़ का ध्यान आकृष्ट कराना चाहते थे, इसलिए वे वेल के अंदर गए। खरगे ने इस स्थिति के लिए राज्यसभा के सभापति को ही दोषी ठहराते हुए कहा कि वे प्रतिपक्ष की अनदेखी कर रहे हैं। दरअसल, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के शुक्रवार को राज्यसभा की वेल में आने पर चिंता जताते हुए कहा था, आज का दिन भारतीय संसद के इतिहास में इतना दागदार हो गया है कि विपक्ष के नेता स्वयं वेल में आये हैं।

## विदेश मंत्रालय ने मोदी-पुतिन शिखर वार्ता की तैयारी की पुष्टि की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को पुष्टि की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता की तैयारी की जा रही है। हालांकि शिखर वार्ता की तिथि अभी घोषित नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत और रूस के बीच शिखर वार्ता का आयोजन एक नियमित प्रक्रिया है।

अब तक 21 बार शिखर वार्ता हो चुकी है।

## हरियाणा को मिले एसवाईएल का पानीः नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने एसवाईएल की मांग को दोहराते हुए कहा है कि पंजाब हमारा बड़ा भाई है और बड़े भाई का फर्ज है कि वो छोटे भाई को निराश न होने दे। उन्होंने कहा कि पंजाब-हरियाणा एक ही परिवार है, एक ही घर है, इसलिए बड़े भाई से वे आग्रह करते हैं कि वह हमें पानी दे। मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा परिवहन मंत्री असीम गोयल ने शुक्रवार को अमृतसर में स्वर्ण मंदिर श्री हरमंदिर साहिब (श्री दरबार साहिब) में मत्था टेका और गुरु साहिब के चरणों में शीश नवाया। मुख्यमंत्री ने देश और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने लंगर घर में आम आदमी की तरह संगत में बैठकर गुरु का प्रसाद ग्रहण किया।

उन्होंने लंगर छकने के बाद लगभग 15 मिनट बरतन सेवा भी की। उनके साथ परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल भी मौजूद रहे। इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री को सरोपा व श्री दरबार साहिब का चित्र भेंट किया गया।







# फूड कोर्ट पर तैनात बाउंसर और स्टाफ से युवकों की हुई मारपीट

**गाजियाबाद :** क्षेत्रांतर्गत दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे स्थित केएफसी, हल्दीराम फूड कोर्ट पर खाना खाने आये युवकों से फूड कोर्ट पर तैनात बाउंसरस, गार्ड व स्टाफ कर्मियों ने युवकों के साथ मारपीट की और इनकी ब्रेजा कार के आगे व पीछे के शीशे तोड़ दिए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवकों अर्जुन व शुभम को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डासना भर्ती कराया।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | पावर कार से पावर हाउस तक पुनर्योजी पावर यूटिलाइजेशन सिस्टम का उपयोग करके ऑन–ग्रिड लोड परीक्षण सुविधा की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 29.07.2024 प्रातः 11:30 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 28.06.2024 12:30 बजे |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 4973700/– सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | रु. 99500/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil (अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 120 दिन |
| बोली आरंभ तिथि | 15.07.2024 | बोली समाप्ति तिथि | 29.07.2024 प्रातः 11:30 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

56–W/विद्युत/23–24/T/04/पुनर्योजी लोड बैंक

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1953/24



## उत्तर रेलवे

### खुली रूचि की अभिव्यक्ति के लिए निविदा सूचना

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, भारत के राष्ट्रपति की ओर से अतिरिक्त मंडल अस्पताल, जगाधरी वर्कशॉप, प्रतिष्ठित निजी रेडियोलॉजिकल और इमेजिंग केंद्र के लिए निर्धारित प्रपत्र पर रूचि की अभिव्यक्ति के लिए सीलबंद खुली निविदा आमंत्रित की की गई है।

| | |
|---|---|
| एनआईटी नंबर | 140 Med/Radiological Investigation/JUDW/2024 |
| निविदा संख्या | 140 Med/Radiological Investigation/JUDW/2024 |
| कार्य का नाम | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अतिरिक्त मंडल अस्पताल, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, प्रतिष्ठित निजी रेडियोलॉजिकल और इमेजिंग केंद्र जिसका विशिष्ठ कानूनी अस्तित्व जगाधरी वर्कशॉप/यमुना नगर/जगाधरी के नगर क्षेत्र और आस–पास विद्यमान है, के दो वर्ष के लिए कैशलेस पैनल के लिए जगाधरी वर्कशॉप के रेलवे लाभार्थियों को विभिन्न जांच की सुविधा सीजीएचएस/चंडीगढ़ दरों पर उपलब्ध करने के उद्देश्य से खुली रूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई) आमंत्रित की गई है। |
| पूर्णता की अवधि | 2 वर्ष |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | www.nr.indianrailways.gov.in निविदाकर्ता 28.06.2024 से निविदा दस्तावेज 29.07.2024 को 11.00 बजे तक डाउनलोड कर सकते हैं। |
| कार्यालय का पता और तारीख जहां से निविदा दस्तावेज उपलब्ध होगें | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अतिरिक्त मंडल अस्पताल, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, से किसी भी कार्य दिवस पर 28.06.2024 से 09.00 बजे से 13:00 बजे के बीच में अंतिम तिथि 29.07.2024 में 11:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | सीलबंद आवेदन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अतिरिक्त मंडल अस्पताल, जगाधरी वर्कशॉप के कार्यालय में अंतिम तिथि 29.07.2024 में 12:00 बजे तक ही जमा कर पाएंगे। |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | सीलबंद आवेदन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अतिरिक्त मंडल अस्पताल, जगाधरी वर्कशॉप के कार्यालय में 29.07.2024 में 12:30 बजे खोले जाएंगे। |
| निविदा दस्तावेज की लागत | निविदा दस्तावेज की लागत रु. 1000/– बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधिकृत बैंक से जारी Sr. AFA उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप के पक्ष में जगाधरी वर्कशॉप–135002 में देय होनी चाहिए। |

No. 140-Med/Radiological Investigation/JUDW/2024
Date : 26.06.2024 1948/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः 24/44 दिनांकः 25.06.2024

### ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस. ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10244033D | एलिमेंट फिल्टर टर्बो सोक बैक | 40 नग | 24.07.2024 |
| 2 | 63245100A | इलास्टिक रेल क्लीप एमके-वी, ड्राइंग नं0. आरडीएसओ टी-5919 | 8367021 नग | 15.07.2024 |
| 3 | 63235125D | मैन्युफैक्चरिंग एण्ड सप्लाई ऑफ प्रेस्ट्रेस्ड मोनोब्लॉक कॉन्क्रीट स्लीपर्स सेटस् (प्रीटेन्सन्ड टाइप) फॉर बीजी फैन सेफ्ड टर्न आउट 1 इन 12 एज पर आरडीएसओ ड्राइंग नं0. टी-4218/टी-4732 | 835 सेट | 18.07.2024 |
| 4 | 64245106A | हाइड्रोलिक प्रेशर वाल्व | 54 नग | 24.07.2024 |
| 5 | 64245162 | हाइड्रोलिक डमी | 357 नग | 25.07.2024 |
| 6 | 64245136 | हाइड्रोलिक मोटर | 01 नग | 05.08.2024 |
| 7 | 64245084A | फिल्टर एलीमेन्ट | 32 नग | 24.07.2024 |
| 8 | 30232493बी | एन2 बोर्ड फॉर डब्ल्यूएसपी एफटीआरटीआईएल | 21 नग | 15.07.2024 |
| 9 | 30242459ए | एफआरपी विन्डो असेम्बली (2 फीट वाईड) | 619 नग | 15.07.2024 |
| 10 | 30241740 | एयर ब्रेक होज कपलिंग फॉर फीड पाईप | 30304 नग | 29.07.2024 |
| 11 | 38242449 | टॉप हाउसिंग | 4507 नग | 29.07.2024 |
| 12 | 20243634 | सेट ऑफ निट्रिल रबर गैसकेट | 61 सेट | 22.07.2024 |
| 13 | 20243660 | सेट ऑफ रोटर स्टांपिंग | 83 सेट | 24.07.2024 |
| 14 | 20241781 | एच वी ओवरलोड रिले (क्यू एल एम ) | 25 नग | 22.07.2024 |
| 15 | 20235017A | ट्रैक्शन मोटर आर्मेचर कम्पलीट | 06 नग | 24.07.2024 |
| 16 | 20243349 | आर्मेचर शाफ्ट | 36 नग | 24.07.2024 |
| 17 | 20242674A | सेट ऑफ मशिंड आइटम्स फॉर टी एम टाइप एच एस 15250ए | 41 सेट | 24.07.2024 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। **1104/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR



## उत्तर रेलवे

### ई–टेंडरिंग

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी –14/2024–25 दिनांक 27.06.2024**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15:00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (₹) | बोली प्रतिभूति (₹) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विधुत–27/2024-25 (ओपन टेंडर) | एडीईएन/भटिंडा के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एल/भटिंडा के सेक्शन पर भटिंडा (लाहौर साइड और लाइन नंबर 18) और एडीईएन/पटियाला के तहत एसएसई/डब्ल्यू/संगरूर के अनुभाग में सुनाम उधम सिंह वाला में गुड्स शेड के उन्नयन/आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत कार्य | रु. 5769317.63 | रु. 115400.00 | 04 महीने | 19.07.2024 |
| 2 | 30-विधुत–28/2024-25 (ओपन टेंडर) | एडीईएन/भटिंडा के तहत एसएसई/डब्ल्यू/अबोहर के अनुभाग में मलोट और गिद्दर्भा स्टेशन पर गुड्स शेड के उन्नयन/आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत कार्य | रु. 5692051.52 | रु. 113900.00 | 04 महीने | 19.07.2024 |
| 3 | 30-विधुत–29/2024-25 (ओपन टेंडर) | एसआर. डीईएन-II के तहत एडीईएन/पटियाला के खंड में बरवाला और मलेरकोटला रेलवे स्टेशन पर गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण और एसआर. डेन-II के अंतर्गत एडीईएन/पटियाला के खंड में अहमदगढ़ स्टेशन पर गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत कार्य | रु. 8515783.89 | रु. 170300.00 | 04 महीने | 19.07.2024 |
| 4 | 30-विधुत–30/2024-25 (ओपन टेंडर) | एसआर. डेन–I। के तहत एडीईएन/पटियाला अनुभाग में लहरा गागा और संगरूर रेलवे स्टेशन पर गुड्स शेड के उन्नयन/आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत कार्य | रु. 5287621.00 | रु. 105800.00 | 04 महीने | 19.07.2024 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **1942/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# शादी के चौथे दिन युवक ने लगाई फांसी




**टीम एक्शन इंडिया**

**खुर्जाः** यूपी के खुर्जा स्थित कोतवाली क्षेत्र के अहिरपाड़ा निवासी युवक ने शादी के चार दिन बाद ही फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। वहीं युवक ने अपने बुआ के बेटे को व्हाट्सएप पर सुसाइड नोट भेजा, जिसमें आत्महत्या कारण पत्नी और ससुराल पक्ष पर जबरन शादी करवाना बताया। अहिरपाड़ा निवासी पवन ने बताया कि उसके चाचा का बेटा राहुल सैनी (25) की खुर्जा के ढोरी मोहल्ला में मोबाइल की दुकान थी। बीते सोमवार को राहुल ने अपनी प्रेमिका के साथ प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही राहुल परेशान रहने लगा। साथ ही गृह क्लेश भी शुरू हो गया था। इसको लेकर कुछ रिश्तेदार नाराज भी हो गए थे ऐसे में राहुल काफी चिंतित था। गुरुवार रात करीब 1:30 बजे राहुल ने बुआ के बेटे के व्हाट्सएप नंबर पर सुसाइड नोट भेजा, जिसमें उसने अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष पर जबरन शादी करवाने और शादी के बाद परिवार में क्लेश होना बताया। सुसाइड नोट मिलने के बाद ही राहुल की बुआ के बेटे ने परिजनों को सूचना दी। तभी परिजन राहुल के कमरे में पहुंचे, तो राहुल का शव पंखे पर फंदा लटका हुआ था। परिजनों ने राहुल के शव को फंदे नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। सीओ वरुण कुमार सिंह का कहना है कि मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। वहीं सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस जांच कर रही है। परिवार और ससुराल पक्ष के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# संयुक्त अस्पताल में बनेगा भूमिगत वाटर टैंक

**प्रक्रिया शुरू**

**शासन ने धनराशि जारी कर दी है। विभाग ने इसका टेंडर भी जारी कर दिया है।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** लोनी में बने संयुक्त अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम के लिए भूमिगत वाटर टैंक का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए शासन ने धनराशि जारी कर दी है। विभाग ने इसका टेंडर भी जारी कर दिया है। इसके निर्माण के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में शासन की तरफ से धनराशि जारी की गई थी लेकिन खर्च नहीं होने से वापस चली गई थी। हाल में अस्पतालों, मॉल, दुकानों में आग लगने की घटनाएं बढ़ने के बाद अस्पतालों में फायर फाइटिंग सिस्टम का कार्य तेज कर दिया गया है। लोनी के 50 बेड के संयुक्त अस्पताल में 100 किलो लीटर भूमिगत जलाशय बनाने के लिए शासन ने 37 लाख की धनराशि जारी की है। इसके निर्माण के लिए पिछले वित्तीय वर्ष चार मार्च 2024 को धनराशि जारी की गई थी। धनराशि के वापस होने पर सीएमओ ने पत्र लिखकर शासन को इसकी जानकारी दी थी कि इतने कम समय में धनराशि खर्च नहीं की जा सकती। शासन ने उसी धनराशि को दोबारा से भेज दिया है। सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधार ने बताया कि धनराशि मिलने के बाद निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। टेंडर जारी किया गया है।

# कत्ल कर ठिकाने लगाई लाश

**मोदीनगर।** निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव असदपुर नांगल के रजवाहे में मिले रंजीत (24) के शव की शुक्रवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई। सिर पर भारी वस्तु से वार कर हत्या की गई। इसके बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए रजवाहे में फेंका गया। मृतक मूलरूप से कौशांबी जिले का रहने वाला था। वह पिछले चार साल से मेरठ जिले में था। अलग-अलग जगह मजदूरी करता था।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप–135002 दवारा फर्मो को निम्नलिखित मदो के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र. स. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 61245673A | टेक्सपक पैड फॉर साइड बेयरर | 864 नग | 25 जुलाई 2024 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2.मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस संख्याः 61245673A 1950/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष **नामः अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, निवासीः अज्ञात, मेट्रो पिलर नंबर-468, पैसिफिक मॉल, तिलक नगर, दिल्ली** के पास दोपहर 2:56 बजे पाया गया। इस संबंध में **DD No: 142A दिनांक 28.05.2024** के तहत **थाना तिलक नगर, पश्चिमी दिल्ली** में मामला दर्ज किया गया है।

**शव का विवरण इस प्रकार है:**

**नामः** अज्ञात, **लिंगः** पुरुष, **उम्रः** 35 वर्ष, **रंगः** गोरा, **ऊंचाईः** 5'5", **पहचान चिह्नः** बाएं हाथ पर दीपक का टैटू, **पहनावाः** काला लोअर।

स्थानीय पुलिस द्वारा मृतक का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है। यदि किसी को मृतक के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना तिलक नगर, पश्चिमी दिल्ली**
**फोन नं. 9050206249**

**DP/7929/WD/2024**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सागर पुत्र राजू निवासी म. नं. 13, एमसीडी फ्लैट्स, गेट–1, जहांगीरपुरी, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **209/18 अन्तर्गत धारा 356/379/411/34 आईपीसी, थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **209/18 अन्तर्गत धारा 356/379/411/34 आईपीसी, थाना केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सागर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.08.2024** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सुश्री दिव्या अरोड़ा**
महानगर दण्डाधिकारी, (उ–प)–04
कमरा नं. 112, प्रथम तल,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/8102/NW/2024**
**(Court Matter)**

## गुमशुदा व्यक्ति की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नामः** विपलव रस्तोगी **पुत्रः** श्री नीरज रस्तोगी, **निवासीः** बारा ठाकुर द्वार, शाहदरा, दिल्ली, **उम्रः** 32 साल, **कदः** 5 फुट 4 इंच, **रंगः** गेहुँआ, **पहनावाः** हरे रंग की टी–शर्ट व हाफ काले रंग की पैंट एवं पैरों में काले रंग के जूते पहने हुए है, दिनांक 20.06.2024 को अपने घर थाना अन्तर्गत फर्श बाजार, दिल्ली से लापता हो गया है।

इस संदर्भ में **DD No. 89A Dated 20.06.2024** थाना फर्श बाजार, दिल्ली में दर्ज किया गया है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थाना प्रभारी**
**थाना–फर्श बाजार, दिल्ली**
**फोनः 011-22303600, 7065036028**

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
दूरभाष : 011-24368638, 9667341024

**DP/8215/SHD/2024**

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **तरनजीत कौर उर्फ वंतिका पुत्री** रणवीर सिंह **निवासीः** म.नं. डी–386, एनएसए कॉलोनी, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली है। जो कि अपने घर से दिनांक 13.06.2024 को दोपहर 1:00 से लापता/अगवा है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्रः** 16 वर्ष, **कदः** 5', **रंगः** गेंहुआ, जिसने काले व सफेद रंग का प्रिंटिड सूट और प्लाजो और पैरों में रब्बड़ की चप्पल पहनी है। इस संदर्भ में **FIR No. 330/2024 U/s 363 IPC, दिनांक 19.06.2024 को थाना फर्श बाजार, दिल्ली में दर्ज है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641

**थानाध्यक्ष**
**थाना फर्श बाजार, दिल्ली**

**DP/7992/SHD/2024** **फोनः 7669500824, 7065036028**


## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना संख्याः** AGC-EL-GSU-T-08R-24 **दिनांकः** 25.06.2024

### ई-निविदा सूचना

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, (गति शक्ति) एन.सी.आर. आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-TENDERING) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती हैं।

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः** आगरा मंडल के ईदगाह-बयाना खंड में पीआई से ईआई कार्य के संबंध में विद्युत सामान्य कार्य।

**Completion Period:** 12 Months.

**कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 3889385.06

**टेंडर डालने की अंतिम तिथि व समयः** दिनांक 17.07.2024 को 12:00 बजे तक टेंडर डाल सकते हैं।

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु इंडियन रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। टेंडर केवल बेव पोर्टल इंडियन रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **12:00 बजे** तक **दिनांक 17.07.2024** तक टेंडर डाल सकते हैं। **1112/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR



## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railways, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (**www.ireps.gov.in**) for the supply of the below item.

| S. N. | E-Tender No. | Description | Qty. | Tender Closing date & Time | EMD (IRs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 98245239B | ब्लूटूथ के साथ रेल प्रोफाइल मापने के उपकरण (मिनीप्रोफ) की आपूर्ति। आरडीएसओ मिनिप्रोफ रेल द्वारा जारी विशिष्टता संख्या टीएम/एसएम–323 "रेल प्रोइल माप उपकरण (मिनीप्रोफ) की विशिष्टता" के अनुसार रेल मापने की इकाई में शामिल हैः 1. एनविजन सॉफ्टवेयर मोल्ड्यूलः कोर, माप और विश्लेषण (एकल उपयोगकर्ता स्थापना), 2. केबल के साथ सहायक उपकरण किट, 3. चार्जर, 4. हल्के परिवहन केस, 5. टेलीस्कोपिक रॉड, 6. घुमंतू पीडीए, स्वीकृत मेकः ग्रीनवुड इंजीनियरिंग या समकक्ष। (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के 30 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, स्टेज इंस्पे.: नही, स्टेजः 0) | 01 Set | 22.07.2024 एवं 11:00 hrs | 74160.00 |
| 2 | | विशिष्टता संख्या के अनुसार वारंटी अवधि के बाद मिनीप्रोफ का पांच साल का एएमसी शुल्क। टीएम/एसएम–323. लागत विवरण और विस्तृत विशेष शर्तें अनुबंध ए के रूप में संलग्न हैं। (निरीक्षण एजेंसीः CONSG, स्टेज इंस्पे.: नहीं, स्टेजः 0) | 01 Set | | |

**Note: 1) Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2) No manual offer will be entertained. E-Tender Notice सं0 98245239B Dated: 27.06.2024** **1937/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं।

## Change of Name

I Rikhi Ram S/o Puran Chand R/o House No-697, Sector-2, Panchkula, Haryana-134112, have changed my name to Rishi Raj Agnihotri

## Change of Name

I Ruby Pyarelal Valmiki D/o Pyarelal Makhanlal Valmiki and W/o Kishor Kumar R/o House No-110, Gali No-3, Near Doon Bharti Public School, Durga Colony Sehatpur, Amarnagar, Faridabad, Haryana- 121003, have changed my name to Ruby Kishor Kumar.

## Change of Name

I Tanvi Malik D/o Gurwinder Narang and W/o Abhiney Malik R/o 24, M.T. Enclave, Sajjan Singh Bagh, Model Town, Panipat, , Haryana - 132103, have changed my name to Deepika.

## बेदखली सूचना

**मैंजो कि सुरेंद्र सिंह पुत्र लालचंद निवासी गांव सरढाना तहसील गन्नौर जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा सगा पुत्र सागर मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता हैं। मैं सागर को अपनी चल व अचल संपति से बेदखल व संबंध विच्छेद करता हूं। आज के बाद अगर कोई भी सागर लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी वह मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली में पहली तेज बरसात से यातायात व्यवस्था चरमराई

## चारों ओर लंबा जाम, हजारों कामकाजी लोग रास्ते में फंसे, जखीरा अंडरपास के नीचे बसें रुकी हुई हैं, पम्प से पानी निकाला जा रहा

**दावों की पोल खुली**

**जलभराव से एक बार फिर यातायात व्यवस्था चरमरा गई। साथ ही दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार के तमाम दावों की पोल खोल कर रख दी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रात से हो रही बारिश सुबह हजारों कामकाजी लोगों के लिए आफत बन गई। विभिन्न इलाकों में हुए जलभराव से एक बार फिर यातायात व्यवस्था चरमरा गई। साथ ही दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार के तमाम दावों की पोल खोल कर रख दी है। हालांकि झमाझम बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली है।



इस बारिश में खासकर दोपहिया वाहनचालकों को जलभराव में खासी दिक्कत हुई। रास्ते में दोपहिया वाहन बंद हो गए। आईटीओ में तो कमर तक पानी भरा हुआ है। डीटीसी बसों की लंबी कतार लगी हुई है। नजफगढ़, द्वारका, तिलक नगर और राजौरी गार्डन में भारी जलभराव है। पानी भर गया है। इसके चलते मिंटो रोड की तररफ जाने वाले सारे वाहन कुछ देर के लिए रोक दिए गए। ओखला, जामिया नगर, संगम विहार, खानपुर, पुल प्रह्लादपुर, सरिता विहार आदि इलाकों में जलभराव से स्थिति खराब है। यमुनापार के पूर्वी दिल्ली के इलाकों तेज बारिश के चलते सीलमपुर मेट्रो स्टेशन के आसपास जलभराव है। जखीरा अंडरपास के नीचे बसें रुकी हुई हैं। पम्प से पानी निकाला जा रहा है। लालकिला के आसपास मुख्य सड़कों पर जलभराव के अलावा संपर्क मार्गों पर भी पानी भरने से लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। आईटीओ, आश्रम, आनंद विहार, लाजपतनगर और चिल्ला बॉर्डर में लंबा जाम है। पूर्वी दिल्ली के विकास मार्ग पर कड़कड़डूमा से आईटीओ तक वाहनों की लंबी कतार लग गई है। लक्ष्मी नगर, ललिता पार्क, गीता कॉलोनी, गाजीपुर, मयूर विहार, पटपड़गंज, गांधी नगर, कृष्णा नगर, लाल क्वार्टर,शाहदरा, सीलमपुर, नंदनगरी, भजनपुरा, वजीराबाद, तिमारपुर तक जाम है। बुराडी, नत्थूपुरा, आजादपुर, रोहतक रोड के आसपास के इलाके में बारिश के कारण काफी देर तक जाम रहा। करोलबाग, पहाड़गंज और कश्मीरी गेट में बड़ी संख्या में लोग जाम में फंसे हुए हैं। एम्स, ग्रीन पार्क, ओखला, निजामुदीन, बदरपुर, खानपुर, देवली, नजफगढ़, संगम विहार, सरोजनी नगर, लाजपत नगर, धौलाकुआं, महिपालपुर, सरिता विहार, भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली कैंट और कालकाजी में भी जाम से हालात खराब हो गए हैं।

### 88 साल बाद इतने बरसे बदरा






दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार के तमाम दावों की पोल खोल कर रख दी

## दिल्ली में जलभराव पर एलजी ने की आपात बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राजधानी में जलभराव की स्थिति को खतरनाक बताया है। राजनिवास में बुलाई गई आपातकालीन बैठक में उन्होंने जल निकासी के लिए अनधिकृत कालोनियों से लेकर अंडरपास और सुरंगों तक में पंप लगाने का निर्देश दिल्ली सरकार और सम्बन्धित एजेंसियों को दिया। उपराज्यपाल ने कहा कि जल जमाव की वजह से शार्ट सर्किट होने की आशंका के मद्देनजर बिजली कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की छुट्टी पर दो माह तक रोक लगाई जाए। मानसून की पहली मूसलाधार बारिश की वजह से जगह-जगह जल भराव हुआ। इसे लेकर उप-राज्यपाल ने दिल्ली में जल जमाव की स्थिति की समीक्षा करने के लिए आज राजभवन में दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों और एजेंसियों की आपात बैठक बुलाई थी। बैठक के दौरान यह बात सामने आई कि गाद निकालने का काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इसके लिए बाढ़ नियंत्रण आदेश भी जारी नहीं किया गया। उपराज्यपाल ने पूरी दिल्ली में अत्यधिक बारिश और उसके परिणामस्वरूप जलभराव की स्थिति में आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली के लिए तैयारियों में कमी को गंभीरता से लिया›

## भैरो मार्ग पर भारी जलभराव, सिर्फ दावे किए, काम नहीं

**नरेला** सेक्टर ए 7 स्थित 24 मीटर रोड 10 दिन पहले ही बनी थी। सुबह करीब 200 मीटर तक सड़क धंस गई। सड़क के नीचे कुछ समय पहले पाइपलाइन डाली गई थी। बताया जा रहा है कि सड़क की भराई ठीक से नहीं की गई। यही कारण है कि बारिश होते ही सड़क धंस गई।

**भैरो मार्ग पर भारी जलभराव**

वहीं, दिल्ली के भैरो मार्ग पर भी भारी जलभराव हुआ है। यहां लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश हुई, साथ ही आंधी और बिजली भी गिरी।

**पालम फ्लाईओवर के नीचे जलभराव**

दिल्ली के पालम फ्लाईओवर के नीचे भारी जलभराव हो गया है। जलभराव होने से वाहन में सड़कों पर पानी में फंस गए हैं।

**विवेक विवार फेस-2 का हाल**

दिल्ली सरकार के अंतर्गत शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में विवेक विहार फेस-2 के अंडरपास में आज प्रातः 7:00 बजे से लगभग तीन से 3:30 फीट तक पानी भरा हुआ है, जिसमें बस, ट्रक, रिक्शा और थ्री व्हीलर फंसे हुए हैं। यहां तक की एक ऑटो वाला सवारी को छोड़कर भाग गया। पिछले 15 साल से पीडब्ल्यूडी ने यहां कोई इंतजाम नहीं किया है।

**किशनगंज में फंसे कई वाहन**

उधर, किशनगंज रेलवे अंडरपास जलमग्न हुआ। यहां भी कई वाहन पानी में फंसे हुए हैं।

**गुरुग्राम में भी भारी बारिश**

हरियाणा के गुरुग्राम में वर्षा के बाद सोहना रोड पर भारी जलभराव हुआ है।

**बारिश से हुआ ये हाल**

तेज बारिश के बीच कुछ लोग हाथ में ही पैंट लेकर ऑफिस के लिए निकल रहे हैं।

**शहर में जगह-जगह जलभराव**

गुरुग्राम में थोड़ी देर की वर्षा ने भले ही लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दे दी लेकिन, शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया है।

**गुरुग्राम का हाल**

हरियाणा के गुरुग्राम में वर्षा के बाद सोहना




रोड पर भारी जलभराव हुआ है।

**जगह-जगह भारी जलभराव**

गुरुग्राम में थोड़ी देर की वर्षा ने भले ही लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दे दी लेकिन, शहर में जगह-जगह इसी तरह जलभराव कर दिया है। यह फोटो सेक्टर-5 की है।

**शहर की सड़कें डूबीं**

शहर की मुख्य सड़कें पानी में डूब गई हैं। सोहना रोड पर सुभाष चौक से वाटिका चौक के बीच मुख्य रोड पर जलभराव है। सुबह आठ बजे से से ट्रैफिक जाम के कारण वाहन धीमी गति से चल रहे हैं।

**सड़कों पर पानी-पानी**

ओल्ड दिल्ली रोड, न्यू रेलवे रोड, ओल्ड रेलवे रोड, बसई, पटौदी रोड सहित कई अन्य सड़कों पर पानी भर गया है।

**लोगों को हुई परेशानी**

मेफिल्ड गार्डन, राजीव चौक पार्किंग के समीप मुख्य सड़क और साउथ सिटी-1 की सड़कों पर जलभराव होने के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। इसके अलावा सेक्टर-14 ओल्ड डीएलएफ, रेलवे स्टेशन के समीप ओल्ड डीएलएफ क्षेत्र में जलभराव हो गया है।

**सिर्फ दावे किए, काम नहीं**

नगर निगम, जीएमडीए और एनएचएआइ ने नालों की सफाई और जल निकासी के दावे किए थे। दिल्ली-जयपुर हाईवे पर नरसिंहपुर में सर्विस लेन डूबी है, जबकि एनएचएआइ की ओर से दस पंप लगे हैं। साथ ही कहा गया था कि जलनिकासी के प्रबंध कर लिए गए हैं। सोहना रोड और सुभाष चौक पर बरसाती नालों और सीवर लाइन की सफाई का दावा किया गया था, लेकिन जलभराव के कारण लंबा ट्रैफिक जाम लगा है।

**जलभराल में डूबीं गाड़ियां**

किशन गंज रेलवे अंडर पास में डूबीं गाड़ियों को क्रेन द्वारा निकाला जा रहा है। - ध्रुव कुमार

**पार्क बना स्विमिंग पूल**

नरेला औद्योगिक क्षेत्र स्थित पार्क स्विमिंग पूल बन गया है।

**ऑफिस में भरा पानी**

साउथ दिल्ली के नारकोटिक्स ऑफिस चार घंटे की बारिश में तालाब बन गए। तस्वीर में देख सकते हैं कि ऑफिस के अंदर कैसे पानी भरा है।

**दिल्ली के इन इलाकों में भारी जलभराव**

दिल्ली में जलभराव और भारी ट्रैफिक जाम लोगों को लिए बड़ी समस्या बन गई है। सरिता विहार, कॉनॉट प्लेस, पालम एयरपोर्ट और धौला कुआं सहित कई इलाकों से भारी ट्रैफिक जाम और सड़कों पर पानी भरने की तस्वीरें सामने आई हैं।

वहीं एक ट्रक ड्राइवर दिनेश ने कहा कि पानी मेरे ट्रक में घुस गया है और अब यह आगे नहीं बढ़ रहा है। मैं पिछले दो घंटों से यहां फंसा हुआ हूं।

## अगले दो दिन भी भारी बारिश की चेतावनी

**मानसून की दस्तक**

**मौसम विभाग के मुताबिक सुबह साढ़े आठ बजे तक सफदरजंग पर 228.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अभी तक उच्च तापमान, भीषण लू और सूखे की मार झेल रही दिल्ली ने अब वर्षा का भी 88 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। महज 24 घंटे की वर्षा 124 साल (1901 से लेकर 2024 तक) के ऑल टाइम रिकॉर्ड को तोड़ने से थोड़ा ही पीछे रह गई। हैरानी की बात यह भी कि इस बरसात ने न केवल जून बल्कि मार्च से लेकर अभी तक वर्षा का सारा कोटा भी पूरा कर दिया है। अभी शनिवार और रविवार को भी दिल्ली में भारी वर्षा होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट भी



जारी किया हुआ है।

**मानसून की दस्तक से पहले प्री मानसून राजधानी को भिगोया**

मानसून की दस्तक से पहले प्री मानसून की वर्षा ने ही राजधानी को सराबोर कर दिया है। उमस भरी गर्मी से भी दिल्ली वासियों को काफी राहत मिली है और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि इस रिकॉर्ड वर्षा से जनजीवन भी अस्त व्यस्त हो गया है। यूं तो बृहस्पतिवार सुबह भी दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में उमस से राहत दिलाने वाली अच्छी वर्षा हुई थी। लेकिन रात करीब ढाई बजे शुरू हुई भारी बरसात सुबह करीब साढ़े आठ बजे तक चलती रही। मौसम विभाग के मुताबिक सुबह साढ़े आठ बजे तक सफदरजंग पर 228.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। यह 28 जून 1936 के बाद 88 सालों में इस माह की 24 घंटे की अभी तक की सर्वाधिक वर्षा है। लोधी रोड पर 192.8, रिज में 150.4, पालम में 106.6 और आयानगर में 66.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## दिल्ली आबकारी घोटाले में ईडी ने दाखिल की आठवीं पूरक चार्जशीट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ईडी ने दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में शुक्रवार को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आठवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की है। ईडी ने इस चार्जशीट में विनोद चौहान को आरोपित बनाकर आरोप लगाया है कि उसने हवाला के जरिये आम आदमी पार्टी को रिश्वत की रकम पहुंचाई। ईडी ने आठवीं पूरक चार्जशीट दाखिल करते हुए अब तक नौ चार्जशीट दाखिल की है। ईडी ने इसके पहले 17 मई को सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। सातवीं चार्जशीट में ईडी ने आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को आरोपित बनाया था। ईडी ने 10 मई को छठी पूरक चार्जशीट दाखिल की, जिसमें बीआरएस नेता के कविता, चनप्रीत सिंह, दामोदर शर्मा, प्रिंस कुमार, अरविंद सिंह को आरोपित बनाया गया था।

## दिल्ली की ड्रेनेज सिस्टम का सच सबके सामने आ गया

**जलभराव**

**ये राजनीति का समय नहीं है। अभी मिलकर दिल्ली की समस्या का समाधान करना होगा: आतिशी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मानसून की पहली बारिश में राजधानी दिल्ली की ड्रेनेज सिस्टम का सच सबके सामने आ गया। हर जगह जलभराव और जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसको लेकर दिल्ली सरकार ने आज कैबिनेट मंत्रियों और अधिकारियों के साथ आपात बैठक बुलाई। इसमें दिल्ली में बारिश के कारण उत्पन्न समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। इस दौरान जल मंत्री आतिशी ने कई जानकारियां साझा की। आतिशी ने बताया कि 1936 के बाद पहली बार दिल्ली में 24 घंटे में 228 मिमी बारिश हो गई है। यानी दिल्ली में



मानसून के कुल बारिश (800 मिमी) की 25% बारिश सिर्फ 24 घंटे में हो गई है। इसी कारण कई इलाकों में ड्रेन ओवरफ्लो हुआ है और बारिश का पानी निकालने में समय लगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्रियों ने जलभराव की स्थिति और आगे की रणनीति पर आपात बैठक बुलाई, जिसमें जलभराव से निपटने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

**हेल्पलाइन नंबर जारी**

उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों से निवेदन है कि यदि जलजमाव की कोई शिकायत हो, तो 1800110093 पर कॉल करे या 8130188222 पर वॉट्सऐप कर कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दें। ट्रैफिक पुलिस, टछअ पार्षदों से पानी भरने वालों जगह की लिस्ट मांगी गई है। मुख्य सचिव सभी शिकायतों का निवारण करेंगे।

**एलजी पर दिल्ली सरकार का बयान**

वहीं, एलजी वीके सक्सेना के आरोपों पर दिल्ली सरकार का बयान आया है। दिल्ली सरकार ने कहा कि ये राजनीति का समय नहीं है। अभी मिलकर दिल्ली की समस्या का समाधान करना होगा। दिल्ली में एनडीएमसी एरिया में भी पानी भरा है। एयरपोर्ट की छत भी गिर गई है। अभी साथ मिलकर काम करना होगा। बता दें, एलजी सक्सेना ने कहा था कि वर्तमान हालात के लिए दिल्ली सरकार की निष्क्रियता जिम्मेदार है।

## हत्या मामले में गोगी को सात दिनों की पुलिस हिरासत

**कोर्ट का आदेश**

**गोगी दो शूटरों को अपने वाहन पर लेकर राजौरी गार्डेन में बर्गर किंग के आउटलेट पर आया था**

**टीम इंडिया न्यूज**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने राजौरी गार्डेन में 18 जून को बर्गर किंग आउटलेट में हुई हत्या मामले के आरोपित विजेंदर उर्फ गोगी को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली पुलिस ने गोगी को कोर्ट में पेश कर हिरासत की मांग की थी, जिसके बाद कोर्ट ने सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक गोगी दो



शूटरों को अपने वाहन पर लेकर राजौरी गार्डेन में बर्गर किंग के आउटलेट पर आया था। शूटरों ने 18 जून को बर्गर किंग के अंदर एक महिला के साथ बैठे हरियाणा निवासी अमन जून की गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी थी। मृतक को 38 गोलियां लगी थीं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक अमन जून की हत्या जेल में बंद गैंगस्टर नीरज बवाना और अशोक प्रधान के बीच गैंगवार का नतीजा थी। इस मामले में अमन जून के साथ आई महिला अन्नू और दो हमलावर अभी भी फरार हैं। अन्नू और विजेंदर को गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का करीबी माना जाता है। विजेंदर हरियाणा के झज्जर का रहने वाला है। हत्या के बाद 20 जून को सोशल मीडिया पर 14 सेकंड का वीडियो लीक हुआ था। इस वीडियो में शूटर अमन को गोली मारते हुए दिख रहे हैं। वीडियो में इस घटना के बाद अन्नू को रेस्टोरेंट से बाहर निकलते देखा गया है। वीडियो लीक होने के मामले में एक सब-इंस्पेक्टर और एक हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है।

### एयरपोर्ट दुर्घटना में मृतक परिजनों को 20 लाख व घायलों को 3 लाख का मुआवजा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) टर्मिनल दुर्घटना के शिकार हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 20 लाख और घायलों के लिए 3 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की। शुक्रवार सुबह टर्मिनल पर यह हादसा हुआ और मंत्री घटनास्थल का मुआयना करने पहुंचे थे। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु घटनास्थल पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के चलते एयरपोर्ट का बाहरी हिस्सा ढह गया। इसका निर्माण 2009 में हुआ था। उन्होंने कहा कि हम इस दुखद घटना के शिकार हुए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। घायलों की देखभाल की जा रही है।

दुर्घटना के दौरान अग्नि सुरक्षा टीम और सीआईएसएफ, एनडीआरएफ की टीमें भी मौजूद थीं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फिलहाल टर्मिनल बिल्डिंग के बाकी हिस्सों में स्थिति नियंत्रण में है।

## एयरपोर्ट टर्मिनल-1 हादसा, 1 की मौत

**दर्दनाक हादसा**

**3 गाड़ियां चपेट में, 1 व्यक्ति की मौत, 7 घायल, इंडिगो और स्पाइस जेट की उड़ान निरस्त**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पालम स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल -1 पर आज तड़के बड़ा हादसा हो गया। छत का ऊपरी हिस्सा अचानक गिरने से मलबे में तीन गाड़ियां दब गईं। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि सात अन्य घायल हो गए। इन्हें फौरन अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर दमकल विभाग की चार गाड़ियां और पुलिस की टीम पहुंची।



दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया ने बताया कि मलबे में आठ लोग दबे थे। उन्हें निकालकर मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इसमें एक की मौत हो गई। सात घायलों का इलाज चल रहा है। इंडिगो और स्पाइस जेट ने एक्स पर यात्रियों को अपडेट किया है कि टर्मिनल -1 क्षतिग्रस्त होने के कारण दिल्ली में उड़ान निरस्त हो गई है, क्योंकि यात्री टर्मिनल में प्रवेश नहीं कर पा रहे । दोनों कंपनियों ने कहा है कि टर्मिनल के अंदर पहले से ही मौजूद यात्री अपनी उड़ानों में सवार हो सकेंगे। दिन में बाद की उड़ान वाले यात्रियों का नंबर आयेगा। यात्रियों को सलाह दी गई है कि हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति को जान लें। इसके लिए कंपनियों ने सहायता नंबर भी जारी किया है।

# अमित शाह के भव्य स्वागत के लिए पंचकूला तैयार

## पंचकूला में होने वाली विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला:** भारतीय जनता पार्टी की 29 जून को पंचकूला में होने वाली विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे, इसलिए सुरक्षा व व्यवस्था को भी चाक चौबंद कर दिया गया है। शुक्रवार को प्रदेश महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, सुरेंद्र पूनिया, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा समेत तमाम बड़े नेताओं ने भी बैठक की तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर संगठन मंत्री ने पदाधिकारियों और कार्यकताओं को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ-साथ मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान, सह चुनाव प्रभारी बिप्लब कुमार देब, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल समेत तमाम बड़े नेता शामिल होंगे।



माता मनसा देवी के पवित्र शहर पंचकूला में केंद्रीय गृहमंत्री के आने को लेकर भाजपा ने जबरदस्त तैयारियां की है। पूरे शहर को होर्डिंग, बैनर, झण्डे लगाकर सजा दिया गया है। श्री शाह का स्वागत भव्य हो इसके लिए भाजपा ने स्वागत द्वार लगाए हैं। यहां आने पर किसी भी कार्यकर्ता को कोई परेशानी ना हो इसका भी पूरा ख्याल रखा गया है। भाजपा ने अस्थायी चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर ही कार्यकर्ताओं में काफी जोश और उत्साह है। उन्होंने कहा कि विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक के साथ ही विधानसभा चुनाव का आगाज हो जाएगा। शनिवार को ताउ देवीलाल खेल स्टेडियम के मल्टीपपर्ज हॉल में होने वाली बैठक तीसरी बार भाजपा सरकार की नींव रखने में कारगर साबित होगी।

विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक के बारे में जानकारी देते हुए श्री सैनी ने कहा कि यह बैठक दो सत्रों में होगी। बैठक में करीब 4500 कार्यकर्ता, पदाधिकारी और नेता शामिल होंगे। पहले सत्र की बैठक 11 से 1 बजे तक होगी जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, समेत कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी कार्यकर्ताओं में नई उर्जा का संचार करेंगे साथ ही विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा होगी।

### कार्यकारिणी बैठक की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने ली भाजपा पदाधिकारियों की बैठक

**भाजपा** की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी पार्टी कार्यालय पंचकमल में पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सीएम नायब सैनी, संगठनमंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने पदाधिकारियों से विस्तारित कार्यकारिणी बैठक की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। पदाधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री को बैठक की तैयारियों के बारे में विस्तृत रूप बताया और कहा कि बैठक की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के स्वागत के लिए कार्यकर्ता तैयार हैं। लंबी चर्चा के बाद मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, प्रदेश महामंत्री भी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने खूब झूठ फैलाया है। कांग्रेस के झूठ और लालच की राजनीति की पोल पट्टी जनता के सामने खुल भी चुकी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के लोग फिर कोई नए झूठ और फरेब के साथ चुनाव के मैदान में आकर मतदाताओं को भ्रमित करने का प्रयास करेंगे। कांग्रेस का झूठ अब ज्यादा ना चल पाए इसके लिए हम सभी को प्रखरता से और मजबूती से काम करना होगा।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि जनता भाजपा सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं से खुश है। जनता ने इस बार कांग्रेस का पूरी तरह से सुपड़ा साफ करने का मन बनाया हुआ है, लेकिन हम सभी कार्यकर्ताओं को भी कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है, इसलिए घर-घर जाकर कांग्रेस के झूठ और लालच देने वाली नीतियों की पोल खोलने का समय है।

# ऑटो चालकों तथा ई-रिक्शा चालकों के बीच हुई तनातनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में प्रतिदिन हजारों यात्री एवं श्रद्धालु पहुंचते हैं। बाहर से आने वाले यात्रियों एवं श्रद्धालुओं के ऑटो रिक्शा एवं ई रिक्शा परिवहन के लिए प्रमुख साधन है। पिछले काफी समय से कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर तथा अन्य तीर्थों पर सवारियों को लेकर ऑटो चालकों तथा ई-रिक्शा चालकों के बीच तनातनी रहती है। कुरुक्षेत्र के ई-रिक्शा चालकों ने सवारियों को लेकर ऑटो चालकों द्वारा मनमानी करने एवं लड़ाई झगड़े करने के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ऑटो चालकों के कारण ई-रिक्शा चालकों का धंधा भी खराब हो रहा है। शुक्रवार को ई रिक्शा चालक कुरुक्षेत्र के सेक्टर तीन स्थित सीएम आवास पर पहुंचे। प्रदर्शनकारी ई रिक्शा प्रधान राजेंद्र सिंह सिंगला तथा अन्य रिक्शा चालकों ने कहा कि ब्रह्मसरोवर पर ई रिक्शा चलाने में हमें परेशानी आ रही है। ऑटो चालकों के साथ गत वर्ष समझौता हुआ था लेकिन उसके बावजूद जबरदस्ती ई-रिक्शा चालकों की सवारी को उतार लेते हैं। गत 17 जून 2023 को आर.टी.ओ. मैडम के समक्ष समझौता होने के बावजूद भी वह ऑटो रिक्शा चालक सहमत नहीं है और जबरदस्ती सवारी उतार लेते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर जताया रोष



**पानीपत/कमाल हुसैन** भलोर गांव में बिजली कर्मियों के साथ हुई मारपीट की शिकायत पर बापौली थाना पुलिस द्वारा सही धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज न करने और जानबूझकर मामले में लीपा पोती किए जाने को लेकर बिजली कर्मचारियों ने बापौली सबडिवीजन कार्यालय पर रोज प्रकट करते हुए प्रदर्शन किया प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान नरेंद्र रावल ने की जबकि मंच का संचालन सचिव अजय मलिक ने किया रोज प्रदर्शन से पहले हुई मीटिंग को संभावित करते हुए राज्य प्रधान राधा कृष्ण वी यूनिट सचिव दयानंद ने बताया कि सब डिवीजन की तरफ से दी गई शिकायत के अनुसार पुलिस द्वारा कार्रवाई न करके अपनी मनमर्जी अनुसार बराई लगाकर मुकदमा दर्ज किया गया है जिससे झगड़ा करने वालों के हौसले बुलंद है और उनके खिलाफ दी गई शिकायत को पुलिस ने कमजोर करने का प्रयास किया है इससे बिजली कर्मियों में प्रशासन के खिलाफ रोज व्याप्त है इस दौरान उन्होंने पत्थर के माध्यम से सब डिवीजन एसडीओ बापौली को लिखा कि अगर 1 जुलाई तक सही धाराओं के तहत मामला दर्ज कर सभी दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की जाती तो 2 जुलाई से सब डिवीजन पर लगातार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा इस दौरान राज्य प्रेस सचिव सोमपाल रावल, सर्कल सचिव तेजवीर, कैशियर अमित रावल, गगन, अन्य कर्मचारी नेताओं ने भी संबोधित किया ! गौरतललब है कि 25 मई को बिजली वितरण निगम के जेई तारीफ ने बताया था कि विभाग की सब डिविजन कार्यालय बापौली में भलौर गांव निवासी नरेश पुत्र रामभज अवैध रूप से घरेलू मीटर की बिजली को दुसरे प्लांट में ले जाने की गुप्त शिकायत मिली थी। शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए एरिया इंचार्ज जेई जयनारायण,जेई तारीफ,एएफएम संजय,लाईनमैन अजय मलिक,प्रीतम,आशीष मोहित आदि टीम सदस्य भलौर गांव में एक घर जांच करने के लिए गए थे। जैसे ही वो जांच करने के लिए पहुचें तो कुछ लोगों ने महिलाओं सहित जेई जयनारायण, जे. इ. तारीफ ,लाईनमैन अजय मलिक और अन्य बिजलीकमीर्यों के साथ मारपीट शुरू कर दी और सरकारी रिकार्ड को भी फाड दिया था।

### फाइंडिंग टीम ने जेपी नड्डा को सौंपी रिपोर्ट

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में हुई राजनीतिक हिंसा की जांच के लिए बनाई गई समिति ने शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को रिपोर्ट सौंप दी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में टीएमसी के सत्ता पोषित गुंडों और प्रशासन के राजनीतिकरण का हवाला दिया गया है। रिपोर्ट में कहा है कि पश्चिम बंगाल में आमजन जीना मुश्किल हो गया है। त्रिपुरा के पूर्व सीएम एवं सांसद बिप्लब कुमार देब की अगुवाई में गठित की गई टीम में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृजलाल और सांसद कविता पाटीदार शामिल रहे। पश्चिम बंगाल से लौटने के बाद बिप्लब कुमार देब, रविशंकर प्रसाद आदि सभी समिति सदस्यों आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की तथा उनको पश्चिम बंगाल की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। श्री देब ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल को छोड़कर कहीं कोई दंगे नहीं हुए। पश्चिम बंगाल में टीएमसी के पोषित गुंडों में जमकर आतंक मचाया हुआ है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में हुई क्रूरता पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके साथी दल मौन साधे हुए हैं जो कि अत्यंत निदंनीय है।

# नवनियुक्त सीएम के ओएसडी संजय बठला का किया अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि रहे संजय बठला को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का ओएसडी नियुक्त किए जाने पर कार्यकताओं ने खुशी जताई है। शुक्रवार को पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्घी व भाजपा रामनगर मंडल के पूर्व महामंत्री प्रमोद नागपाल ने संजय बठला के निवास स्थान पर पहुंचकर सीएम का ओएसडी बनने पर अभिनंदन करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इससे पहले संजय बठला पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे थे। अब उन्हें सीएम के ओएसडी के रूप में जिम्मेदारी मिली है, जिससे करनाल के लोगों में खुशी है। उन्होंने कहा कि संजय बठला मिलनसार और ईमानदार व्यक्तित्व के धनी हैं और वे करनाल के लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर हल करवाएंगे और इस जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। संजय बठला की नियुक्ति के लिए राजेश अग्घी व प्रमोद नागपाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया।

# ज्ञानचंद गुप्ता ने की पीएम मोदी से विशेष मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने शुक्रवार को नई दिल्ली पहुंच प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के परिणाम और हरियाणा में होने वाले विधान सभा चुनाव को लेकर व्यापक चर्चा हुई। इससे पूर्व विस अध्यक्ष ने मोदी को तीसरी बार प्रधान मंत्री बनने पर बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने बताया कि वे प्रधान मंत्री के बुलावे पर नई दिल्ली गए थे। इस दौरान हरियाणा के परिप्रेक्ष्य में लोक सभा चुनाव परिणामों पर बातचीत हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री ने हरियाणा वासियों की कुशल क्षेम पूछी और विधान सभा के विधायी कामकाज के बारे में भी जानकारी ली। विधान सभा अध्यक्ष ने प्रधान मंत्री से हरियाणा में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी भी सांझा की। मुलाकात के दौरान हरियाणा में होने वाले विधान सभा चुनाव को लेकर व्यापक विमर्श हुआ। गुप्ता ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से लोग काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि मैरिट के आधार पर नौकरियां सुनिश्चित होने से युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। इससे युवाओं में मेहनत करने की प्रवृति प्रबल हुई है। यह सब समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए जरूरी है। गुप्ता ने कहा कि कारोबारी अब हरियाणा को अपने लिए सबसे अनुकूल प्रदेश मानते हैं।



फोटो कैप्शनः
नई दिल्ली में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करते हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता।

# भाजपा सुशासन विभाग के जिला प्रमुख व सह प्रमुखों की नियुक्ति

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** भाजपा सुशासन विभाग के प्रदेश प्रमुख गोविंद भारद्वाज ने प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों से सलाह कर प्रदेश में भाजपा सुशासन विभाग के जिला प्रमुख एवं जिला सह प्रमुखों की नियुक्ति की है। श्री भारद्वाज ने गुरुग्राम से मनीष गाडौली और पलवल से नितिन गोयल को प्रदेश सह प्रमुख नियुक्त किया है। इस बाबत श्री भारद्वाज ने अधिकारिक पत्र भी जारी किया है। गोविंद भारद्वाज ने गिरीश पुरी को



यमुनानगर जिला प्रमुख और देशराज मंगल को सह प्रमुख बनाया है। इसी तरह से रामपाल छापरा को अंबाला जिला प्रमुख व कृष्ण आनंद को सह प्रमुख, रामधारी शर्मा को कुरूक्षेत्र जिला प्रमुख, भीम सैनी को करनाल जिला प्रमुख व सुभाष कोच को सह प्रमुख, प्रीतम गुर्जर को पानीपत जिला प्रमुख व नरेंद्र शर्मा, प्रदीप चौहान को सह प्रमुख, आनंद हुड्डा को सोनीपत जिला प्रमुख व मुकेश सैनी, अभिजीत राठौड़ को सह प्रमुख बनाया है, चेतना अरोड़ को रोहतक जिला प्रमुख व मनीष कुमार को सह प्रमुख, झज्जर जिला प्रमुख राजकुमार सैनी, सह प्रमुख राजेश कुमार को बनाया है। फरीदाबाद जिला प्रमुख ओम प्रकाश रक्षवाल, सह प्रमुख जोगेंद्र चावला को नियुक्त किया है।

## बिजली शिकायतों के निपटारे के लिए बैठक 2 जुलाई को

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए माननीय अध्यक्ष, उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल, विद्युत सदन, सैक्टर 12 करनाल के कॉन्फ्रेंस हॉल में 2 जुलाई को प्रातः 11 बजे बैठक का आयोजन करेंगे। इसमें बिजली संबंधी वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, को फोरम के समक्ष रखा जा सकता है।

# गोवा नेशनल्स में पानीपत के तीरंदाज सितांशु शर्मा ने जीता स्वर्ण



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**गोवा** में 24/ जून /2024 से 28/ जून /2024 आल इंडिया नेशनल लेवल तीरंदाजी चैंपियनशिप 2024 का आयोजन हुआ जिसमे भारत के सभी राज्यों के तिरंदाजो ने भाग लियो जिसमे पानीपत जिले के एनवी तीरंदाजी अकादमी के तीरंदाजों ने एक बार फिर राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, गोवा नेशनल्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा दी है। अकादमी के प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए विभिन्न श्रेणियों में बेहतरीन परिणाम हासिल किए। सीनियर कंपाउंड राउंड में सीतांशु ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि कार्तिक ने रजत पदक पर अपना कब्जा किया । वही दूसरी और सीतांशु, कार्तिक, प्रियांशु और अहान की हरियाणा सीनियर टीम ने पंजाब की टीम को हराकर पहला स्थान हासिल किया। अंडर 19 रिकर्व श्रेणी में राहुल ने रजत पदक हासिल किया, जो उनकी कड़ी मेहनत और सटीकता को दशार्ता है।

**प्रतिभा**

**तीरंदाजी अकादमी के तीरंदाजों ने एक बार फिर राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया**

अंडर 14 श्रेणी में, प्रीक्षित ने तमिल नाडू के तिरनादाज को पछाड़ते हुए इंडियन राउंड में कांस्य पदक जीता, तथा पानीपत के वंश और हार्दिक की हरियाणा टीम ने कंपाउंड राउंड में पहला स्थान हासिल किया। कुल मिलाकर, पानीपत के एनवी तीरंदाजी अकादमी के तीरंदाजों ने कुल 10 पदक जीते, जो एक बड़ी उपलब्धि है इस मोके पर सिताशु के पिता सुशिल कुमार व उनकी माता पिंकी भावुक हो गये और कहा यह हमारे लिए भोत गर्व की बात है की हमारे बेटे ने न केवल पानीपत जिले का बल्कि पुरे हरियाणा राज्य का नाम रोशन किया है और उन्होंने पानीपत जिला तीरंदाजी कोच नागेश्वर वशिष्ठ का भी आभार व्यक्त किया।

# कस्टोडियन लैंड पर बसी तीन कॉलोनियों के 30 हजार लोगों को राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
नगर निगम क्षेत्र में कस्टोडियन लैंड पर बसी तीन कॉलोनियों के करीब 30 हजार लोगों को सरकार से राहत मिल सकती है। सरकार इन कॉलोनियों के लोगों के मकानों की पूर्व में मॉडल टाउन में निर्धारित किए गए 250 रुपये प्रति वर्ग गज के रेट पर ही रजिस्टरी करवा सकती है। इस मुद्दे को लेकर वीरवार को शहरी विधायक प्रमोद विज, निवर्तमान पार्षद अशोक कटारिया और निवर्तमान पार्षद कोमल सैनी के ससुर एवं पूर्व पार्षद रामकुमार सैनी कुरुक्षेत्र में निकाय मंत्री सुभाष सुधा से मिले। मुलाकात



में निकाय मंत्री ने शहर के जनप्रतिनिधियों की ओर से की गई शहरवासियों की मांग को सुना और सकारात्मक आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि वे इन कॉलोनियों के पूरे रिकॉर्ड को निकलवा कर इस पर अधिकारियों से चर्चा करेंगे और जल्दी ही फैसला भी लेंगे।

विधायक विज ने बातचीत में कहा कि ये तीनों कॉलोनियों अब वार्ड 07 और 11 में हैं। जो एससी-बीसी वार्ड की कॉलोनियां हैं। यहां पर करीब 25 एकड़ जमीन में तीनों कॉलोनी कस्टोडियन लैंड पर करीब 40 से 50 साल पहले बस चुकी हैं। इनमें वार्ड फिलहाल सात राजीव कॉलोनी और वार्ड 11 की सैनी कॉलोनी, चावला कॉलोनी है। जिनकी आबादी करीब 30 हजार है। सरकार ने नियम बनाया था कि कस्टोडियन लैंड की जमीन पर बसे लोग अपनी जमीन की कलेक्टर रेट के हिसाब से रजिस्टरी करवा सकते हैं।

यहां का कलेक्टर रेट 6500 रुपये प्रति वर्ग गज के करीब है। जबकि मॉडल टाउन की संपत्तियों की रजिस्टरी 250 रुपये गज में हो गई थी। इसी आधार पर 2001 में यहां के लोगों ने रजिस्टरी के लिए फाइल जमा कराई थी।

# धान की सीधी बिजाई पर शिविर का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
गांव सिवाह में सेवा सिंह खंड कृषि अधिकारी पानीपत की अध्यक्षता में धान की सीधी बिजाई पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया शिविर में लगभग 70 से 80 लोगों ने भाग लिया। शिविर में डॉ सेवा सिंह ने किसानो को धान की पारम्परिक विधि को छोड़कर सीधी बिजाई से धान उगाकर ज्यादा पैदावार लेने 4000 पैसे प्रोत्साहन राशि लेने व समय की बचत करने बारे विस्तार से चर्चा की। उन्होंने किसानो की सीधी बिजाई मशीन की खरीद पर विभाग द्वारा 25000 अनुदान देने की भी जानकारी दी गई।



डॉ राधे श्याम, विषय विशेषज्ञ ने किसानों बिजाई की दोनों विधियों, बत्तर व सूखा विधि के बारे में, खार की मात्रा व खरपतवार नियत्रंण के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। सिविर में किसानों ने धान की सीधी बिजाई तकनीक अपनाने की उत्सुकता दिखाई व मौका पर पोर्टल पर पंजीकरण भी कराए शिविर में किसानों को अध्ययन सामग्री व जलपान भी उपलब्ध कराया गया। उक्त शिविर में किसानो के लिए कृषि विभाग की कर्मचारी नेहा गर्ग, एटीएम ने उचित वयवस्था की थी। अंत में किसानो का शिविर में आने और अधिकारियों को ध्यान से सुनने के लिए धन्यवाद किया।

# हरियाणा में कानून का राज खत्म होकर जंगल राज स्थापित हुआः डॉ. सुशील गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद/चंडीगढ़: आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर हरियाणा में फैले जंगल राज को लेकर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कानून का राज खत्म होकर जंगल राज स्थापित हो गया है। सरेआम गोलियां चलाने की वीडियो सामने आ रहे हैं। हरियाणा फिरौती बाजों का सुरक्षित ठिकाना बन चुका है। हर रोज पूरे हरियाणा से गोलियां चलाकर व्यापारियों से फिरौती मांगने और पर्ची फेंकने की घटना सामने आ रही है। हरियाणा में भय का माहौल व्यापत हो चुका है। लोग परेशान हैं और हरियाणा छोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हिसार के ऑटो मार्केट में पिछले तीन दिनों से लगातार व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही है। 2 व्यापारियों से पांच

**सरकार को घेरा**

**प्रति दिन पूरे हरियाणा से गोली चलाकर व्यापारियों से फिरौती मांगने की घटना सामने आ रही**

करोड़ रुपए और दो व्यापारियों से दो-दो करोड़ रुपए की फिरौती मांगने की घटना सामने आई है। इससे पहले महिंद्रा शोरूम के बाहर करीब 30 राउंड फायर कर 5 करोड रुपए की फिरौती मांगने की घटना सामने आई। लेकिन पुलिस कोई संज्ञान नहीं ले रही। पूरे प्रदेश में जंगल राज बना हुआ है और मुख्यमंत्री नायब सिंह घोड़े बेचकर सो रहे हैं। इन सभी घटनाओं से पूरे



प्रदेश के व्यापारियों में दहशत पैदा हो गई है। पहली फिरौती की घटना के 72 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। उन्होंने कहा व्यापारी आरोप लगा रहे हैं के अपराधियों को पकड़ना तो दूर पुलिस एफआईआर दर्ज करने में भी कोताही बरत रही है। हरियाणा में पिछले तीन दिनों में 23 से ज्यादा व्यापारियों से फिरौती मांगी जा चुकी है, लेकिन पुलिस ने केवल एक ही एफआईआर दर्ज की है। इससे पहले गोहाना, सांपला, झज्जर, बहादुरगढ़ और कैथल में गोली चलाने की घटना सामने आई। कई जगह व्यापारी बाजार बंद कर रहे हैं और कई जगह शस्त्र लाइसेंस मांग रहे हैं। कुछ व्यापारी हरियाणा छोड़कर जा चुके हैं और कुछ जाने की तैयारी में हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का क्राइम सेंटर बन चुका है। एनसीआरबी का डाटा बताता है कि व्यापारी और महिलाएं के लिए हरियाणा देश में सबसे असुरक्षित प्रदेश बन चुका है। पिछ्ले 10 सालों में बीजेपी सरकार ने अपराध रोकने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। हर रोज जंगल राज की घटनाएं सामने आ रही हैं। जिससे साफ दिखता है कि हरियाणा सरकार अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। हरियाणा में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है और मुख्यमंत्री और गृहमंत्री ने मौन व्रत धारण कर लिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर की नाकामियों को बखूबी आगे बढ़ा रहे हैं। बीजेपी सरकार ने पुलिस आम आदमी पार्टी के नेताओं को नजरबंद करने में लगा रखी है तो पुलिस अपराध कैसे रोक? आम आदमी पार्टी बीजेपी सरकार को चेतावनी देती है कि लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को तुरंत प्रभाव से दुरुस्त करे।

## न्यूज फ्लैश

### एमएसएमई ग्रोथ इनसाइट वॉल्युम 2.0 के परिणाम प्रकाशित




**गुरुग्राम।** भारत सरकार के विकास एजेंडा के साझेदार के रूप में जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस ने विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर राष्ट्रव्यापी अध्ययन ह्यवी बिजनेस रैडी फॉर नेक्स्ट एमएसएमई ग्रोथ इनसाइट स्टडी (वॉल्युम 2.0 2024) के परिणाम जारी किए हैं। यह व्यापक अध्ययन 16 सेक्टरों- आईटी एवं आईटीईएस, फाइनैंशियल सर्विसेज, परिवहन, निर्माण, रीटेल, कृषि, मीडिया एवं एंटरटेनमेन्ट, मैनुफैक्चरिंग आदि में एमएमएसई की डिजिटल परिपक्वता पर रोशनी डालता है और बताता है कि वे किस तरह अपने संचालन में डिजिटलीकरण और टेक्नोलॉजी को अपना रहे हैं।
इसके अलावा वी बिजनेस ने बेहतर डिजिटल असेसमेन्ट टूल को हिंदी और अग्रेजी दोनों में लॉन्च किया हे, जो उनके समर्पित एमएसएमई प्रोग्राम रुरैडी फॉर नेक्स्ट का विस्तार है। यह मूल्यांकन तीन मुख्य पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित करता है- डिजिटल कस्टमर, डिजिटल वर्कस्पेस और डिजिटल बिजनेस। प्रतिक्रिया के आधार पर यह टूल यूजर विशिष्ट रिपोर्ट देता है, जिसमें बिजनेस के डिजिटल मच्योरिटी स्कोर, संबंधित डिजिटल प्रोडक्ट एवं सुझाव के लिए उद्योग जगत के अनुसार बेंचमार्क आदि बताए जाते हैं।
अध्ययन पर बात करते हुए अरविंद नेवातिया, चीफ एंटरप्राइज बिजनेस ऑफिसर, वोडाफोन आइडिया ने कहा, ह्यवी बिजनेस में हम भारत के विकास में एमएसएमई की भूमिका और अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को समझते हैं।

### एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड का आईपीओ 03 जुलाईको खुलेगा

**नोएडा ।** एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (कंपनी) बुधवार, 03 जुलाई, 2024 को इक्विटी शेयरों (ऑफर) का अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम खोलने का प्रस्ताव करती है। एंकर निवेशक बिडिंग/ऑफर की अवधि, बिडिंग/ऑफर खुलने की तिथि (मंगलवार, 02 जुलाई, 2024) से एक कार्य दिवस पहले है। बोली/ऑफर समापन तिथि शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024 को होगी। ऑफर का मूल्य बैंड रु960 प्रति इक्विटी शेयर से रु 008 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 14 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 14 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोलियां लगाई जा सकती हैं। एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (कंपनी) के रु10 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों (इक्विटी शेयर) की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश नकद रु प्रति इक्विटी शेयर (रु प्रति इक्विटी शेयर के शेयर प्रीमियम सहित) (ऑफर मूल्य) पर की जाएगी। कुल मिलाकर रु मिलियन तक (प्रस्ताव) जिसमें कंपनी द्वारा रु 10 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का एक नया निर्गम शामिल है, जो कुल मिलाकर रु 8,000 .00 मिलियन तक है। इसमें सतीश रमनलाल मेहता द्वारा रु मिलियन तक, रु 10 अंकित मूल्य वाले 11,428,839 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल, जो कुल मिलाकर रु मिलियन तक है, जिसमें रु 10 अंकित मूल्य वाले 420,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं, नमिता विकास थापर द्वारा रु 10 अंकित मूल्य के 1,268,600 इक्विटी शेयर कुल मिलाकर रु मिलियन तक, समित सतीश मेहता द्वारा 10 अंकित मूल्य के 10,000 इक्विटी शेयर कुल मिलाकर रु मिलियन तक और सुनील रजनीकांत मेहता द्वारा रु 10 अंकित मूल्य के 40,000 इक्विटी शेयर कुल मिलाकर रु मिलियन तक, बीसी इन्वेस्टमेंट क्ष्न लिमिटेडद्वारा रु 10 अंकित मूल्य के 7,234,085 इक्विटी शेयर कुल मिलाकर रु मिलियन तक, आरएचपी के अनुलग्नक ए के तहत निर्धारित प्रमोटर समूह विक्रय शेयरधारको द्वारा रु 10 प्रत्येक के मूल्य के कुल रु मिलियन तक के शेयर, अरुणकुमार पुरुषोत्तमलाल खन्ना द्वारा 10 प्रत्येक के अंकित मूल्य के 300,000 इक्विटी शेयर तक कुल रु मिलियन तक के शेयर, और आरएचपी के अनुलग्नक के तहत निर्धारित अन्य विक्रय शेयरधारकों अन्य विक्रय शेयरधारक, और प्रमोटर विक्रय शेयरधारकों, प्रमोटर समूह विक्रय शेयरधारकों, व्यक्तिगत विक्रय शेयरधारक और निवेशक विक्रय शेयरधारक के साथ सामूहिक रूप से, विक्रय शेयरधारक, और प्रत्येक व्यक्तिगत रूप से, एक विक्रय शेयरधारक के रूप में और इस तरह के प्रस्ताव द्वारा रु 10 प्रत्येक के अंकित मूल्य के 813,568 इक्विटी




# मानसी सैनी ने एनसीसी बी परीक्षा में ए ग्रेड हासिल किया

## एनसीसी की ए ग्रेड विजेता मानसी सैनी ने देशसेवा का उत्तम कार्य करने का लिया संकल्प : संगीता देवेंदर सैनी एमसी



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः शहर** के वार्ड 13, गांव कबीरपुर मे रहने वाली बाल कृष्ण सैनी व माता कविता सैनी कि सुपुत्री होनहार मानसी सैनी ने 12 हरियाणा एनसीसी बटालियन द्वारा घोषित एनसीसी बी प्रमाण पत्र कि परीक्षा में हिंदू कन्या महाविद्यालय की कैडेट ने शानदार प्रदर्शन करके ए ग्रेड सर्टिफिकेट प्राप्त किया ' एनसीसी कि ए ग्रेड विजेता मानसी सैनी ने कहा कि उसकी माता कविता सैनी व जिला सैनी सभा के पूर्व प्रधान पिता बाल कृष्ण सैनी और कॉलेज की प्राचार्य रचना गुप्ता व एनसीसी अधिकारी नीतू नसियर के सफल मार्गदर्शन के कारण उसे एनसीसी बी मे ए ग्रेड हासिल हो पाया है ' मानसी सैनी ने बताया कि उनके पिता हमेशा समाज सेवा का उत्कृष्ट कार्य करते रहते है जिसमे उन्होंने रक्तदान शिविरो का आयोजन, पौधरोपण अभियान, धार्मिक भंडारा व अनेको प्रकार से समाज सेवा के कार्यक्रमो को देख देख कर उसे महाविद्यालय मे एनसीसी से प्रेरणा लेकर देश सेवा व समाज सेवा करने कि प्रेरणा मिली' उसी प्रेरणा और जज्बे से के कारण उसे ये ए ग्रेड मिला है ' पिता बाल कृष्ण सैनी ने बताया कि एनसीसी मे बी प्रमाण पत्र की परीक्षा में मानसी सैनी ने ए ग्रेड प्राप्त करके परिवार के साथ साथ महाविद्यालय का भी नाम रोशन किया है यह हमारे लिए गर्व कि बात है' भारत सरकार से नेशनल अवार्डई दीपक कुमार ने भी मानसी बेटी को शुभकामनायें देते हुये कहा कि मानसी सैनी मे इसी प्रकार से समाज सेवा के उत्तम कार्य को करके देश सेवा का जूनून होना उन लोगो के लिए भी प्रेरणा है जो बेटियों को बोझ समझते है' लड़कियो को भी मानसी सैनी से आगे बढ़ने कि प्रेरणा लेनी चाहिए' नगर पार्षद संगीता देवेंदर सैनी ने भी मानसी सैनी को ए ग्रेड हासिल करने पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी ' संत कबीरदास समाज उत्थान सेवा समिति कबीरपुर के संस्थापक महासचिव सूरज कुमार ने भी मानसी सैनी को ए ग्रेड जितने पर मुबारकबाद दी ' दादा छुलाया सेवा समिति, महादेव शिव शक्ति सेवा समिति के पदाधिकारीयों ने भी मानसी व परिवार को मुबारकबाद दी।

# राजीव जैन ने डिस्पोजल स्टेशनों का दौरा किया




**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः गंदे पानी की निकासी** के लिए शहर में बनाये गए डिस्पोजल पर मोटरों के खराब होने, कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त ना होने तथा अतिरिक्त मोटरों की व्यवस्था सही ना होने के कारण जल भराव की समस्या उत्पन्न होती है, बार बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने शुक्रवार को पार्षद मुकेश सैनी के साथ आदर्श नगर, शिव कॉलोनी, चावला कॉलोनी, शम्भू दयाल, महलाना रोड तथा ओल्ड डी० सी० रोड पर स्थित डिस्पोजल स्टेशनों का दौरा किया तो पाया कि डिस्पोजल चलाने के लिए तैनात ठेकेदार आठ घंटे की ड्यूटी की बजाये 12 -12 घंटे की ड्यूटी लगाकर कर्मचारियों की तनख्वाह बचाने का काम कर रहा है जिससे सही समय पर डिस्पोजल चल नहीं पाते।

# बारिश सीजन में गंदे पानी व दूषित भोजन से बढ़ सकता है डायरिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः जिले में डायरिया फैलने** से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। विभाग की तरफ से डायरिया से बचने व जागरूक करने के लिए विभाग की तरफ से कैंपेन शुरू किया जायेगा। विभाग की तरफ से शुरू किए जा रहे कैंपेन को इस बार दो माह के लिए रखा गया है। पहले यह कैंपेन महज 15 दिन के लिए होता था। २२२२लेकिन इस बार यह कैंपेन दो महीने अर्थात जुलाई व अगस्त तक चलाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने जरूरी दवाओं की डिमांड भी कर दी है। ताकि किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़ा।

**हर हेल्थ सेंटर पर तीन दिन में तैयार हो जाएंगे ओआरटी सेंटर**

रेनी सीजन में लोगों को उल्टी व दस्त हो जाते हैं। जिसे शरीर में बेहद कमजोरी आ जाती है। यहीं नहीं छोटे बच्चों के लिए यह बेहद खतरनाक होता है। कई बार समय पर केयर न होने पर बच्चे की जान तक चली जाती है। ऐसे में लोगों की सुविधा के लिए तीन दिन के अंदर सभी हेल्थ सेंटर के अंदर ओआरटी सेंटर स्थापित कर दिए जाएंगे। इन सेंटर पर लोगों को निशुल्क में ओआरएस के पैकेट व जिंक की गोली मिलेंगी। डायरिया को रोकने के लिए विभाग की तरफ से जरूरी कदम उठाने का काम किया जा रही है। उल्टी व दस्त होने पर शरीर में आई कमजोरी से लोग चल भी नहीं पाते। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग नि शुल्क ओआरएस व जिंक की गोली देता है। जिससे शरीर में पानी की पूर्ति होती है ओर कमजोरी दूर होती है। स्वास्थ्य विभाग ने स्टॉप डायरिया अभियान के तहत डेढ़ लाख ओआरएस के पैकेट व 20 हजार जिंक की गोली मंगवाई है।

# सुधा ने निगम के 1 एक्सईएन और 1 जेई को किया सस्पेंड

## सभी विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश, आमजन के काम में लापरवाही न बरतें




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक अम्बाला शहर के पंचायत भवन में ली। इस दौरान उन्होंने नगर निगम की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम के एक्सईएन महेंद्र और जेई संजीव दलाल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने के आदेश जारी किए। इसके अतिरिक्त उन्होंने अन्य विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे आमजन के कार्यों के प्रति लापरवाही न बरतें अन्यथा सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने मंत्री बनने के बाद पहली बार अम्बाला में कष्ट निवारण समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कुल 15 शिकायतों को सुना और ज्यादातर के मौके पर समाधान किए। कुछ शिकायतों को समाधान के लिए अगली बैठक के लिए रखा। पहली शिकायत नगर निगम से जुड़ी थी, जिसमें दो पक्षों के झगड़े में उनकी बैठक बुलाकर समझौता करवाने के निर्देश दिए गए। दूसरी शिकायत पंचायत विभाग से जुड़ी थी, जिसमें नाजायज कब्जे का मामला था। उन्होंने इस नाजायज कब्जे को जल्द से जल्द तुड़वाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उपायुक्त डा0 शालीन, पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, भाजपा नेता रितेश गोयल, पूर्व जिला प्रधान जगमोहन लाल कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम अम्बाला छावनी सत्येन्द्र सिवाच, एसडीएम नारायणगढ़ यश जालुका, एसडीएम बराड़ा अश्वनी मलिक, नगराधीश विश्वजीत सिंह, नगर निगम संयुक्त आयुक्त अदिति, जिला महामंत्री कर्मचंद (गोल्डी सैणी), मंडल महामंत्री गुरविन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष साहिब सिंह मोहड़ी, जिला उपाध्यक्ष मदनलाल शर्मा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जसमेर राणा, अमरदीप सिंगला, हरीश मदान, सुशील गुप्ता, अशोक जैन, गौरव सैणी (सन्टी), चंद्रमोहन फौजी, रणधीर सैणी, मदन लाल शर्मा, जयपाल कौशल सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक सुरेंद्र पंवार ने बस स्टैंड का किया औचक निरीक्षण

**सोनीपतः विधायक सुरेंद्र पंवार** ने बस स्टैंड सोनीपत का औचक निरीक्षण किया। बस स्टैंड सोनीपत पर ड्रेन नम्बर-6 की वजह से जमा हुए गंदे पानी से यात्री परेशान नजर आए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही ड्रेन नम्बर-6 की वजह से जमा हुए गंदे पानी का समाधान करने का निर्देश दिया। यात्रियों ने बताया कि बस स्टैंड के बगल में ड्रेन नम्बर-6 को कवर करने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन कार्य को धीमी गति से किया जा रहा है। इसकी वजह से बस स्टैंड व आसपास की कालोनियों में गंदा पानी ओवर फ्लो होकर जमा होने लगा है।
पानी निकासी की पुख्ता व्यवस्था न होने की वजह से पानी कालोनी व बस स्टैंड में घुसने लगा है। इतना ही नहीं ड्रेन के कार्य की वजह से बस स्टैंड की दीवार भी ढह गई है, जिसकी वजह से समस्या और अधिक विकराल रून धारण कर गई है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने नगर निगम के अधिकारियों को कहा कि जल्द से जल्द बस स्टैंड के हिस्से वाले कार्य को पूरा करवाया जाए।

# मोदी के नेतृत्व में देश बना पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्थाः महीपाल ढांडा



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**विकास** पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा ने शुक्रवार को जिले के गांव राजा खेड़ी व कुटानी में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के सफल प्रयास से देश पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आने वाले समय में देश अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे स्थान पर होगा। राज्य सरकार की यह पहल लोगों में ऊर्जा का संचार कर रही है। यह पहला अवसर है जब प्रशासन लोगों के द्वार पर जाकर न केवल उनकी समस्याओं को पूछता है बल्कि निश्चित समय में उनका समाधान भी करता है। इस कार्यक्रम में जिन लोगों ने समस्याएं दी है उनका निस्तारण हर हाल में होगा। इसको लेकर वे गंभीर है , उनका चिंतन व मंथन सकारात्मक है। जिसके भविष्य में परिणाम सार्थक होंगे। विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि बिजली पानी उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। आमजन की समस्याओं को दूर करने को लेकर वे लगातार गांव -गांव जाकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे है। उनका उद्देश्य लोगों की सेवा करना व जरूरतमंद को वह सब कुछ उपलब्ध कराना है जिसको लेकर यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में उन्हें आपार सफलता मिल रही है। समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में पहुंचते है व समाधान होने पर ढेरों आशीर्वाद देकर उनका उत्साह बढ़ाते है। कार्यक्रम में जो समस्याएं मिल रही उनमें ज्यादातर समस्याएं बुढ़ापा पैंशन, फैमली आईडी, आधारकार्ड, अवैध अतिक्रमण व सौ-सौ गज के प्लाटों के संदर्भ में मिल रही है। विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि उनकी कथनी व करनी एक समान है।

**गुमशुदा की तलाश**


सुधा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **सुधा, पुत्रीः श्री किशन, पताः मकान नं. 8 बी-10, स्वास्तिक अपार्टमेन्ट, सेक्टर-15, रोहिणी, दिल्ली जोकि दिनांक 23.06.2024 को शाम 07.00 बजे से अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 42A दिनांक 25.06.2024** पुलिस थाना के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा लड़की की पहचान दी गई हैः
**नामः सुधा, उम्रः 19 वर्ष, कदः 5'3'', रंगः गेहुँआ, जिस्मः मजबूत, चेहराः ओवल, पहनावाः नीले रंग की टी-शर्ट और नीले रंग की जीन्स।**
अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।
वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई-मेलः cic@cbi.gov.in
फोनः 011-24368638/24368641, फैक्सः 011-24368639
थाना प्रभारी
पुलिस थाना के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली
फोनः 8750870327, 8800918190
DP/8261/RD/2024

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 19243075 | ए-9 ऑटो ब्रेक वाल्व विथ हैंडल | 91 नग | 22-07-24 |
| 02 | 19232080B | सेट ऑफ ओवर करंट रिले | 25 सेट | 22-07-24 |
| 03 | 07241024A | हाई कैपेसिटी थर्माप्लास्टिक पॉलिएस्टर इलास्टोमेर लोअर वॉशर | 38359 नग | 23-07-24 |
| 04 | 07240069 | ड्रा बफर गियर असेंबली | 139 नग | 24-07-24 |
| 05 | 15245120 | पार्सल स्कैनिंग मशीन | 06 नग | 29-07-24 |
| 06 | 16240028A | सिलिंडर लौ प्रेशर | 65 नग | 30-07-24 |
| 07 | 16240003 | निकल कैडमियम बैटरी स्टोरेज | 115 नग | 31-07-24 |
| 08 | 07231126A | ओवर हाउलिंग किट फॉर सी 3 डब्लू | 295 सेट | 05-08-24 |
| 09 | 19241205 | एल पी डिस्क वाल्व असेंबली कम्पलीट 100 एम एम | 247 नग | 02-09-24 |
| 10 | 19244024 | 1-1/4 इंच X 26 इंच होसे कपलिंग फॉर ब्रेक पाइप | 2375 नग | 07-10-24 |
| 11 | 01240045 | रेगुलेटिंग इक्विपमेंट (ए टी डी) - थ्री पुल्ली टाइप | 439 नग | 07-10-24 |

निविदा शर्तें -1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस स. 28/2024-2025 दिनांक 28.06.2024 1972/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | इंटरलॉकिंग ऑफ LC No. 42 खतौली ऑफ दिल्ली डिवीजन अंडर ADSTE/MUT | | |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹44,80,332.12 | धरोहर राशि (₹) | ₹89,600/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-सी, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | | |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 27.06.2024 / निविदा खुलने की दिनांक 19.07.2024 को 15:00 बजे तक। | | |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या नोटिस बोर्ड देखें, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | | |

निविदा सं.: 558-सिगनल-16-एम-टेंडर-1425 दिनांक: 27.06.2024 1946/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पहचान की अपील**



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** 60 साल, **कदः** 5'7'', **लिंगः** पुरूष, **रंगः** गेंहुआ, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, **बालः** काला और सफेद, **पहनावाः** काले रंग की पैंट, **बरामदी स्थलः** पावर हाउस के पास, डीडीयू अस्पताल, हरि नगर, दिल्ली।
मृतक के शव को पहचान के लिए डीडीयू अस्पताल, हरी नगर की मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है।
इस सम्बंध में **DD No. 67A U/s 174 CRPC दिनांकः 22.06.2024 पुलिस स्टेशनः हरी नगर, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।
थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः हरी नगर, दिल्ली
फोनः 8750871128, 9355785147
DP/8333/WD/2024

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष व्यक्ति **नामः अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, निवासीः अज्ञात** बंगला चौक, नेब सराय के सामने दोपहर 02:08 बजे पाया गया। इस संबंध में **डीडी नंबरः 72ए दिनांक 20.06.2024** के तहत **थाना नेब सराय, दिल्ली** में मामला दर्ज कराया गया है।
**शव का विवरण इस प्रकार हैः**
**नामः** अज्ञात, **लिंगः** पुरुष, **उम्रः** 50 वर्ष, **रंगः** सांवला, **ऊंचाईः** 5'6", **पहनावाः** नीले रंग की टी शर्ट और स्काई ब्लू जींस।
स्थानीय पुलिस द्वारा मृतक का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है। यदि किसी को मृतक के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।
थानाध्यक्ष
थाना नेब सराय, दिल्ली
फोन न. 7065569305
DP/8017/SD/2024

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | टीआरडी/जींद, टीआरडी/जेएचएल और टीआरडी/एमएसजेड के अधिकार क्षेत्र में ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता में सुधार के संबंध में विविध कार्य। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 47,68,470.48/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 95,400/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 08.07.2024 (10:30 बजे) से 22.07.2024 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 22.07.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 07041032 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 21-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक : 28.06.2024 1945/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | ओएचई/एमयूटी, ओएचई/एमडीएनआर, ओएचई/जेडीडब्ल्यू और टीआरडी/एसएमक्यूएल के अधिकार क्षेत्र में ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता में सुधार के संबंध में विविध कार्य। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 47,16,223.13/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 94,300/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 09.07.2024 (10.30 बजे) से 23.07.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 23.07.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 07041032 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या : 22-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक : 28.06.2024 1943/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**VIRTUALSOFT SYSTEMS LTD.**
Regd. Off. : S-101, Panchsheel Park, New Delhi-17
**NOTICE**

Notice is hereby given that the 1st EGM (Extra Ordinary General Meeting) financial year 2024-25 of the Company is scheduled to be held on 25th July, 2024, Thursday at 11.00 a.m. through Video Conference or Other Audio-Visual Means (OAVM). In compliance with general circular dated January, 13 2021 read with circulars dated April 8, 2020, April,13 2020 and May 5, 2020 and all other applicable laws and circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA), Government of India and Securities and Exchange Board of India (SEBI), to transact the businesses as set out in the Notice.
As per aforesaid circulars, the Notice of EGM along with the Notes has to be sent only by electronic mode to those Members whose E-mail Id are already registered with the Company/ Depositaries. The Company is also providing e-voting and remote e-voting facility to all its members similar to earlier practices.
If your email ID is already registered with the Company/ Depositary, Notice of EGM along with notes and login details for e-voting shall be sent to your registered email address. In case you have not registered your email ID with the Company/ Depositary, please follow below instructions to register your email ID registered your email ID with the Company/ Depositary, please follow below instructions to register your email ID

| | |
|---|---|
| Physical Holding | Send a request to Registrar and Share Transfer Agent of the Company, MAS Services Limited at info@masserv.com providing Folio number, Name of the shareholder, scanned copy of the share certificate (Front and Back), PAN (self-attested scanned copy of PAN Card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) for registering email address. |
| Demat Holding | Please contact your Depositary Participant (DP) and register your email address as per the process advised by DP. |

The Notice of EGM and notes will also be available on Company's website at http://virtsoft.com/and also on the Stock Exchanges websites at www.bseindia.comMembers attending the meeting through VC/ OAVM shall be counted for the purpose of Quorum under Section 103 of the Companies Act, 2013.

Place: New Delhi
Date: 28.06.2024
For VirtualSoft Systems Limited
Sd/-
(Mukta Ahuja)
Company Secretary& Compliance Officer

# संपादकीय

## मीडिया ट्रायल बनाम समानान्तर अदालती व्यवस्था

**नीट में ला**परवाही के आरोपों और इलेक्ट्रानिक मीडिया के बीच एक और खबर आयी। अपनी फटी ओएमआर सीट दिखाते हुए भावुक आरोप लगाने वाली छात्रा आयुषी पटेल की याचिका पर उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उसे फर्जी पाया। अदालत के सामने प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच के बाद यह पाया गया कि छात्रा ने फर्जी एप्लीकेशन नम्बर से एनटीए को मेल किया था। लखनऊ बेंच ने छात्रा के रवैये को अफसोसजनक बताते हुए याचिका को खारिज कर दिया और यह भी कहा कि एनटीए चाहे तो छात्रा के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई कर सकता है। इस तरह की परीक्षाओं में करोड़ों लोगों का भविष्य जुड़ा रहता है। राष्ट्रहित में यह जरूरी है कि उनके संचालन में पूरी शुचिता बरती जाए, किन्तु अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रानिक मीडिया जिस तरह से समानान्तर अदालती व्यवस्था खड़ी कर देती है, उससे ऐसे सामाजिक दबाव का सृजन होता है कि वह न्याय की प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाता है। बिना सुबूत और अदालती निर्णय के ही समाज की निगाह में लोगों को दोषी ठहरा देता है। कुछ समय बाद चाहे भले ही अदालत उन्हें निर्दोष ठहरा दे, किन्तु उनकी जो प्रतिष्ठा खो चुकी होती है, वह कभी भी वापस नहीं आती। बीते वर्षों में रिया-सुशांत, आरुषि-तलवार की हत्या और दिल्ली के जसलीन कौर-सर्वजीत कौर के मामले ऐसे कई उदाहरणों में से कुछ गिनाए जा सकते हैं, जब इलेक्ट्रानिक मीडिया ने अपनी टीआरपी के लिए लोगों को अपूर्णीय क्षति पहुंचायी है। रिया-सुशान्त के मामले में इलेक्ट्रानिक मीडिया ने रिया को कहीं का नहीं छोड़ा। खुद ही सुबूत इकट्ठा करके उसके ऊपर जादू-टोना से लेकर कई काल्पनिक आरोप लगाए। अदालत ने उन्हें नाकाफी और अविश्वसनीय माना, किन्तु रिया उससे अब तक नहीं उबर पायी और लांछन उनके साथ सदैव के लिए चस्पा हो गया। इसी तरह आरुषि हत्याकांड में इलेक्ट्रानिक मीडिया ने उसके मां-बाप को जीते जी मार डाला। बगैर किसी पुख्ता सुबूत और अदालती निर्णय के आरुषि की मौत के बाद उसके चरित्र पर जिस तरह छींटाकशी की गई, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक है। राजेश और नुपूर तलवार मीडिया के सामने गिड़गिड़ाते रहे कि उन्हें परेशान न किया जाए, किन्तु उनकी किसी ने एक नहीं सुनी और अपनी टीआरपी के लिए नित नई कहानियां तैयार करते रहे। नौ साल की यन्त्रणादायक कानूनी लड़ाई के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उन्हें बरी कर दिया, किन्तु इलेक्ट्रानिक मीडिया ने उन्हें समाज में रहने लायक नहीं छोड़ा। नीट से जुड़े मामले सर्वोच्च अदालत के सामने हैं। अदालत सभी पहलुओं पर गौर कर रही है, किन्तु इलेक्ट्रानिक मीडिया ने समान्तर अदालती व्यवस्था खड़ी कर ली है। उसमें उनके अभियोजक और गवाह हैं। निर्णय लेने की जिम्मेदारी उन्होंने खुद ले ली है। जानकारी की कमी या टीआरपी के दबाव में उन लोगों को भी दोषी ठहराया जा रहा है, जो केवल औपचारिक प्रमुख की भूमिका में है। मसलन एनटीए के अध्यक्ष का पद विश्वविद्यालयों के चांसलर की तरह होता है। नीति निर्माण या क्रियान्वयन में उसकी कोई भूमिका नहीं होती, किन्तु मीडिया बगैर सुबूत के ही उन्हें मुजरिम की तरह पेश कर रहा है। यह जब किसी विषय पर अदालत विचार कर रही हो तो इस तरह का मीडिया ट्रायल न्यायिक कार्यों में दखलंदाजी और अदालत की अवमानना है।

# चेहरे पर हंसी व मुस्कान लाना अच्छा और भलाई का कार्य

अशोक प्रवृद्ध

> "भारत की इसी वैचारिक स्वतंत्रता ने समाज को हंसी -मजाक का उपहार दिया है। ब्रह्म अर्थात परमात्मा के अतिरिक्त सभी जीव गुण और दोष के पुतले हैं। गुण और दोष का मिश्रण ही मनुष्य की विशेष पहचान है। मनुष्य आनंद की अनुभूति के लिए पैदा होता है। रोने-धोने, बिसूरने और निषेधात्मक भयादोहन करने वाली चिंताओं में बैचेन रह कर जिंदगी गुजारना मनुष्य जीवन का उद्देश्य कतई नहीं है। समाज में विषमताएं हैं, गरीबी है, आर्थिक द्वंद हैं, दुरुह समस्याएं हैं। इसके बावजूद प्रत्येक परिस्थिति में हंसते रहना और चुनौतियों का डट कर मुकबला करना भारतीय संस्कृति का मूल संदेश है। इसलिए भारतीय परंपरा में आये दिन त्यौहार मनाए जाने की परिपाटी है। इसके माध्यम से सारे गमों को भुलाकर आनंद की नदी में डुबकी लगाने का प्रयास किया जाता है"

**हंसना-हंसाना** अर्थात हंसी -मजाक एक बहुत ही अच्छा कार्य है। इससे स्वयं और दूसरों को भी खुश रखा जा सकता है।अस्वस्थ व्यक्तियों के लिए हंसी-मजाक को सबसे अच्छी दवा माना जाता है।अनेक शोधों के अनुसार हंसी -मजाक हमारे जीवन में कई तरह से हमारी मदद करती है। हंसी फेफड़ों और मांसपेशियों को लाभ पहुंचाती है।जिस तरह शरीर को चुस्त-दुरुस्त,स्वस्थ रखने के लिए अच्छा खान-पान व शारीरिक व्यायाम संबंधी गतिविधियां आवश्यक हैं, उसी तरह मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए हंसना और प्रसन्न रहना भी जरूरी है। हंसने से कई सारी बीमारियों का खतरा दूर होता है। खुलकर हंसने से शरीर में रक्त का संचालन बेहतर होता है, दिल स्वस्थ बना रहता है, शरीर में मेलाटोनिन नामक हार्मोन एक्टिव होता है, जिससे नींद अच्छी आती है। इससे त्वचा भी खूबसूरत और जवां बनी रहती है। किसी उदास, रोते हुए चेहरे पर मुस्कुराहट लाना बहुत अच्छा और भलाई का काम माना जाता है।हंसी-मजाक करने से मस्तिष्क अर्थात मूड अच्छा और आस-पास का माहौल खुशनुमा होता है। इसलिए दुनिया भर में 1 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय मजाक दिवस मनाया जाता है। यह दिन मुख्य रूप से चुटकुले सुनने और सुनाने के शौकीनों के लिए होता हैं, और इस दिन लोग चुटकुले सुनते व सुनाते हैं। इस दिन लोग अपने परिवार, दोस्तों व अन्य लोगों के साथ मजाक करते हैं। मजाक का अर्थ है -हंसी, ठट्ठा, दिल्लगी, ठिठोली। यह एक प्रवृत्ति होती है, जिसमें सबों की रुचि नहीं होती।मजाक के समानार्थक शब्द हैं- अभिहास, केलि, कौतुक, खिलवाड़, खेलवाड़, चुटकुला, चुहल, ठट्ठा, ठिठोली, तफरीह, दिल्लगी, निधुवन, परिहास, प्रहसन, मजाक, विनोद, विनोदोक्ति, हंसी, हंसी-मजाक, हास-परिहास, हास्य, हास्य-परिहास। हंसी- मजाक का यह चलन आदिकाल से ही मानव मन में रचा- बसा हुआ है। प्राचीन भारतीय सभ्यता- संस्कृति व जीवन दर्शन में भी हंसी-मजाक का मूल स्रोत विद्यमान है। भारतीय परंपरा में ब्रह्म अर्थात परमात्मा की अवधारणा कोसत चित के साथ ही आनंद का स्वरूप माना गया है। ब्रह्म आनंद के रूप में सभी प्राणियों में निवास करता है। ब्रह्म आनंद की अनुभूति जीवन का परम लक्ष्य माना जाता है। इसे ही ब्रह्मानंद प्राप्ति का नाम दिया गया है। वह रस, माधुर्य, लास्य का स्वरूप है।



इसीलिए ब्रह्म के माया के संपर्क से मूर्तरूप लेने पर उसकी लीलाओं में आनंद को ही प्रमुखता दी गई है। श्रीकृष्ण रास रचाते हैं, छल करते हैं, लीलाएं दिखते हैं। वृंदावन की कुंज गलियों में आनंद की रसधार बहा देते हैं। मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम भी होलिकोत्सव में रंग, गुलाल उड़ाते हैं और सावन में झूला झूलते हैं। उनकी मयार्दा में भी भक्त आनंद का अनुभव करते हैं।

वस्तुतः भारतीय संस्कृति में मृत्यु, भय और दुःख का कोई खास स्थान नहीं है। इन्हें अधिक महत्ता प्रदान नहीं की गई है। मृत्यु एक परिवर्तन का प्रतीक है। शरीर के साथ आत्मा नहीं मरती है, बल्कि वह एक चोला बदल कर दूसरा पहन लेती है। यही कारण है कि देश के कई भागों में शरीर का समय पूरा होने पर खुशी मनाए जाने का भी प्रचलन है। नाच-गाने के साथ, बड़े उमंग और उत्साह से पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार करने का यह भी एक कारण है कि जीवात्मा अब अपने स्वामी ब्रह्म से मिलने जा रही है। मिलन की इस पावन बेला मे दुःख, दर्द और शोक की जरूरत नहीं है।शिव, नटराज, भोले भण्डारी आदि सहस्त्रों नामों से संज्ञायित शंकर समाधि के साथ ही आनंद के भी प्रतीक माने गए हैं। वे नृत्य, गायन, व्याकरण, भाषा और इनसे संबंधित समस्त गतिविधियों के केन्द्र हैं, जिनसे प्राणी के मन में आनंद का सागर हिलोरें लेने लगता है। भारत में प्राचीनकाल से ही विष्णु व अन्य अवतारों की अवतरण दिवस व उनसे संबंधित तिथियां बड़े उत्साह और पूरी श्रद्धा के साथ मनाई जाती हैं। इन अवतारों की निधन तिथियों को कोई भूल कर भी स्मरण नहीं करना चाहता है। मान्यता है कि अवतारअपने प्रकट होने का उद्देश्य पूर्ण कर अपने मूल तत्व अर्थात ब्रह्म में लीन हो जाते हैं। भारतीय संस्कृति में ईश्वर से डरने की परंपरा नहीं हैं। मान्यता है कि ईश्वर कोई ऐसी शक्ति नहीं है, जिससे डरना जरूरी हो। वह प्राणियों में भय का संचार नहीं करता। वह हमारा आदि स्रोत है। हम उसके अंग हैं। वह जड़ चेतन में व्याप्त है। हम उसके साथ कोई भी संबंध कायम करने अर्थात रिश्ता बनाने के लिए स्वतंत्र हैं। भक्त अपने उपास्य से अनेक रूपों में प्रेम कर सकता है। उसका दास, सखा, सेवक यहां तक कि शत्रु और स्वामी भी बन सकता है। भारत की इसी वैचारिक स्वतंत्रता ने समाज को हंसी -मजाक का उपहार दिया है। ब्रह्म अर्थात परमात्मा के अतिरिक्त सभी जीव गुण और दोष के पुतले हैं। गुण और दोष का मिश्रण ही मनुष्य की विशेष पहचान है। मनुष्य आनंद की अनुभूति के लिए पैदा होता है। रोने-धोने, बिसूरने और निषेधात्मक भयादोहन करने वाली चिंताओं में बैचेन रह कर जिंदगी गुजारना मनुष्य जीवन का उद्देश्य कतई नहीं है। समाज में विषमताएं हैं, गरीबी है, आर्थिक द्वंद हैं, दुरूह समस्याएं हैं। इसके बावजूद प्रत्येक परिस्थिति में हंसते रहना और चुनौतियों का डट कर मुकबला करना भारतीय संस्कृति का मूल संदेश है। इसलिए भारतीय परंपरा में आये दिन त्यौहार मनाए जाने की परिपाटी है। इसके माध्यम से सारे गमों को भुलाकर आनंद की नदी में डुबकी लगाने का प्रयास किया जाता है। यह बंधनों से मुक्त समाज का प्रतीक है। भक्त आराध्य देवताओं के साथ भी हंसी मजाक करने से बाज नहीं आते हैं। वर्तमान में दुखी अथवा परेशान लोगों का मूड बदलने के लिए भी हंसी-मजाक किया जाता है। हंसी-मजाक से आस-पास का माहौल तो खुशनुमा हो जाता है, लेकिन यह भी सच है कि कई बार हंसी -मजाक किसी को चिढ़ाने का भी कार्य करती है और इससे माहौल बिगड़ सकता है। ऐसे में सोच -समझकर मजाक करना चाहिए। हंसी-मजाक हमेशा एक सीमा में रहकर ही करना चाहिए, हदें पार नहीं करना चाहिए।बात-बात पर हंसी-मजाक करने से भी दूर रहना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने वालों को गंभीर व्यक्ति नहीं माना जाता है। कभी भी किसी की लाचारी का मजाक नहीं बनाना चाहिए। फिर भी घरमें किसी तरह के समारोह के आयोजन, मेहमानों के आगमन तथा भोजन के आपस में समय हंसी-मजाक कर, हंसने-गुदगुदाने वाली बातें कर आपसी तनाव व झिझक को दूर किया जा सकता है। मजाक-मस्ती और खींचातानी से शादी-ब्याह के अवसर कोस्मरणीयबनाया जा सकता है।वनभोज अथवा कहीं बाहर घूमने जाने के अवसर पर हंसी-मजाक करने से वहाँ का माहौल और ज्यादा खुशनुमा हो जाता है। इसलिए स्वयं के साथ ही दूसरों को भी इसमें शामिल कर चुटकुले, पुराने किस्से-कहानियों, मजाकिया कार्यों से हर किसी को मशगूल रखा जा सकता है। कुछ शोधों के अनुसार प्रेम अर्थात इश्क और हंसी- मजाक का अन्योन्याश्रय संबंध अर्थात चोली-दामन का साथ है।संबंधों अर्थात रिश्ते में मजाकिया लहजा अपनाने से उसी मात्रा मेंप्यार परवान चढ़ता जाता है, टूट और टकराव की आशंका भी उतनी ही कम होती जाती है।रिश्ते में हंसी-मजाक ज्यादा होने का अर्थ है कि आपसीसामंजस्य मजबूत है और दो व्यक्तियों के बीच सबकुछ सही चल रहा है।सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिक केनेथ टैन 110 रोमांटिक जोड़ों पर अध्ययन करने के दौरान प्रतिदिन प्रतिभागियों से रिलेशनशिप सेटिस्फेक्शन और हंसी-मजाक से जुड़े आंकड़े इकट्ठे कर उनके अध्ययन से इस परिणाम तक पहुंचे कि जिस दिन रोमांटिक जोड़े एक-दूसरे के साथ ह्यूमरस अर्थात मजाकिया थे, उस दिन उन्होंने अपने रिलेशनशिप सेटिस्फेक्शन को भी उच्च स्तर पर बताया। जबकि गंभीर होते ही उनका रिलेशनशिप सेटिस्फेक्शन भी कम होता देखा गया।

# कविता

कब किताबों के पनों से
प्यार हो गया
पता ही न चला।

कब अल्फाजो का
लफ्जो से इकरार हो गया
पता ही न चला।

कब शब्दों को
मात्राओं से नूरी इश्क हो गया
पता ही न चला।

कब प्रकृति का
मानव से आलिंगन हो गया
पता ही न चला।

कब हिंदी की बिंदी ने
प्रेम की अनुभूति करवा दी
पता ही न चला।

डॉ.राजीव डोगरा

## प्रगती के नेपथ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण

संजीव

**भारत के कृ**षि, चिकित्सा,संचार और स्पेस अनुसंधान के वैज्ञानिकों ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वैज्ञानिक उन्नत पद्धति देश की आर्थिक विकास की आधारशिला है और चंद्रयान तीन की चंद्रमा पर पहुंचने की महान सफलता ने न सिर्फ स्पेस रिसर्च में विश्व में भारत को अग्रणी पंक्ति में प्रथम स्थान दिलाया है बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी महती योगदान दिया है।

सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी कुपोषण और साक्षरता बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब इंसान खेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करने को माना गया है। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए। इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता के हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है। जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है की यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निसंदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया, अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है।

# विचार

## कर्तव्यों के प्रति ईमानदारी आज की आवश्यकता

डा. मनमोहन प्रकाश

**हम सबको मा**लूम है अतीत से वर्तमान और वर्तमान से भविष्य उपजता है।अतीत हमें पूर्व में जो अच्छा हुआ है उस पर गर्व करने तथा जो गलत हुआ है उससे सीख लेने की सलाह देता है, जबकि वर्तमान हमें भविष्य की चिंता करते हुए, सोच-समझकर कर वर्तमान को सार्थक रुप से जीने की सलाह देता है। वर्तमान में जनसंख्या के आंकड़ों की दृष्टि से भारत एक युवा देश है अतः देश की प्रगति, उन्नति एवं विकास का दारोमदार भी युवाओं पर ही है। युवाओं को जहां अपने अधिकारों का जानना चाहिए और उन्हें प्राप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए वहीं अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहते हुए उनका पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से पालन करना चाहिए। किन्तु ऐसा होता देखा नहीं जाता अर्थात हम भारतीय अधिकारों की बात तो बहुत करते हैं, पर कर्तव्यों का पालन करना भूल जाते हैं।

आज युवाओं का सपना होना चाहिए - देश को समृद्ध, खुशहाल, विकसित, शक्तिशाली राष्ट्र बनते देखना और उसके लिए यथा शक्ति प्रयास करना। यह तभी संभव है जब हम सब मिलकर सभी धर्मों, सम्प्रदायों, जातियों, भाषाओं, लिंग, क्षेत्रों, संवैधानिक संस्थाओं, संस्कृति, परिवेशों, भौगोलिक संरचनाओं का सम्मान करें और उनके उत्थान और संरक्षण की बात करें, उसके लिए प्रयास करें।यह तभी संभव है जब भारतीय युवाओं एवं नागरिकों का ,तन-मन, स्वास्थ्य और परिवेश स्वस्थ रहे। इसके लिए जरूरी है पर्यावरणीय बदलावों को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण को दूषित होने से बचाएं, प्राकृतिक संसाधनों का मितव्ययिता से एवं विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करते हुए हरीतिमा संरक्षण एवं विस्तार के लिए संकल्पित हो।आज युवा पीढ़ी में सबसे ज्यादा जिस विचार की आवश्यकता है वह है परिवार, समाज, प्रदेश तथा देश के प्रति समर्पण और उनका सम्मान और विकास।यह तभी संभव है जब युवा स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति सजगता रखते हुए अनैतिक कार्यों से दूर रहें अर्थात अतिक्रमण, आतंकवाद, अलगाववाद,नक्सलवाद, चोरी-चपाटी, लूट-पाट, हिंसा, छेड़-छाड़, नशावृत्ति, जालसाजी, धोखाधड़ी, जमाखोरी, घूसखोरी आदि असंवैधानिक, अनैतिक गतिविधियों के साथ-साथ घृणा, द्वेष, अविश्वास, निंदा, नकारात्मक सोच-विचार आदि से दूर रहें।इन विचारों को पोषित करने के लिए आवश्यक है कि बच्चों को आरंभ से ही उनके माता-पिता, बन्धु बान्धवों, शिक्षकों द्वारा अच्छे संस्कार, संस्कृति, शिष्टाचार तथा नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जाय। अतः हम कह सकते हैं कि आज देश को ऐसे सक्रिय , समर्पित, भेदभाव एवं भ्रष्टाचार मुक्त तथा समाज सेवी, राष्ट्र प्रेमी, जिम्मेदार नागरिकों की आवश्यकता है जो देश की आन-बान-शान के लिए मर मिटने के लिए तैयार हों, देश के संविधान सम्मत नियम-कानूनों का आगे बढ़कर पालन करते हो तथा राष्ट्र की सम्प्रभुता की रक्षा के लिए समर्पित हों, जिनकी रगों में देश प्रेम दौड़ता हो और जिन्हें अपने देश की गौरवशाली गाथा, संस्कृति, संस्कार, परम्पराओं पर गर्व हो तथा सभी धर्मों के प्रति आदर भाव रखते हों ,जिन्हें सत्य, अहिंसा, न्याय, समानता और बन्धुत्व पर विश्वास हो तथा जिनमें आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद का विरोध करने का शक्ति हो तथा राष्ट्र विरोधी ताकतों से लड़ने का साहस हो। अंत में मैं यही कहना चाहता हूं कि भारत देश के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र की उन्नति, प्रगति, विकास के लिए कार्य करना चाहिए।

किन्तु यह भी ध्यान रखना चाहिए कि न तो अधिकारों का दूरपयोग हो और न ही कर्तव्यों की अवहेलना हो। कहने का मतलब स्पष्ट है कि यदि हमें संविधान द्वारा बोलने की, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, भाषा और विचार प्रगट करने की स्वतंत्रता है, धार्मिक स्वतंत्रता है,शोषण और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार है तो हमारा यह भी कर्तव्य बनता है कि हम झूठ फैलाने तथा गलत नरेटिव सेट करने से बचें, राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, संविधान,संवैधानिक संस्थाओं, संवैधानिक पदों का सम्मान करते हुए देश की एकता,अखंडता, समृद्धि के लिए समर्पित भाव से काम करें।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## समग्र कल्याण अपेक्षाओं के साथ संतुलित करना

विजय गर्ग

**इसके लि**ए यहां कुछ प्रभावी तकनीकें दी गई हैं आज के प्रतिस्पर्धी स्कूल माहौल में, माता-पिता को अक्सर अपने बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन को उनकी समग्र भलाई के साथ संतुलित करने की कठिन समस्या का सामना करना पड़ता है। शैक्षणिक रूप से सफल होने का दबाव तनावपूर्ण हो सकता है, और जबकि उच्च उम्मीदें बच्चों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित कर सकती हैं, उन्हें अपने मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत जरूरतों और भावनाओं पर विचार करते हुए इस नाजुक संतुलन को बनाए रखने के लिए यहां कुछ प्रभावी तकनीकें दी गई हैं। 1. दबाव को समझना भलाई और शैक्षणिक मांगों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए पहला कदम दबाव बिंदुओं की पहचान करना है। ये सहपाठियों, माता-पिता, स्कूलों या स्वयं बच्चों से उत्पन्न हो सकते हैं। माता-पिता अपने बच्चों के लिए सर्वश्रेष्ठ की आकांक्षा रखते हैं, उनका मानना ??है कि वे शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट होंगे, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्राप्त करेंगे और अंततः सफल करियर की शुरूआत करेंगे। लेकिन यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक बच्चा अपने विशेष कौशल, जुनून और तनाव सहनशीलता के साथ अलग होता है। 2. खुला और ईमानदार संचार खुले संचार का माहौल बनाने के लिए यह आवश्यक है। अपने बच्चे को स्कूल और उसके शैक्षणिक जीवन में आने वाली चुनौतियों के बारे में आपसे बात करने के लिए प्रोत्साहित करें। देखभाल और समझ रखते हुए बिना कोई निर्णय लिए सक्रिय रूप से सुनें। यह विधि उनके साथ आपके बंधन को बेहतर बनाती है और साथ ही उनके तनाव के स्तर को निर्धारित करने में भी आपकी मदद करती है। "आप अपने स्कूल के काम के बारे में कैसा महसूस कर रहे हैं?" या "क्या कोई विशेष बात है जो आपको तनावग्रस्त महसूस करा रही है?" उपयोग के लिए ओपन-एंडेड प्रश्नों के उदाहरण हैं। इस प्रकार के प्रश्न पूछकर, आप अपने बच्चे को अपनी चिंताओं के बारे में आपसे बात करने और उन्हें आवश्यक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।

## कमाल करते हो भाई

डॉ. सुरेश कुमार

**तलवे चा**टने वाली चप्पल जब बनाने वाले की कीमत पर बिकती हो और देश भर का पेट भरने वाला किसान अपना उगाया अनाज किसी और के द्वारा तय की गई कीमत पर बेचता हो, तब वह देश स्टैंडप कॉमेडी करने वालों के लिए स्वर्गधाम कहलाता है। अब ऐसे स्वर्गधाम को छोड़कर नर्क भला कौन जाना चाहेगा। यहाँ तक कि सुबह-सुबह टी.वी. चैनलों में लोगों को लुभाने के लिए अस्सी का पेट्रोल मात्र चालीस में बेचने वाले काने बाबा शुद्ध राजनीति के बीच कभी-कभी भूल से अच्छी बातें भी कह देते हैं। मसलन आत्महत्या करने वाले सीधे नर्क में जाते हैं। अब बाबा जी को कौन बताए कि बढ़ती महंगाई, लूटखोरी, बेरोजगारी, गरीबी और लाचारी के बीच थोड़ा-बहुत नमक-मिर्च खाने वाले को तो गुस्सा आएगा ही। ऐसे में मात्र चुनाव कराने और जीतने वाली सरकार को किसान गुस्से में कुछ कह देते होंगे। अब इतना बड़ा पाप करने वाला भला स्वर्ग कैसे जा सकता है? इस पाप के लिए उसे नर्क की सजा नहीं तो ताजपोशी होगी। हाँ, जहाँ तक स्वर्ग और नर्क के बीच में अटकने की बात है तो वह अधिकार मात्र हरिशंकर परसाई के पात्र भोलाराम के जीव को था। वही आखरी सरकारी बंदा था जिसे मरने के बाद पेंशन देने की बात हुई थी। अब न कोई नौकरी है और न पेंशन। जो कुछ भी है वह बस एक टेंशन है। जिसे हर कोई अपने साथ भर-भरकर रखता है। सुना है जब से भोलाराम के जीव की घटना घटी है तब से चैटर बॉक्स नारद धरती को अपनी यात्रा के ब्लैक लिस्ट में रखकर स्वर्ग में ही घूम रहे हैं। औरों का पेट भरकर खुद भूखा रहने वाला किसान मात्र पत्र-पत्रिकाओं, पुस्तकों में हल पकड़े ठीक लगता है। यथार्थ में वह केवल जहर की बोतल पकड़े उसके नाम पर रिलीज होने वाले करोड़ो-अरबों की आबंटित राशि खाने वाले मंतरी-संतरी और सरकार जैसे सत्तास्वादक के बीच आत्महत्या करने का अपना ही सुख है। एक बार इस अस्थाई दुनिया को छोड़ स्थाई नरक में जाकर खेती करने की चालाकी मन की बात सुनने से भी अधिक मजा देता है। भगवतगीता के संदेशों को पुस्तकों में छोड़कर आचरण में लाना आठवें अजूबे से कम नहीं है।

## न्यूज फ्लैश

### वी सैमसंग के साथ मिलकर 4 जी-5 जी रेडियो नेटवर्क डिप्लॉयमेन्ट के लिए सक्रिय

**गुरुग्राम।** जाना-माना टेलीकॉम ऑपरेटर वी नई टेक्नोलॉजी जैसे अपने 4 जी एवं 5 जी डिप्लॉयमेन्ट्स के लिए वर्चुअलाइज्ड रेडियो एक्सेस नेटवर्क (वी-रैन) समाधान हेतू सैमसंग के साथ बातचीत कर रहा है। वी के 4 जी फुटप्रिन्ट को बढ़ाने तथा 5 जी की शुरूआत करने के लिए वी और सैमसंग पिछले 12-18 महीनों से चेन्नई में नेटवर्क ट्रायल में सक्रिय हैं। ट्रायल से मिली शानदार प्रतिक्रिया और मौजूदा सप्लायर्स के बेहतरीन परफोर्मेन्स को देखते हुए वी ने कर्नाटक और बिहार सर्कल्स में सैमसंग डिप्लॉयमेन्ट्स का विस्तार किया है। इस सेटअप ने इन सर्कलों (चेन्नई, कर्नाटक और बिहार) में एनएसए वी-रैन आकीर्टेक्चर के साथ वी को 5 जी मिनिमम रोलआउट ऑब्लीगेशन (एमआरओ) को पूरा करने में सक्षम बनाया है। वी, वी-रैन समाधान के लिए सैमसंग के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार करने तथा रैन डोमेन में क्लाउड फायदों का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। पारम्परिक रैन डिप्लॉयमेन्ट्स एवं वी-रैन का अनूठा संयोजन, वी को नई तकनीकों एवं आकीर्टेक्चर से लाभान्वित कर बेहतर परफोर्मेन्स एवं उपभोक्ता के बेहतर अनुभव प्रदान करता है। इस अवसर पर जगबीर सिंह, चीफ टेकनिकल ऑफिसर, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने कहा, ह्यनेक्स्ट-जनरेशन रेडियो समाधानों (वी-रैन) में अपनी लीडरशिप का प्रदर्शन करते हुए हमें बेहद गर्व का अनुभव हो रहा है जो उपभोक्ताओं को बेहतर टीसीओ के साथ उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करते हैं।

सैमसंग के इनोवेशन और जॉइन्ट टेक्नोलॉजी सामरिक पहलों के माध्यम से किया गया यह वी रैन डिप्लॉयमेन्ट हमारी टेक्नोलॉजी रूपान्तरण योजनाओं एवं वेंडर सिस्टम के अनुरूप है। हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने में हाइब्रिड आकीर्टेक्चर की भूमिका महत्वपूर्ण होगी, जो रेडियो आकीर्टेक्चर को नया आयाम देगा। सैमसंग का वी-रैन समाधान वी को नेटवर्क प्रबन्धन के लिए बेहतर प्रत्यास्थता, पैमाना एवं संसाधन दक्षता प्रदान करेगा। यह पारम्परिक हार्डवेयर आधारित उपकरणों के समकक्ष गुणवत्ता, विश्वसनीयता एवं सशक्तता का प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट परफोर्मेन्स देगा। यह स्पैक्ट्रम एवं टेक्नोलॉजी (5 जी, 4 जी और 2 जी) की व्यापक रेंज को कवर करेगा।

### ऊर्जा संरक्षण में फाइव स्टार रेटिड बिजली उपकरण ला सकते हैं व्यापक बदलाव : विशेषज्ञ

**लुधियाना: प्रदेश में** उर्जा संरक्षण में प्रयासरत पंजाब एनर्जी डिपवलमेंट एजेंसी (पेडा) द्वारा चलाये जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान -स्टैंडर्ड एंड लेबलिंग प्रोग्राम के तहत शहर के निजी होटल में रिटेलर्स ट्रेनिंग प्रोगाम आयोजित किया गया जिसमें रिटेलर्स को फाईव स्टार रेटिड उपकरणों की बिक्री के लिये प्रेरित किया गया। इस वर्कशाप में जिले के 50 से इलेक्ट्रिकल उपकरणों से जुड़े रिटेलर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान रिन्यूएबल एनर्जी मेंबर्स एसोसिएशन के संस्थापक अभय महाजन, लुधियाना इलेक्ट्रिकल एसोसिएशन के सदस्य बलजीत सिंह, एसी मार्किट एसोसिएशन के सदस्य भूपिंदर सिंह और पेडा के जिला प्रबंधक राजदीप सिंह मुख्यातिथि के रुप में मौजूद रहे जबकि डीटूओ के ऐनर्जी मैनेजर डा एचके सिंह सहित तीन अन्य ऐनर्जी ट्रेनर्स ने स्टार रेटिड के जुड़े टेनिंग माडयूल्स को रिटेलरों से अवगत करवाया। डा सिंह ने बताया कि इलेक्ट्रिकल उपकरण जैसे एलईडी बल्ब, बीएलडीसी पंखे, फ्रिज आदि के फाईव स्टार रेटिड होने से काफी बिजली बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि ऐसे वर्कशाप के माध्यम से रिटेलर्स को प्रशिक्षित किया जाता है जिससे की वे फाइव स्टार रेटिड उत्पादों की बिक्री कर अपने ग्राहकों को भी आगे प्रेरित कर सके। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आधुनिकता के इस दौर में नित नई तकनीकों से बिजली की खपत पर कटौती की जा सकती है और रिटेलर्स वर्ग अपने आपको नवीनतम तकनीकों से अछूता न रखे। इस अवसर पर उन्होंने उर्जा दक्षता के लिये स्टेट और सेंट्रल गवर्नमेंट की स्कीमों पर भी गहनता से प्रकाश डाला और रिटेलर्स के शंकाओं को दूर किया। इस अवसर पर पेडा के जिला प्रबंधक राजदीप सिंह वर्कशाप की सफलता पर संतुष्टि व्यक्त की और उम्मीद जताई की रिटेलर्स जिले में बिजली खपत पर अंकुश लगाने में व्यापक बदलाव ला सकेंगें। जसप्रीत सिंह ने इस मौके पर पेडा द्वारा उर्जा संरक्षण की दिशा में शुरू की रियायती दरों की स्कीमों भी रिटेलरों को समझाई। जयपुर स्थित डी 2 ओ की टीम की अगुवाई कर रहे नलिन शर्मा और अनुपमा राज के प्रयासों ने वर्कशॉप को सफल अंजाम दिया और आयोजकों ने उम्मीद जताई की रिटेलर्स जिले में बिजली खपत पर अंकुश लगाने में व्यापक बदलाव ला सकेंगें। नलिन शर्मा ने उर्जा संरक्षण से जुडी एप्प और वैबसाईट पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।



# डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण हो शत प्रतिशत : अभिषेक मीणा

## वाहनों की आवश्यकता को करें पूरा, जोन इंचार्ज का बनाएं मासिक निरीक्षण प्लान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। स्वच्छता रैंकिंग** में करनाल को देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों में लाने के लक्ष्य को लेकर नगर निगम आयुक्त एक्शन मोड में काम कर रहे हैं। शुक्रवार को कलस्टर हैड एवं नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने इस विषय को लेकर करनाल कलस्टर की मासिक समीक्षा बैठक कर सुगम स्वच्छता एजेंसी व निगम अधिकारियों को निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि कूड़ा मुक्त शहर की रेटिंग को लेकर नगर निगम 3 स्टार पहले हासिल कर चुका है, अब 5 स्टार रेटिंग लेने का लक्ष्य रखा गया है। निर्देश दिए कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के सभी पैरामीटर्स पर बारिकी से काम किया जाए, कोई भी बिन्दू छूटना नहीं चाहिए।



बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, उप निगमायुक्त अशोक कुमार, एक्सईएन प्रियंका सैनी, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा तथा सेनीटेशन टीम के अधिकारियों के अतिरिक्त नगर पालिका सचिव व स्वतंत्र विशेषज्ञ मौजूद रहे। डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण हो शत प्रतिशत- निगमायुक्त ने एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि निगम व पालिका क्षेत्रों से डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण को शत प्रतिशत करें। कोई भी घर, दुकान या संस्थान नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलोनियों में टिप्पर जाने के समय को निर्धारित रखा जाए, ताकि घरों से निकलने वाला कचरा बाहर सडक या खाली क्षेत्र में न आए। सभी हाऊस होल्ड से दोहपर 2 बजे तक कचरा उठान कार्य पूरा हो जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर निगम और नगर पालिकाओं द्वारा चिन्हित सेकेण्डरी पॉयट से भी समय से कूड़ा उठाना सुनिश्चित करें।

वाहनों की आवश्यकता को करें पूरा- उन्होंने बताया कि निगम क्षेत्र में कूड़ा ढोहने वाले संसाधनों में 87 टिप्पर, 1 ई-टिप्पर, 22 रिक्शा-रेहड़ी तथा 2 ई-रिक्शा मौजूद हैं। इन संसाधनों में 17 अतिरिक्त टिप्पर जोड़े जाने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि एजेंसी टिप्परों की आवश्यकता को जल्द पूरा करे। इसके लिए एजेंसी एक्शन प्लान बनाकर दे कि नए टिप्पर कब तक सफाई बेड़े में शामिल हो जाएंगे।

## दो नाबालिगों समेत 9 महिलाएं लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। घरौंडा थाना** क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में सात महिलाएं और दो नाबालिग लापता हो गई हैं। इनमें से दो महिलाएं घरौंडा की अलग-अलग कॉलोनियों की रहने वाली हैं, जिनमें से एक महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त है, जबकि तीन महिलाएं अपने बच्चों के साथ मायके आई हुई थी। घटना के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घरौंडा निवासी शिकायतकर्ता पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 24 वर्षीय पत्नी मानसिक रूप से विक्षिप्त है। पत्नी ने कहा था कि वह बच्चों को सरकारी अस्पताल घरौंडा में टीका लगवाने जा रही है। लेकिन वह वापस नहीं लौटी। उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन नेहा का कोई सुराग नहीं मिला। इससे पहले भी नेहा 3-4 बार बिना किसी को बताए घर से बाहर गई थी, जो वापस आ जाती थी। यमुना से सटे एक गांव में तीन बहनें अपने बच्चों के साथ मायके आई हुई थीं। शिकायतकर्ता भाई ने बताया कि उसकी 35 वर्षीय बहन, 22 वर्षीय बहन, 17 वर्षीय बहन और उनके बच्चे, जिनमें से एक 14 वर्ष का और दूसरा छह वर्ष का है, लापता हैं।

21 जून को उसके घर पर रहने आए थे। जब 27 जून की सुबह उठकर देखा तो वे सभी गायब थे। शिकायतकर्ता व उनके परिवार ने सभी रिश्तेदारियों में तलाश की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। घरौंडा निवासी शिकायतकर्ता पति ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि उनकी 24 वर्षीय पत्नी 27 जून को सुबह 5.30 बजे बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने अपनी पत्नी की आसपास सभी जगह तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं लगा।

### 'शब्द बोलते हैं', का विमोचन आज दिल्ली में होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कृष्ण कुमार** निर्माण की चौथी पुस्तक और तीसरा हिंदी काव्य संग्रह शब्द बोलते हैं, का विमोचन आज दिल्ली स्थित भगत हॉस्पिटल, महाबीर एन्कलेव, द्वारिका-पालम में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवियत्री डॉक्टर कीर्ति काले करेंगी और विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश कल्याणे होंगे। यह कार्यक्रम साहित्य 24 की ओर से आयोजित किया जाएगा। कृष्ण कुमार निर्माण का तीसरा काव्य संग्रह साहित्य 24 प्रकाशन की ओर से प्रकाशित हुआ, जिसकी भूमिका हरियाणा साहित्य अकादमी से बाबू बालमुकुंद गुप्त सम्मान से सम्मानित साहित्यकार डॉक्टर प्रधुम्न भल्ला ने लिखी है।

## चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। चौधरी चरण** सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में 'विस्तार अधिकारियों के लिए वीडियो निर्माणइ विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन समारोह में सेवानिवृत कृषि उप निदेशक एमएल खुराना ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डा. संजय कुमार ने की। सेवानिवृत्त कृषि उपनिदेशक एमएल खुराना ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि विस्तार क्षेत्र में वीडियो सामग्री की महत्वपूर्ण भूमिका है। आजकल




किसानों को यूट्यूब के माध्यम से अनेक जानकारियां उपलब्ध करवाई जाती हैं। इसके साथ-साथ प्रगतिशील किसानों की सक्सेस स्टोरी के माध्यम से अन्य किसानों को भी उन्नत तकनीकें अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विस्तार कार्यक्रमों में वीडियो सामग्री का प्रयोग करने हेतु विस्तार अधिकारियों को वीडियो निर्माण का प्रशिक्षण अनिवार्य है। विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी ने इस प्रशिक्षण के माध्यम से कृषि विस्तार अधिकारियों को न केवल वीडियो बनाने हेतू विभिन्न तकनीकों पहलुओं जैसे पटकथा लेखन, कैमरा संचालन और वीडियो संपादन की भी जानकारी दी है, बल्कि उन्हें वीडियो सामग्री का प्रयोग करने के लिए प्रेरित भी किया है। क्षेत्रीय निदेशक डा. कुमार ने बताया कि यह संस्थान वाईस-चांसलर प्रोफेसर बी. आर. कांबोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेतृत्व में उत्तर भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि, उद्यान, पशु-पालन, मत्स्य पालन, वानिकी, महिला एवं बाल विकास इत्यादि विभागों के विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है। वित्तीय सहयोग देने के लिए विस्तार निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल का भी धन्यवाद किया।

### महिला को घायल करने के बाद आप ने की गौ वंश को पकड़वाने की मांग



**गन्नौर। शहर के प्रजापति** चौक में आवारा गौवंश द्वारा घर के बाहर झाडू निकाल रही महिला को दो बार टक्कर मारने से घायल होने पर आम आदमी पार्टी सोनीपत लोकसभाध्यक्ष देवेन्द्र गौत्तम ने एसडीमए को पत्र लिखकर गौवशं का पकड़वाने की मांग की। पत्र में गौत्तम ने कहा कि अगर ये नगरपालिका द्वारा गौवंश का पकड़वाने में लापरवाही बरती जा रही है। अगर नगरपालिका ने संबधित ठेका दिया तो उक्त ठेकेदार व नपा अधिकारियों के खिलाफ एसडीएम द्वारा मामला दर्ज करवाया जाए। उन्होंने कहा कि अगर घायल महिला की जगह गौ वंश नपा चेयरमैन, एसडीएम, विधायक, उपायुक्त के परिवार को टक्कर मार देता तो अब तक गौ वंश को पकड़ने का अभियान चला दिया होता। उन्होंने चेताया कि अगर कार्यवाई नही हुई तो आम आदमी पार्टी उक्त गौ वंश को नपा व अधिकारियों के घर के बाहर बांधने को मजबूर होगी।

## वारदातः सैक्टर-7 के मकान से साढ़े 4 लाख की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सैक्टर-7 स्थित** एक घर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर के अंदर से कैश सहित लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। चोर रसोई की खिडकी की लोहे की ग्रिल खोलकर अंदर घुसे। चोरों ने खूब उत्पात मचाया। उन्होंने अलमारी के लॉकर, बेड के लॉकर तोड़ दिए और घर के मंदिर में चढ़ाए गए पैसे भी उठा ले गए।



घर के मालिक नितिन कुमार ने बताया कि वह मंगलवार को अपने पूरे परिवार के साथ अपने गुरुजी के दर्शन करने आनंदपुर गए थे। घर में कोई नहीं था। आज सुबह वह घर लौटे और जैसे ही घर के अंदर घुसे तो घर की हालत देखकर उनके होश उड़ गए। सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी और बेड के लॉकर के ताले टूटे हुए थे। मंदिर में भी भगवान की मूर्तियां उल्टी पड़ी थी। नितिन ने बताया कि अलमारी में करीब एक लाख की नकदी रखी थी और सोने-चांदी के आभूषण भी थे। चोरों ने मंदिर की गुल्लक को भी नहीं छोड़ा। अलमारी में शगुन के लिफाफे, महंगी घड़ी रखी थी, वे भी गायब थे। करीब साढ़े 4 लाख का नुकसान हुआ है। चोरों ने आर्टिफिशियल आभूषण दूसरी अलमारी में रख दिए, लेकिन असली आभूषण लेकर फरार हो गए। चोर रसोई की खिडकी की ग्रिल हटाकर अंदर घुसे। चोर सीढि़ों के रास्ते घर में दाखिल हुए। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने फ्रिज के अंदर रखी फ्रूटी भी पी। इसके अलावा काजू भी वही पर रखे थे, वे भी खाए हैं। चोरों ने घर के कौने-कौने को खंगाल दिया। चोरी की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल की टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। सेक्टर 32-33 थाना पुलिस ने परिवार के शिकायत के आधार पर मामला दर्जकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## बीडीपीओ ने 'समाधान शिविर' में सुनीं लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। बीडीपीओ** रेणुलता यादव ने आज समाधान शिविर में 18 लोगों की शिकायतें सुनी इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया व बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेज कर जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। सरकार के निर्देशानुसार चल रहे समाधान शिविर में हर रोज सुबह 9 से 11 बजे तक उप मंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन



शिविरों में पुलिस, राजस्व, नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। अब प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए सुनवाई जिला और उपमंडल स्तर पर हो सकेगी। इन शिविरों में जमीन की रजिस्ट्री, एनओसी प्राप्त करने,

## नालों की सफाई पर लाखों खर्चा, फिर भी बरसात जैसे हालात

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः शहर में नालों की** सफाई पर लाखों खर्च के बावजूद बरसात होने के 24 घंटे बीत जाने के बाद बाद भी रेलवे रोड पर बरसात जैसे हालात है, क्योंकि गंदे पानी की निकासी के लिए कोई रास्ता ही नही है। इसके बावजूद भी ऐसे हालातों में नगरपालिका के एमई भी दिसंबर में सफाई का टैंडर लगाने के बाद सभी नालों की सफाई का दावा कर रहे है। नपा के एम ई जयदेव शर्मा ने बताया कि नगरपालिका ने रेलवे रोड पर नालों की सफाई पर 14 लाख रुपएं का टैंडर लगाया था। वहीं शहर के लोगों ने नगरपालिका पर खानापूर्ति करने का आरोप लगाया और कहा




कि अगर शहर में ठीक ढंग से नालों की सफाई होती तो बरसात होने के 24 घंटे बाद भी रेलवे रोड पर नई अनाज मंडी व विद्या देवी अस्पताल के पास, गढ़ी केसरी मोड़ तक जलभराव के कारण तालाब जैसी स्थिति है। सफाई के ये हालात है कि रेलवे रोड पर कई जगह पर नालों में गंदगी भरी हुई है। दुकानदारों द्वारा नाले पर किए गए अवैध कब्जों को तोड़कर सफाई नही की गई। दुकानदारों का कहना कि बरसात के पानी की निकासी की बेहतर व्यवस्था व नालों की सफाई न होने के कारण उनकी दुकानों के आगे इतना पानी खड़ा रहता है कि एक या दो दिन उनकी दुकानदारी प्रभावित रहती है। अब तो हालत पहले से भी बदतर हो गई है। बरसात होने के कुछ घंटे बाद नालों से रेलवे रोड का पानी उतर जाता था लेकिन वीरवार को सुबह हुई बरसात का पानी 24 घंटे बाद भी पूरा दिन सड़क पर भरा रहा।

**मामूली बरसात में 24 घंटे से जलभराव के हालात है तो तेज बरसात में क्या होगा**

वीरवार को सुबह हुई बरसात में जिस तरह से रेलवे रोड पर 24 घंटे बाद भी बरसात का पानी भरा हुआ है और दुकानदारों की दुकानों पर ग्राहकों के जाने के लिए रास्ता भी नही है। ऐसे में दुकानदारों का कहना था कि जब तेज बरसात होगी तो शहर के हालात जलभराव से इतने बुरे हो जाएंगे कि लोगों का वाहनों से भी निकलना मुश्किल हो जाएगा।

सड़क का लेवल नाले से बहुत नीचे है, इस कारण भरा है बरसात का पानी : जयदेव

नगरपालिका के एमई जयदेव शर्मा ने बताया कि जितनी नाले की सफाई होनी थी, हमने कर दी है। सड़क का लेवल नाले से बहुत नीचे है। जहां ऐसा है वहां ही बरसात का पानी भरा हुआ है। वहीं सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों का भी कहना कि रेलवे रोड पर बनाई पूरी सड़क का लेवल समान है।

## विदेश भेजने के नाम पर युवक से 15.65 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले कुडलान** गांव के एक व्यक्ति से विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 15.65 लाख रुपये की ठगी हुई है। पीड़ित अपने भांजे, मामा के बेटे और दोस्त को वर्क परमिट पर ऑस्ट्रेलिया भेजना चाहता था। आरोपियों ने पीड़ित को फर्जी वीजा थमा दिया। जब ठगी का खुलासा हुआ और पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे जातिसूचक शब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मार्च-अप्रैल 2023 में राकेश की मुलाकात करनाल में एक रैली के दौरान प्रदीप नाम के



व्यक्ति से हुई, जिसने खुद को लोगों को विदेश भेजने का एक्सपर्ट बताया। प्रदीप ने राकेश को भरोसा दिलाया कि वह कई युवकों को विदेश भेज चुका है और इस समय ऑस्ट्रेलिया में वर्क परमिट खुले हैं। राकेश ने अपने भांजे सागर, मामा के बेटे प्रवीण और दोस्त रिंकू को ऑस्ट्रेलिया भेजने की बात कही। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 12-12 लाख रुपए का अमाउंट तय किया गया, यानी 36 लाख में डील हो गई। पीड़ित ने सभी कागजात प्रदीप को सौंपे। प्रदीप और उसके साथियों ने 15.65 लाख रुपये की मांग की, जिसे राकेश ने नगद और ऑनलाइन माध्यम से चुका दिया। इसके बाद उन्होंने राकेश को फर्जी वीजा दिए और और पैसे की मांग की। प्रदीप ने तीनों के वीजा राकेश को सौंप दिए, लेकिन राकेश को वीजा पर शक हो गया। राकेश ने वीजा की जांच कराई तो वे फर्जी निकले। जब राकेश ने प्रदीप और उसके साथियों से अपने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी और जातिसूचक गाली-गलौच की। राकेश को धमकाया गया कि उनके बड़े गुंडों और अफसरों से संबंध हैं और अगर उसने अपने पैसे वापस मांगे तो अंजाम बुरा होगा। राकेश ने यह भी बताया कि आरोपियों ने उससे सिक्योरिटी के तौर पर एक चेक भी लिया था, जो अभी भी उसके पास है। राकेश ने पुलिस से उसे भी वापस दिलाने की मांग की है। राकेश ने बताया कि प्रदीप और उसके साथी उसे बार-बार अपने ऑफिस बुलाते थे और वहां अवैध हथियार दिखाकर डराते थे। राकेश ने पुलिस से इन आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उसे न्याय दिलाने की अपील की है। असंध थाना के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि राकेश की शिकायत के आधार पर शिव कुमार (गांव अंदेसरा, जिला अंबाला), सागर बावा (गांव समालखा, जिला अंबाला), रणदीप सिंह (गांव पंजोखरा साहिब, जिला अंबाला), भाग सिंह

## पौधारोपण कर पूर्व चेयरमैन ने दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**राईः पूर्व मार्किट कमेटी** के चेयरमैन एवं भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने अपने गांव नांगल व सोनीपत अनाज मंडी में 50 पौधे रोपित कर पौधारोपण कर पर्यावरण रक्षा, जीवन सुरक्षा का संदेश दिया। पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल ने कहा की पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। लोग अपने स्वार्थ के लिए पेड़ों को



काट रहे है। पर्यावरण हरा-भरा रहेगा, तभी जीवन भी सुरक्षित रहेगा। कुलदीप नांगल ने कहा कि हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरत और हरा-भरा बनाए रखने के लिए कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों व आढ़तियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

## न्यूज फ्लैश

### समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए: डॉ वैशाली शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर और तय समय सीमा के अंदर होना चाहिए, इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।एडीसी डा. वैशाली शर्मा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर के दौरान आई हुई जनता की समस्याओं का समाधान करने उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। एडीसी ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार हर कार्य दिवस को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। सोमवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में करीब 78 शिकायते सुनी गई, जिनमें से करीब 41 शिकायते परिवार पहचान पत्र से संबंधित थी, शेष शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए है। उन्होंने क्रिड की डीएम मेनका बूरा को कहा कि फैमिली आईडी से संबंधित जो शिकायतें आ रही है, उसका तय समय सीमा के अंदर समाधान करें तथा शिकायतकर्ता का नंबर जरुर लें ताकि उससे संपर्क किया जा सके। इसके अलावा आमजन को पोर्टल से संबंधित भी दे। इन शिविरों को लगाने का उद्देश्य है कि आम व्यक्ति की समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचे हो जाए, क्योंकि सभी अधिकारी एक साथ उपस्थित रहते है और समस्या का समाधान पल भर में हो जाता है। इस मौके पर नगराधीश डा. रमन गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### शहीद भगत सिंह यूथ क्लब ने पौधारोपण करके की अच्छी शुरूआत: डॉ नवीन नैन



**पानीपत/कमाल हुसैन**
शहीद भगत सिंह यूथ क्लब पानीपत के प्रधान अविनाश मलिक व उप प्रधान विशाल खोखर ने "विशाल पौधारोपण" गाँव भादड़ ज़िला पानीपत में बतौर मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानियां के साथ व वन विभाग पानीपत के सहयोग से शुरूआत की गई। इस दौरान अविनाश मलिक ने बताया कि शहीद भगत सिंह यूथ क्लब लगातार सामाजिक कार्यों में हमेशा तत्पर रहती है उसी रूप में आज गाँव भादड़ में सेकेंडों की संख्या में पौधारोपण किया ताकि इस ग्लोबल वार्मिंग में कुछ पर्यावरण को बचाया जा सके,अब शहीद भगत सिंह यूथ क्लब लगातार ज़िला पानीपत के अलग अलग गाँव में जाकर पौधारोपण व नशा मुक्ति अभियान में युवाओं को जागरूक करने का काम लगातार करेंगे। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि शहीद भगत सिंह यूथ क्लब शहीदे-आजम भगत सिंह की विचारधारा को लेकर युवाओं में लगातार अच्छा संदेश दे रहा है,ओर आज पौधारोपण अभियान चला कर बहुत अच्छी पहल शुरूआत की गई है।

# अनिल विज ने आर्ट वर्क कार्य को लेकर की चर्चा

### विज की अध्यक्षता में शहीद स्मारक की तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई आयोजित



**समीक्षा बैठक**

**विज की देखरेख में चल रहा है। पूर्व मंत्री अनिल विज इसके निर्माण कार्यों को लेकर नियमित बैठक ले रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री एवं अम्बाला कैंट से विधायक अनिल विज ने आजादी की पहली लड़ाई पर आधारित शहीद स्मारक में बैठक ली। इस दौरान इतिहासकार कपिल कुमार और शहीद स्मारक के निदेशक कुलदीप सैनी भी मौजूद रहे। बैठक के बाद जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री अनिल विज ने बताया कि शहीद स्मारक का कार्य तेजी से चल रहा है। कोशिश है कि अगस्त महीने तक इसके कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। गुरुवार को बैठक के दौरान आर्ट वर्क के काम को लेकर इतिहासकार कपिल कुमार से चर्चा की गई। इस दौरान आर्ट वर्क टीम, एग्जिक्यूशन टीम और डिजाइन कंस्लटेंट की टीम मौजूद रही। इन सभी के साथ स्मारक में किए जा रहे आर्ट वर्क के ऐतिहासिक पहलूओं पर चर्चा की गई। पूर्व गृह मंत्री एवं अम्बाला कैंट से विधायक अनिल विज ने कहा कि यह 1857 में आजादी की पहली लड़ाई में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्मारक बनाया जा रहा है। इसका सिविल वर्क करीब 90 फीसदी पूरा हो चुका है आर्ट वर्क का काम तेजी से जारी है। बता दें कि आजादी की पहली लड़ाई पर आधारित शहीद स्मारक का निर्माण कार्य पूर्व मंत्री अनिल विज की देखरेख में चल रहा है। पूर्व मंत्री अनिल विज इसके निर्माण कार्यों को लेकर नियमित बैठक ले रहे हैं। उम्मीद है कि अगस्त महीने तक इसके निर्माण का कार्य पूरा हो जाएगा। पूर्व मंत्री विज निरंतर संबंधित विभाग व कॉन्ट्रेक्टर को दिशा-निर्देश दिए। नियमित निदेशक की नियुक्ति के बाद भी काम में तेजी आई है।

## विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए मंथन किया जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**देश** के गृह मंत्री अमित शाह की 29 जून को पंचकूला के ताऊ देवीलाल ऑडिटोरियम में प्रदेश स्तरीय बैठक की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की जिला अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए इस बैठक में मंथन किया जाएगा हरियाणा भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान सहित तमाम वरिष्ठ नेता इस बैठक में भाग लेंगे` बैठक का मुख्य एजेंडा हरियाणा में फिर एक बार भाजपा सरकार बनाना होगा`

**सेठपाल बने पशुपालन एवं डेयरी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक** -इस अवसर पर भाजपा जिला पानीपत की ओर से प्रगतिशील किसान सेठपाल नौहरा को पशुपालन एवं डेयरी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनाया गया। उनकी नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट सहित बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी इस पर सेठपाल ने कहा कि वह भाजपा की किसान, कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र की कल्याणकारी योजनाओं का पूरी निष्ठा से प्रचार-प्रसार करेंगे।`

### नये कानून लागू होने पर आएगी ए= झरोठी

**सोनीपत: पूर्व** चेयरमैन अनिल झरोठी ने कहा की लोकसभा एवं राज्यसभा दारा बनाये गये नये सहिता कानून 1जुलाई से लागु होने से पारदर्शिताआएगी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी एवं ग्रह मंत्री अमित शाह के प्रयास से बने कानून से जल्दी न्याय मिलेगा
पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता अनिल झरोठी ने कहा की अग्रजों के जमाने से चले आ रहे कानून से अंग्रेजीयत नहीं भारतीयता महसूस होगी अब 1जुलाई से नये कानून लागू होने से लोगो को न्याय की उम्मीद बधी है अब देश भारतीय न्याय सहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता एवं भारतीय साक्षय सहिता लागू हो से लोगो को जल्दी न्याय की उम्मीद है।

## समाधान शिविर में मौके पर किया समस्याओं का समाधान:डीसी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी के निर्देशानुसार डीसी कोर्टरूम अंबाला शहर मे समाधान शिविर लगाया गया जिसकी अध्यक्षता डीसी डा. शालीन ने की। उन्होंने शिविर मे आए लोगो की समस्याओं को बड़े ध्यान से सुना और ज्यादातर लोगों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से द्वारा मौक पर ही समाधान करवाया।
डीसी डा.शालीन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अंबाला में जिलास्तर व उप मंडल स्तर पर प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 9 से 11 बजे तक आमजन की समस्याओं के निवारण के लिए निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। सामाधान शिविर मे लोग अपनी समस्या लेकर आ रहे है, और उनकी समस्या को सुनकर उन पर त्वरित कार्यवाही कर उनका समाधान किया जा रहा है। अंबाला जिला में 27 जून को कुल 70 शिकायतें आई जिनमें से 52 शिकायतों का मौके पर ही निदान कर दिया गया। वहीं जिलास्तर पर 16 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 13 का तत्काल समाधान किया गया और बाकि 3 शिकायतों को सम्बंधित विभागों को भेज कर उनका तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए गए।
इस मौके पर एडीसी अपराजिता, सीईओ जिला परिषद नवीन आहुजा, नगर निगम संयुक्त आयुक्त आदिति, सीटीएम विश्वजीत सिंह, डीएसपी सुरेश कुमार के साथ साथ अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में समस्याओं का हो रहा समाधान

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**लघु** सचिवालय परिसर में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 11 तक चलने वाले समाधान शिविर की अध्यक्षता शुक्रवार को तहसीलदार ललिता द्वारा की गई । प्रतिदिन की भांति आने वाली विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा । जिन्हें सुनने व समाधान करने के लिए तहसीलदार ललिता समेत भाजपा नेता विनोद छौक्कर,बीडीपीओ नितिन यादव, खंड शिक्षा अधिकारी नीलम कुंडू, नायब तहसीलदार कैलाश चंद्र व अन्य विभागों से आए अधिकारी मौजूद रहे। शुक्रवार को आयोजित शिविर में करीब 14 समस्याएं आई। जिनमें से परिवार पहचान पत्र की कुल तीन समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए तीनों समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।

# कौम अपने शहीदों के बलिदान को याद रखे: मेजर जनरल अरविन्द



**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र** : भारतीय सेना के अतिरिक्त तोपखाना महानिदेशक (एडिशनल डायरेक्टर जनरल आर्टिलरी) मेजर जनरल अरविन्द यादव ने कहा कि कौम देश के लिए शहीद होने वाले बलिदानियों को हमेशा याद रखे। जो कौम अपने शहीदों को भूल जाती है उनका वजूद खत्म हो जाता है। समाज को देश के सैनिकों व उनके परिजनों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। वे शुक्रवार को सीनेट हॉल में विजय दिवस रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कारगिल शहीदों के परिजनों व कारगिल योद्धाओं को सम्मानित किया गया। केयू एलुमनी मेजर जनरल अरविंद यादव ने कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सैनिक अपना पूरा जीवन देश की सेवा व सुरक्षा के लिए समर्पित करता है इसलिए उनका मान, सम्मान करना समाज की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज और सैनिकों को परस्पर जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध में अपने शौर्य का परिचय देते हुए अपने राष्ट्र के लोगो की रक्षा करते हुए शहीद होकर देश का नाम रोशन किया।उन्होंने मिलिट्री साईंस एवं मिलिट्री स्टडीज को शिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का आग्रह किया ताकि युवा पीढ़ी देश के प्रति जान कुर्बान करने वाले वीर जवानों के बलिदान व शौर्य गाथा को जान सके और उनका सम्मान करे। इसके साथ ही उन्होंने एनसीसी को बढ़ावा देने की बात कर युवाओं को अनुशासन में रहकर देश सेवा करने का आह्वान किया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने कुवि परिसर में पहुंचने पर मेजर जनरल अरविन्द यादव, डी-5 मोटरसाइकिल दल के 36 सदस्यों, शहीदों के परिजनों व कारगिल योद्धाओं का स्वागत व अभिनंदन करते हुए कहा कि शहीदों, वीर जवानों द्वारा देश की सीमाओं पर दिए गए बलिदान से युवाओं को प्रेरणा लेकर देशसेवा के अग्रणी रहकर कार्य करने की आवश्यकता है। मंच का संचालन डॉ.अतुल यादव ने किया। उन्होंने बताया कि डी-5 मोटरसाइकिल दल के 36 सदस्यों की 10 हजार किलोमीटर की यात्रा द्रास में जाकर सम्पन्न होगी। इस अवसर पर डॉ. हरविन्द्र राणा ने अपनी पुस्तक कभी तो आ जाना मेजर जनरल अरविन्द यादव को भेंट की।

## स्वीटी रंगा ने गाव हिंगाखेड़ी में कांग्रेस पार्टी का किया प्रचार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/शाहबाद:** हल्का शाहबाद के गांव हिंगाखेडी के खेतो में जाकर स्वीटी रंगा नलवी ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया । स्वीटी रंगा नलवी लगातार हल्का शाहाबाद के गांव और शहर में जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार कर रही है। स्वीटी रंगा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हर वर्ग भाजपा सरकार से दुखी है । स्वीटी रंगा ने कहा कि आज युवा बेरोजगार घूम रहे हैं महंगाई की मार पड़ रही है। स्वीटी रंगा ने हल्का शाहाबाद के युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि नशे से दूर रहें क्योंकि शाहाबाद हल्के में नशा आज चरम सीमा पर है। जिसके कारण कई घर और जिंदगियां बर्बाद हो रही हैं स्वीटी रंगा नलवी ने बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रशासन से मांग की है कि समय रहते स्थिति को संभाला जाए हर गांव और शहर की नालियां पुलियों की साफ सफाई की जाए।
ताकि जनता को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। स्वीटी रंगा ने कहा कि हरियाणा की जनता ने मन बना लिया है अबकी बार कांग्रेस सरकार बनेगी।

### नलवा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए राशि जारी

**हिसार।** हरियाणा सरकार ने नलवा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लिए करोड़ों रुपये की राशि जारी की है। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत गांवों में ये विकास कार्य करवाएंगे। मुकलान रोड तक फिरणी के निर्माण कार्य के लिए 79 लाख 83 हजार रुपये, कालवास में बस्ती लांबा से पनिहार कालवास रोड तक सड़क मार्ग व सड़क के लिए 28 लाख 11 हजार 57 रुपये, भिवानी रोहिल्ला में सड़क के लिए 34 लाख 73 हजार रुपये, गोरछी में सड़क के लिए 17 लाख 3 हजार रुपये, गावड़ में रास्ते के निर्माण के लिए 39 लाख 36 हजार रुपये, ब्राह्मण समाज के शमशान घाट के लिए 5 लाख 72 हजार रुपये, मुकलान में शमशान घाट के लिए 9 लाख 29 हजार रुपये की राशि जारी की गई है।

## अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ की हुई मीटिंग

**मीटिंग**

**प्रथम स्तर मे संगठन को मजबूत करने, कर्मचारियो व समाजिक मांगो पर मुख्य वक्ताओं द्वारा चर्चा की जायेगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ की राज्य स्तरीय वर्चुअल मीटिंग राज्य प्रधान डॉक्टर दिनेश निम्बडिया की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। राज्य कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सरोहा ने कहा कि मीटिंग का मुख्य उद्देश्य 29 जून को महेंद्रगढ मे डाक्टर भीम राव अम्बेडकर भवन मे होने वाले एक दिवसीय सातवें राज्य प्रतिनिधि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रदेश के सभी जिलो ने मीटिंग मे भाग लिया।सभी जिलो ने आश्वासन दिलाया कि प्रत्येक जिले से भारी संख्या मे पहुँच कर इस अधिवेशन को सफल बनाने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान देगें। अधिवेशन की अध्यक्षता राज्य प्रधान डॉक्टर दिनेश निम्बडिया व मंच संचालन राज्य महासचिव चन्द्रमोहन द्वारा किया जाएगा।मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ताओ मे एन बी जोगंडे राष्ट्रीय उप प्रधान स्वतंत्र मजदूर यूनियन, सत्य प्रकाश राज्य उपप्रधान आम्बेडकर शिक्षक सघं राजस्थान,सुरेंद्र सिंह सुगात राज्य उपप्रधान आल रिजर्व टीचर्स यूनियन उत्तर प्रदेश, गणेश उकेय राज्य सह सचिव स्वतंत्र मजदूर यूनियन महाराष्ट्र,नरेश कुमार फाउंडर व पूर्व राज्य प्रधान हजरस, प्रेम बाकोलिया पूर्व राज्य प्रधान हजरस आदि सांगठनिक चर्चा मे भाग लेगें । उन्होंने बताया कि यह अधिवेशन दो स्तर का होगा जिसमे प्रथम स्तर मे संगठन को मजबूत करने,कर्मचारियो व समाजिक मांगो पर मुख्य वक्ताओ द्वारा चर्चा की जायेगी। दुसरे स्तर मे राज्य कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सरोहा द्वारा वित्तीय रिपोर्ट पेश की जाएगी और राज्य प्रधान डॉक्टर दिनेश निम्बडिया द्वारा सत्र 2020-2023 तक संगठन द्वारा प्राप्त उपलब्धिया पर रिपोर्ट पेश की जाएगी और वर्तमान कार्यकारिणी को भगं करने के उपरान्त श्री मनोज चहल राज्य प्रधान एस सी रोडवेज यूनियन,श्री विजेंद्र सिह बराड राज्य प्रधान एस सी बी सी कर्मचारी यूनियन की अध्यक्षता मे हजरस का चुनाव सम्पन्न कराकर सत्र 2024- 2027 के लिए राज्य की नयी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।इस अवसर पर राज्य उपप्रधान दलबीर राठी,खजान सिंह बडबड,राजेश पेटवाड,सुरेश सरोहा,होशियार सिंह,देवेन्द्र कटारिया,रमेश रगां,नरेश फुले,अमर सिंह, रमेश थाणा,जगदीश चहल, रामेश्वर, राज कुमार कठवा, राजबीर पाई,रवीन्द्र नरवाल, राजकुमार इन्दौरा,विनोद मोहडी,कुलदीप सिंह आदि ने बहुत संख्या में भाग लिया।

## हरियाणा कला परिषद की अभिरुचि कक्षाओं में विद्यार्थी सीख रहे कला के गुर

### कला कीर्ति भवन में चल रही अभिरुचि कक्षाओं का 3 जुलाई को होगा समापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : जीवन में सीखने की कोई उम्र नहीं मानी गई है, इंसान हमेशा सीखता रहता है। बाल्यकाल से वृद्धावस्था तक व्यक्ति समाज में रहकर कुछ न कुछ सीखता रहता है, जो उसके जीवन को एक नया मोड़ देने में सहयोगी होता है। ऐसा ही कुछ कला कीर्ति भवन में देखने को मिल रहा है, जहां अलग-अलग उम्र के कलाकार विभिन्न विद्याओं को सीखकर कला से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। हरियाणा कला परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष हॉबी कक्षाओं का आयोजन किया जाता रहा है, जिसमें अलग अलग विद्याओं की बारीकियां प्रतिभागियों को सिखाई जाती है। इस वर्ष भी 5 जून से कला परिषद के कला कीर्ति भवन में अभिरुचि कक्षाएं प्रारम्भ की गई। जिसमें लगभग 100 से अधिक प्रतिभागी कलात्मक ढंग से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने बताया कि कला कीर्ति भवन में इस वर्ष अभिनय, चित्रकला, हरमॉनियम, गायन, हरियाणवी नृत्य तथा कत्थक नृत्य की कक्षाएं लगाई गई हैं। अभिनय कक्षा के विद्यार्थियों को विकास शर्मा द्वारा अभिनय का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं हरमॉनियम तथा गायन का प्रशिक्षण नवजोत सिंह दे रहे हैं। चित्रकला के विद्यार्थी कला परिषद की ललित कला समन्वयक सीमा काम्बोज की देखरेख में चित्रकला सम्बंधित जानकारी हासिल कर रहे हैं, वहीं कत्थक व हरियाणवी नृत्य का प्रशिक्षण पंकज कुमार द्वारा दिया जा रहा है। नागेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन 4 बजे से 6 बजे तक लगने वाली कक्षाओं में दस वर्ष से लेकर सत्तर वर्ष तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। जहां एक ओर छोटे छोटे बच्चे कला की बारीकियों को जानने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ वृद्धावस्था की ओर जा रहे प्रतिभागी भी किसी मायने में कम नजर नहीं आ रहे। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों में कला को सीखने का उत्साह देखने को मिल रहा है। कक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों के अभिभावकों का मानना है कि हॉबी कक्षाएं कला के विस्तार हेतु एक सकारात्मक सोच है। जिससे न केवल विद्यार्थियों की छुट्टियों का सदुपयोग होता है, अपितु सांस्कृतिक गतिविधियों में योगदान भी बढ़ता है।

## सरपंच विक्रम सिंह व ग्रामीणों ने लड्डू बांटकर व पौधारोपण कर मनाया संदीप गर्ग का जन्मदिन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/पिपली** : गांव बजीदपुर में गांव के सरपंच विक्रम सिंह व ग्रामीणों द्वारा भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जिसको लेकर गांव में लड्डूओं का प्रसाद वितरित किया गया। इसके साथ-साथ पौधे भी लगाए गए। गांव के सरपंच विक्रम सिंह ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं और अब से नहीं पिछले कई वर्षों से लाडवा हल्के के लोगों के लिए वह काम कर रहे हैं और जो-जो योजनाएं उनके द्वारा चलाई जा रही है उनके बारे में जितना कहा जाए उतना कम है। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के में उनके द्वारा अनेक लोगों को महिलाओं सहित आत्मनिर्भर बनाने का भी कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर उनके जन्मदिन पर गांव के लोगों में खुशी का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग आगे भी जनता की भलाई के लिए कार्य करते रहेंगे। मौके पर अंशुल, नर सिंह, दीपक, गगन, बलविन्द्र, बालकृष्ण, सुल्तान, सुनील, संजू, गौतम, गुलशन, अजय, नरेश, ओमप्रकाश, शुभम, विरेन्द्र, राहुल, राजीव, बिन्दर आदि मौजूद थे।

# समाधान शिविरों में 17 शिकायतों का मौके पर निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा सरकार** के निदेर्शानुसार नियमित रूप से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ऐसे ही शिविर नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित किए गए। इन शिविरों में 17 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। करनाल में आयोजित शिविर में नौ मामले निपटाये गए। घरौंडा की सुनीता, करनाल की सुनीता रानी की परिवार पहचान पत्र में आय संशोधित की गई। इसी प्रकार इंद्री के सोमप्रकाश की परिवार के मुखिया के नाम में संशोधन किया गया। नीलोखेड़ी के विनोद कुमार, घरौंडा के अमित कुमार, करनाल के मदन लाल की भी पीपीपी में दिखाई गई आय में संशोधन किया गया। कुंजपुरा की पूजा के पते और करनाल की संतोष जैन की प्रॉपर्टी आई की संबंधी शिकायत का समाधान किया गया। करनाल के रंजीत सिंह की आयुष्मान कार्ड संबंधी समस्या का समाधान किया गया। इसी प्रकार इन्द्री में एक, असंध में एक और घरौंडा में छह शिकायतें संबंधित एसडीएम द्वारा निपटाई गईं। करनाल में पांच शिकायतें रद्द कर दी गईं। परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है।

जिला सचिवालय में आयोजित शिविर में आज अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, डीएसपी नायब सिंह, सीटीएम शुभम, उप सिविल सर्जन डॉ नीलम वर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



**शिविर**

▶▶ समाधान शिविर का आयोजन उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया

# पानी निकासी, नालों की सफाई व स्वच्छ पेयजल सप्लाई को लेकर की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः शहर में पानी** निकासी, नालों की सफाई व स्वच्छ पेयजल सप्लाई को लेकर शुक्रवार को एसडीएम डा. निर्मल नागर ने नगरपालिका व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने दोनों विभागों के अधिकारियों से दूषित व बरसात के पानी की निकासी के लिए किए गए प्रबंधों के बारे में जानकारी ली। दोनों विभागों के अधिकारियों ने बताया कि नालों की सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। नगरपालिका ने बताया कि नालों की सफाई पहले भी करवाई जा चुकी थी, लेकिन जिन दुकानदारों ने नालों पर स्लैब डाल कर अवैध कब्जा कर रखा था। अब उनके स्लैब को तोड़ कर नालों की सफाई फिर से करवाई जा रही है। एसडीएम ने रेलवे रोड पर होने वाले जलभराव के बारे में भी जानकारी ली तो अधिकारियों ने बताया कि रेलवे रोड पर कुछ जगह सड़क का लेवल नीचा है, जिस वजह से वहां जलभराव की समस्या पैदा होती है। एसडीएम ने निर्देश दिए कि जहां पानी जमा होता है वहां मोटर लगवा कर पानी की निकासी करवाएं, ताकि आने-जाने वाले लोगों को परेशानी न उठानी पड़े।

वहीं उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ रविंद्र कुमार को शहर में पेयजल संबंधित समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने हिदायत दी कि यदि इन कामों कोई कोताही बरती गई तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## न्यूज फ्लैश

### पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया

**सोनीपतः दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग** पर सोनीपत से राठधना रेलवे स्टेशन के बीच वीरवार सुबह रेलवे लाइन किनारे करीब 30-35 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। जांच अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि युवक का सिर पीछे से फटा हुआ था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत चलती ट्रेन से गिरने के कारण हुई है। मृतक के शरीर पर संतरी व लाल रंग की टी-शर्ट, लाल रंग की बनियान, नेवी ब्लू अंडरवियर, जॉकी का लॉवर, सफेद परणा मिला है। उसके दाहिने हाथ की कलाई पर अंग्रेजी में एडी गुदा हुआ है। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी पहचान के प्रयास कर रही है। शव की शिनाख्त के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### कार का शीशा तोड़कर लाखों रुपये की राशि चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44** पर स्थित बीसवां मील चौक के पास खड़ी कार का शीशा तोडकर चोर 1.15 लाख रुपये, चेकबुक व अन्य कागजात चोरी कर ले गए। कार सवार खाने का सामान लेने के लिए गए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। क्षेत्र में पहले भी कई वारदातें सामने आ चुकी है। गुरुग्राम के सेक्टर-14 स्थित राजीव नगर निवासी शशिकांत ने पुलिस को बताया कि वह अपनी कार लेकर किसी काम से गुरुग्राम से राई आ रहे थे। उन्होंने बीसवां मील चौक के पास खाने का सामान लेने के लिए सर्विस रोड पर कार रोक दी। इसके बाद वह खाने का सामान लेने के लिए चले गए। बाद में सामान लेकर कार के पास पहुंचे पिछले दरवाजे का शीशा टूटा मिला। वहां रखा उनका बैग चोरी मिला। बैग में 1.15 लाख रुपये, बैंक की चेक बुक, पासपोर्ट और अन्य कागजात थे। उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

**क्षेत्र में चार दिन में तीसरी वारदात**

कार का शीशा तोड़कर चोरी की यह चार दिन में तीसरी वारदात है। चार दिन पहले गांव राई स्थित ढाबा परिसर में खड़ी कार का शीशा तोड़कर आभूषण व नकदी चोरी की गई थी। उसी दिन मुरथल में ढाबा परिसर में खड़ी कार का शीशा तोडकर 50 हजार रुपये व मोबाइल चोरी किए थे।

### छापे के दौरान एंबुलेंस सेवाएं का किया निरीक्ष[], रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी

**सोनीपतः मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम** ने बृहस्पतिवार को नागरिक अस्पताल में छापा मारकर एंबुलेंस सेवा का निरीक्षण किया। छापे के दौरान अस्पताल परिसर में केवल चार एंबुलेंस मिली, जिनमें मरीजों की जिंदगी बचाने के उपकरण दुरुस्त नहीं मिले। इनमें से तीन तो सही तरह से चलने की कंडीशन में भी नहीं थी। किसी में एसी ठप मिला तो किसी में ऑक्सीजन सिस्टम खराब था। एंबुलेंस सेवा से जुड़े सभी वाहनों के डाक्यूमेंट चेक किए गए तो 32 में से 11 एंबुलेंस खराब मिली। इतना ही पूरी फ्लीट में केवल दो के पास ही प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र पाया गया। सीएम फ्लाइंग टीम ने रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेज दी है।

सीएम फ्लाइंग टीम में शामिल एसआइ महाबीर सिंह, राजेश कुमार जैसे ही अस्पताल पहुंचे तो कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। अस्पताल में जिस विभाग से एंबुलेंस सेवा का संचालन होता है, वहां मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के अधिकारी और कर्मचारी पहुंचे और तमाम दस्तावेज खंगाले। एंबुलेंस सेवा में लगातार अनियमितताओं की सूचना मिल रही थी। डीएसपी अजीत ने बताया कि कई जिलों में इस संबंध में जांच की गई है। जिसकी रिपोर्ट तैयार कर सरकार के पास भेजी जायेगी।

# समाधान शिविर साबित हो एक बड़ा कामयाब मंच

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**समाधान शिविर राज्य सरकार** की वो ऐतिहासिक पहल है जिसका हर वर्ग के व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। जिले में उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया के नेतृत्व में आयोजित किये जा रहे समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे शिकायतकर्ता पूरी तरह से सरकार की इस पहल से संतुष्ट्द है। उपमंडल स्तर व जिला स्तर पर 10 जून से आयोजित किये जा रहे इस समाधान शिविर में जो समस्याएं विभिन्न शिकायतकताओं द्वारा रखी जाती है। उनका मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से समाधान हो रहा है। रोजाना दो घण्टे से ज्यादा चलने वाला समाधान शिविर अब तो अधिकारियों व शिकायतकताओं के लिए जैसे उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। शुक्रवार को आयोजित किए गए शिविर में कुल 324 समस्याएं पहुंची जिनमें से 84 का मौके पर समाधान किया गया। अन्य दिनों की अपेक्षा शिकायतकताओं की संख्या ज्यादा रही। उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि जो लोग किन्हीं कारणों से सरकारी कार्यालयों में समस्याओं को लेकर नहीं पहुंच पाते थे उनके लिए समाधान शिविर एक बड़ा कामयाब मंच साबित हो रहा है। लोग बेहिचक होकर खुले दिल से अपना अधिकार समझ समाधान शिविर में समस्याओं को लेकर पहुंचते है। प्रशासन द्वारा भी समाधान शिविर में पहुंचने वाले शिकायतकताओं का पूरा ख्याल रखा जाता है। कई शिकायतें ऐसी भी पहुंचती है जिनके निदान में अमूमन 5 से 10 मिनट का समय भी लग जाता है। उपायुक्त ने बताया कि ऐसी समस्याओं का निदान प्रशासन के लिए चुनौती जरूर होता है लेकिन समाधान होने पर उन्हें खुशी का भी ऐहसास होता है। लोगों का भरोसा कायम करते ये समाधान शिविर लगातार कामयाबी की गाथा लिखते जा रहे है। समाधान शिविरों में पहुंच रहे वयोवृद्ध भी रोजाना इसी उम्मीद के साथ शिविर में दस्तक देते है कि उनकी समस्या वाजीब है व उसका समाधान होना ही चाहिए।



# बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में आज लगेगा 12 घंटे का कट

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः बड़ी औद्योगिक** क्षेत्र में 220 केवी सब स्टेशन के बड़े ट्रांसफार्मर में आए फाल्ट को ठीक करने के लिए शनिवार को 12 घंटे का बिजली कट लगाया जाएगा। जिस वजह से औद्योगिक गतिविधियां पूरी तरह से प्रभावित रहेंगी। विद्युत निगम द्वारा इस संबंध में एक पत्र भी जारी किया गया है। जिसमें बताया गया है कि बड़ी 220 केवी सब स्टेशन में जीआईएस ब्रेकर में फाल्ट होने की वजह से टी-3 ट्रांसफार्मर जनवरी, 2023 से बंद पड़ा है। विद्युत निगम द्वारा सीमन्स कंपनी से जीआईएस ब्रेकर को बदलवाया जा रहा है। कंपनी पिछले 10 दिनों से ब्रेकर को बदलने के कार्य में जुटी हुई थी। अब शनिवार को जीआईएस ब्रेकर में हाई वोल्टेज टेस्टिंग की जाएगी। जिसके चलते शनिवार को सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक औद्योगिक क्षेत्र में बिजली कट रहेगा।

**बिजली कटों से मिलेगी राहत**

जानकारी देते हुए एचवीपीएन के एसडीओ राजेश जाखड़ ने बताया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में 220 केवी सब स्टेशन में बड़े ट्रांसफार्मर के जीआईएस ब्रेकर में फाल्ट आने की वजह से वह लंबे समय से बंद पड़ा था। अब जीआईएस ब्रेकर को बदलवाया जा रहा है। शनिवार को जीआईएस ब्रेकर कर टेस्टिंग की जाएगी।

# केमिकल के ड्रम में आग लगने से ऑटो कंपनी में लगी थी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः मुरथल स्थित ड्रग्स** फैक्टरी के गोदाम में रखे केमिकल के ड्रम में लगी आग से करीब एक माह पहले ऑटो कंपनी में भी आग लग गई थी। जिससे कंपनी को करीब डेढ़ करोड़ का नुकसान हुआ था। मामले को लेकर ऑटो कंपनी के मालिक ने पुलिस उपायुक्त को शिकायत दी थी। अब मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। मुरथल स्थित ऑटो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक सुरेश कुमार ने पुलिस उपायुक्त को बताया कि 28 मई को उनके पड़ोस में स्थित कोरल ड्रग्स कंपनी के गोदाम में आग लग गई थी। आग केमिकल के ड्रम में लगी थी। जिस कारण आग उनकी फैक्टरी तक पहुंच गई। जिससे उनकी फैक्टरी की बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो गई थी। दूसरी मंजिल में रखा मारुति की गाड़ियों का स्पेयर पार्टस जल गया था। उन्हें करीब डेढ़ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। पीड़ित का आरोप है कि गोदाम में केमिकल रखा गया था उसे वहां रखने का कोई लाइसेंस नहीं था। यहां तक की जिस प्लॉट में केमिकल रखा गया था, उसकी चहारदीवारी तक नहीं थी। यह एचएसआईआईडीसी के नियमों के खिलाफ है। मुरथल थाना पुलिस ने सुरेश कुमार राठी की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# समाधान शिविर में मौके पर ही बना बीपीएल कार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश सरकार** द्वारा शुरू किए गए समाधान शिविर नागरिकों की समस्याओं के निदान के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। समाधान शिविर में करनाल के हरसिंहपुरा की रहने वाली सुनीता परिवार पहचान पत्र में आय ज्यादा होने की समस्या को लेकर शिविर में पहुंची। उन्होंने बताया कि काफी समय से उनके परिवार पहचान पत्र में पारिवारिक आय अधिक दिखा रहा था जिस कारण उनको सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। प्रशासन ने उनकी समस्या का संज्ञान लेते हुए समस्या को हल कर दिया तथा मौके पर ही उनकी फैमिली आईडी में फैमिली इन्कम ठीक कर दी और साथ के साथ ही बीपीएल कार्ड मौके पर ही बनाकर दे दिए। इस पर उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी व प्रशासन का धन्यवाद किया। इसी प्रकार करनाल के हरसिंहपुरा की ही रहने वाली पूनम परिवार पहचान पत्र में आय ज्यादा होने की समस्या को लेकर शिविर में पहुंची। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र में पारिवारिक आय अधिक होने के कारण उनको सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। समाधान शिविर में आने पर प्रशासन द्वारा उनकी समस्या का संज्ञान लेते हुए समस्या को हल कर दिया तथा मौके पर ही उनकी फैमिली आईडी में फैमिली इन्कम ठीक कर दी और साथ के साथ ही बीपीएल कार्ड मौके पर ही बना दिया गया। बीपीएल कार्ड बनने पर उन्होंने सरकार व प्रशासन का आभार व्यक्त किया। हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार प्रशासन द्वारा लगाए जाने वाले समाधान शिविरों के सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। इन समाधान शिविरों में जनता की समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। जिस कारण आमजन में समाधान शिविरों के प्रति रुझान बढने लगा है। प्रशासनिक अधिकारी भी सरकार के आदेशों की अनुपालना कर रहे हैं।



**समाधान**

▶▶ रुझान बढने लगा है। प्रशासनिक अधिकारी भी सरकार के आदेशों की अनुपालना कर रहे हैं

# श्रमिकों को नशे के दुष्परिणामों को जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत जिला को** नशा मुक्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा चलाए अभियान के तहत पुलिस ने शुक्रवार को जीटी रोड पर स्थित देवगिरी इंटरनेशनल फैक्ट्री में कार्यक्रम का आयोजन कर श्रमिकों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। जागरूक्ता अभियान के कॉर्डिनेटर एएसआई जगपाल ने इस दौरान श्रमिकों को नशे के दुष्परिणामों बारे जानकारी देते हुए बताया की नशा व्यक्ति के शरीर के लिए तो हानिकारक है ही, साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है। जो व्यक्ति नशा करने लग जाता है तो वह नशा पूर्ति के लिए पैसे ना होने पर अपराधिक वारदातों को अंजाम देने लग जाता है। उन्होंने कहा कि नशे की शुरूआत पहले मजे और मित्रों के साथ जश्न से होती है। धीरे-धीरे नशे के अंधकार जाल में फंसता चला जाता है, उससे कभी निकल नहीं पाता। वह अपने जीवन के सारे लक्ष्य से दूर होता चला जाता है और नशेड़ी जीवन की तरह अग्रसर हो जाता है। अपने परिवार से मानसिक और जज्बाती तौर से कोसों दूर चला जाता है। जो लोग नशे की लत में पड़ जाते है उन्हें लगता है कि नशा करके उसके सारे दुखों पर पूर्ण विराम लग जायेगा। लेकिन वास्तव में यह सोच गलत है। कुछ लोग अपने दुखों को भूलने की बात कहते हुए नशे का सहारा लेते है। जिससे शारीरिक व आर्थिक हानि होती है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस लगातार नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करना व इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। पानीपत पुलिस की आमजन से अपील है कि ड्रग्स के कारोबार की रोकथाम व इसमें संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिये पुलिस का सहयोग करें। कोई भी व्यक्ति जिसके पास ड्रग्स के कारोबार या इसमें संलिप्त लोगों के बारे में विश्वसनीय सूचना है तो वह पानीपत एंटी नारकोटिक्स सैल इंचार्ज के मोबाइल नम्बर 7419600124 या संबधित थाना प्रभारी, सीआईए प्रभारी या चौकी इंचार्ज के नंबर पर दे सकते हैं। सूचना प्राप्ती के बाद सूचना का सत्यापन कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जायेगी।



# स्त्री रोग विशेषज्ञ की ओपी बंद होने पर हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः जिले के नागरिक** अस्पताल बृहस्पतिवार दोपहर दोपहर स्त्री रोग विशेषज्ञ की ओपीडी सवा घंटे बंद रही। काफी देर तक ओपीडी दोबारा शुरू नहीं है। चिकित्सक के आने के इंतजार में लाइन में खड़ी महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान महिलाओं के बीच अपने नंबर आने को लेकर तू-तू मैं-मैं भी हो गई। महिलाओं के झगड़े की सूचना मिलने के बाद दूसरी चिकित्सक को ओपीडी कक्ष में बैठाया गया। दोपहर डेढ़ बजे दोबारा ओपीडी शुरू होने पर महिलाओं को राहत मिल सकी। महिलाओं ने आरोप लगाया कि वह दूर-दराज क्षेत्र से उपचार के लिए आई है, घंटों लाइन में खड़ी होने के बाद भी उन्हें समय पर उपचार नहीं दिया जा रहा है। बता दें कि नागरिक अस्पताल के कमरा नंबर 23 में स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. ज्योति की ओपीडी होती थी। बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12.15 बजे डा. ज्योति को ट्रेनिंग सेंटर में हुई बैठक जाना पड़ा। जिसके चलते उनकी ओपीडी बंद हो गई। ओपीडी बंद होने के चलते बाहर इलाज के लिए खड़ी महिलाओं को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। इस बीच गर्मी होने के कारण लाइन में अपने नंबर पर खड़ी महिलाओं के बीच झगड़ा हो गया। ऐसे में महिलाओं ने विभाग के खिलाफ रोष भी जताया।

# युवक ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग, मौके पर ही हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले की ढेहा** बस्ती निवासी 32 वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। युवक का हाल ही में तलाक हुआ था। इसके बाद से वह परेशान था। सूचना मिलने के बाद जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी। मृतक दर्शन की पहचान ढेहा बस्ती निवासी के रूप में हुई है। मृतक की मां ने बताया कि दर्शन सुबह करीब पांच बजे घर से निकला था। वह कहां गया था, इसकी कोई जानकारी परिजनों को नहीं मिली। परिजनों ने कहा कि अगर उन्हें पता होता कि वह घर से निकल रहा है तो वे उसे जाने नहीं देते। दर्शन की मां ने बताया कि वह घरों में मजदूरी करती है और उनके दो बेटे हैं। आज एक बेटा इस दुनिया में नहीं रहा, जबकि दूसरा लडका भी कुछ काम नहीं करता। उसने बताया कि दर्शन की शादी हो चुकी थी, लेकिन बाद में उसका तलाक हो गया था।



# बेचने के लिए दी थी 10.38 किलो चांदी, नहीं दिए पैसे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सेक्टर-13** में एक व्यक्ति को उसके परिचित ने ही लाखों रुपये की ठगी का शिकार बना लिया। पीड़ित ने अपने बेटे की शादी के लिए पैसे जुटाने के लिए परिचित को 10.38 किलो चांदी बेचने के लिए दी थी, लेकिन आरोपी ने पीड़ित को धोखा देकर पैसे हड़प लिए। पीड़ित ने जब पैसे मांगे तो आरोपी ने दो चेक थमा दिए। बाद में दोनों चेक बाउंस हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल निवासी शिकायतकर्ता किशोर कुमार मेडिकल स्टोर का मालिक है। वह आरोपी जितेंद्र को चार साल से जानता था। जितेंद्र करनाल के सुभाष गेट पर रहता है और अक्सर किशोर की दुकान पर दवाई खरीदने आता था। इस दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और वे एक-दूसरे के सुख-दुख में भी शामिल होते रहे। किशोर को जितेंद्र पर पूरा भरोसा था, लेकिन जितेंद्र के मन में कुछ और ही चल रहा था। पुलिस को दी गई शिकायत में किशोर ने बताया कि जितेंद्र ने उससे अलग-अलग तारीखों में कुल 3 लाख रुपए उधार लिए थे, जिसमें से कुछ पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे। किशोर के बेटे की शादी के समय जब उसे पैसों की जरूरत पड़ी तो उसने गलती से जितेंद्र से कह दिया कि उसके पास 10.38 किलो चांदी है।

# आईटीआई में दाखिला प्रक्रिया जारी, विद्यार्थियों को तीन जुलाई तक फीस करानी होगी जमा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। आईटीआई** में प्रथम काउंसलिंग की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो रही है। नगर के जाटवास मोड पर चामधेड़ा रोड स्थित एमडीएस आईटीआई में भी कौशल विकास एवं उधमिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से चार ट्रेडों में 164 सीटों पर दाखिले होंगे। आईटीआई में चार ट्रेड है। संस्थान निदेशक गोपाल शर्मा एडवोकेट ने बताया कि संस्थान में इलेक्ट्रीशियन की 80, पलंबर की 24, वेल्डर की 40 एवं फिटर ट्रेड की 20 सीटों पर दाखिले सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार तथा तय शेड्यूल के तहत होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी राजकीय व निजी प्रशिक्षण संस्थान में दाखिला प्रक्रिया शुरू है। प्रशिक्षण के इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन कर करें। उन्होंने बताया कि आईटीआई संस्थानों में 2024-25 के दाखिले के इच्छुक अभ्यार्थियों के लिए इस बार परिवार पहचान पत्र आवेदक के पास अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी व दसवीं आधारित योग्यता प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इनकम सर्टिफिकेट, बैंक अकाउंट की कॉपी होना अनिवार्य है।



# रोहिणी जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिस्रा**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस** कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने महेन्द्र प्रधान धर्मशाला, स्वरुप नगर में आयोजित रोहिणी जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली भर में कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने घरों और नजदीक क्षेत्रों में कांग्रेस का झंडा लगाकर अपनी पहचान बताएं कि हम कांग्रेस के सिपाही है। हमारी झंडा लगाने के बाद वो लोग जो कांग्रेस की विचार धारा में विश्वास रखते है, सामने आकर पार्टी के साथ जुड़ेंगे। हमारे झंडा लगाओ अभियान से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। रोहिणी जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन इन्द्रजीत सिंह ने किया।






जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में जिला पदाधिकारी, सभी ब्लाक अध्यक्ष, ब्लाक पदाधिकारी सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और क्षेत्रीय निवासी मौजूद थे।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार, इन्द्रजीत सिंह, सुमेश गुप्ता, सिद्धार्थ कुंडु, पूर्व पार्षद महानारायण मिश्रा और अरुणा मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए देवेन्द्र यादव ने कहा कि जिला की बैठक करने का हमारा ध्येय साफ है कि पार्टी को बूथ स्तर के साथ-साथ, गली, मौहल्ले, कॉलोनी के हर चौराहे तक जीवंत करना चाहते है, जो आपके सहयोग और कड़ी मेहनत के बाद ही सफल हो पाऐगा। मैं साफ शब्दों में कहना चाहता हूं कि जनता से सीधा सम्पर्क साधकर ही हम संगठन को मजबूत कर सकते हैं। श्री यादव ने कहा कि सभी ब्लाक अध्यक्ष हर महीने 2 तारीख और जिला अध्यक्ष अपने जिले की बैठक 5 तारीख को करेंगे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि क्षेत्र में लोगों की परेशानियों को सुनकर उनका हल निकालने का हर संभव प्रयास करें और पिछले 10 वर्षों में केन्द्र में भाजपा और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार की विफलताओं को भी उजागर करने को प्राथमिकता देना है।

## जल भराव के लिए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिय**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी केअध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि मानसून की पहली बारिश के बाद जल भराव से राजधानी पूरी तरह अस्त व्यस्त होने के साथ सड़के, अंडरब्रिज, एयरपोर्ट, रेलवे कॉलोनी, पॉश कॉलोनी, अनाधिकृत कॉलोनी के घरों में पानी घुसने से परेशान हुए लोगों को राहत देने के लिए दिल्ली कांग्रेस ने 12 जून को मुख्य सचिव को पत्र लिखकर आगाह किया था कि मानसून से पूर्व दिल्ली के नालों की



सफाई सुनिश्चित करें। परंतु पहली बारिश में जल भराव ने पिछले 10 वर्षो के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह चिंताजनक है कि टर्मिनल-1 एयरपोर्ट की छत गिरने के बाद 1 व्यक्ति की मृत्यु हो गई और 20 लोग घायल होना केन्द्र सरकार की विफलत ाको दशार्ती है।

## महेन्द्रा पार्कः पानी की समस्या से जूझ रहे है लोग : अमित मित्तल

**टीम एक्शन इंडिया**
**भाजपा नेता अमित मित्तल** ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की जनता को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि जहां कॉलोनियों में रोज दो बार पानी आता था, वहीं अब जल बोर्ड की ओर से एक बार ही पानी आता है और कई इलाकों में तो पानी ही नहीं आता है, जिस कारण से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। श्री मित्तल ने कहा कि दिल्ली की जनता को मजबूर होकर बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और



दिल्ली में शासित आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है। भाजपा नेता अमित मित्तल ने कहा कि दिल्ली सरकार को पानी की समस्या का समाधान निकालना चाहिए, जिससे की जनता को पानी की समस्या से जूझना न पड़े। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि आप ने दिल्ली की जनता को धोखा देने का कार्य किया है, तभी तो दिल्ली में विकास नहीं हुआ है और जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## जलभराव से लोग हुए परेशान, दिल्ली सरकार मस्तः मीनू गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः राजधानी दिल्ली में** चंद घंटों की बारिश ने साफ तौर पर यह जाहिर कर दिया है कि दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी विभाग और आप शासित नगर निगम आगामी मानसून को लेकर कितने तैयार है। अभी तो दिल्ली में मानसून आया ही नहीं की प्री मानसून की हल्की-फुल्की सी बूंदाबांदी ने दिल्ली में जगह-जगह वॉटर लॉगिंग की समस्या खड़ी कर दी है, जिससे कि यातायात तो बाधित हो ही रहा है बल्कि लोगों को अपने काम-धंधे पर जाने के लिए भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

**काम से होगा समस्या का हल, सियासत से नहीं:** पार्षद मीनू गोयल ने बताया कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी बुनियादी सुविधाओं से लेकर हर एक मामले में पूरी तरह से फेलियर साबित हुई है जहां एक और दो दिल्ली के जल मंत्री आतिशी पानी को लेकर जल सत्याग्रह पर बैठकर लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है वहीं दूसरी ओर हल्की सी बूंदाबांदी से दिल्ली की सड़के जलमग्न हो गई है जिसके लिए पीडब्ल्यूडी मंत्री अतिशी ने मानसून को लेकर कितनी तैयारी कर रखी है इस बात का अंदाजा तो दिल्ली में पानी से भरी लबालब सड़कों को देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है।





उन्होंने कहा कि अगर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने पहले से ही पानी निकासी नालो वह अन्य स्त्रोतों को साफ करवाने का काम करवाया होता तो आज दिल्ली की सड़कों का नजारा ही कुछ अलग होता था, लेकिन आतिशी को दिल्ली की जनता को गुमराह करने से फुरसत मिलेगी तभी तो दिल्ली की समस्याओं को लेकर काम करेगी। निगम पार्षद मीनू गोयल ने बताया कि क्षेत्र स्थित ओमकार नगर अंडरपास, एमआइजी फ्लैट स्कूल वाला रोड़, शंकर चौक, लेखू नगर, तोताराम बाजार सहित पूरे क्षेत्र में दिल्ली जल बोर्ड की सीवर लाइन गंदगी से लबालब भरे पड़े हैं।

## नरेला विधानसभा क्षेत्रः बारिश ने खोली दावों की पोल, जगह-जगह जल भराव, जनता हुई परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः बारिश होने** से जहां एक ओर दिल्ली वासियों को भीषण गर्मी से राहत मिली है, वहीं सड़कों गलियों पर पानी जमा होने से परेशानी भी बढ़ी है। गुरुवार देर रात हुई बारिश ने जल भराव रोकने की तैयारी को लेकर सिविक एजेंसियों के दावो की पोल खोल कर रख दी। बाहरी उत्तरी दिल्ली के नरेला में गुरुवार देर रात से हो रही बारिश के चलते अंडरपास से लेकर गलियों और सड़कों तक पानी भर गया। ऐसे में पैदल आने जाने वाले व वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इंडस्ट्रियल एरिया सहित मुख्य मार्गों पर कई घंटे तक जल भराव की स्थिति रही। भारी जलभराव के चलते कई वाहन पानी के बीच में ही बंद हो गए। जिससे यातायात भी बाधित रहा। वही पाना मामूरपुर, पाना पपोसिया, में ब्राह्मण चौपाल वाली गली, रामदेव चौक वाली गली, पाना पपोसिया, झंडा चौक ,मेन बाजार में कई घंटे तक जल भराव की स्थिति बनी रही। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग की सफाई व्यवस्था में लापरवाही के चलते हर वर्ष जल भराव की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता है। स्थानीय निवासी रमेश ने बताया कि रामदेव चौक वाली गली में बारिश होते ही पानी भरने लगा। देखते ही देखते घुटने भर पानी भर गया। जिससे पैदल आने-जाने वाले लोगों का निकलना मुश्किल हो गया। जल भराव को लेकर मेयर ने कुछ ही दिन पहले दावा किया था की इस बार सड़कों, गलियों पर पानी नहीं भरेगा, लेकिन पहली बारिश ने ही उनके दावे धो डाले। स्थानीय निवासी अमित ने बताया कि नालियों में जमा गाद की उचित सफाई नहीं होने से पहली बारिश ने ही जल भराव की स्थिति पैदा कर दी। यह संबंधित विभाग की लापरवाही का नतीजा है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।







## इंजीनियर नंदकिशोर शर्मा का हुआ नागरिक अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः नरेला क्षेत्र** में दिल्ली विकास प्राधिकरण की नरेला प्रोजेक्ट डिवीजन-4 के कार्यकारी अभियंता आज अपनी लगभग 40 साल की उत्कृष्ट सेवा पूरी कर ससम्मान रिटायर हुए। इस अवसर पर उनके कार्यालय में उनके इस क्षेत्र के सौंदर्यकरण में किए गए अनेकों शानदार कार्यों से अभीभूत होकर नागरिक अधिकार आंदोलन के नेता राजव्रत आर्य तथा इस इलाके के गणमान्य नागरिक कामरेड सुरेंद्र पांचाल ने उन्हें शाल भेंटकर सम्मानित किया। पिछले दो ढाई साल की अवधि में नागरिक अधिकार आंदोलन इस क्षेत्र की जागरूक संस्था है। उन्होंने बताया कि इनके मुख्य कार्यो में पुलिस कालोनी मामूरपुर के मेन लिंक रोड की दोनों ओर की सड़के जर्जर हालत में होने के कारण बसों का चलना बंद हो चुका था। उनका रिनोवेशन कराया जो काफी हद तक पूरा हो चुका है। इनके फुटपाथो की टाईलिंग कराई। सेक्टर ए-7 में स्थित स्मृति वन के चारों ओर की टूटी सड़क का पुनर्निर्माण कराया, बुध बाजार में टाईलिंग कराई , इसके अलावा गैस गोदाम से लेकर मंसा देवी मंदिर रोड़ वाया पाकेट 11-13 के दोनों तरफ के नालो की बेहिचक सफाई एवं फुटपाथो की सलीके से टाईलिंग एवं रंग रोगन कराया। हरिश्चन्द्र रोड़ की नियमित सफाई, खुले नालो का ढ़का जाना, दशहरे मैदान की चारदिवारी, उसके नालो की सफाई एवं ढकाव आदि अनेकों सराहनीय कार्य हैं। जो इन्होंने अपने कुशल स्टाफ जिनमें सहायक इंजीनियर अनुदेश कुमार, गौरव मीना, सौरभ कुमार, करण गुप्ता एवं अन्य जूनियर इंजीनियर शामिल है से संपन्न कराये। नागरिक अधिकार आंदोलन को उनके इतने सारे प्रयासों के फल स्वरुप इन्हे 'निर्माण पुरुष' कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है। हम उनके कार्यों से नरेला प्रोजेक्ट की अन्य डिविजनों से आग्रह करते हैं कि इनसे प्रेरणा लेकर इस क्षेत्र के विकास में अपना अमूल्य योगदान दें।



## विभागीय लापरवाही के चलते जीटी करनाल रोड़ पर जलभराव





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली में** हुई पहली बारिश ने ही दिल्ली नगर निगम और पीडब्ल्यूडी की पोल खोल दी है। रात में हुई बारिश के कारण सुबह जगह-जगह जलभराव नजर आया, जिस कारण से सुबह लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बारें में बोलते हुए समाजसेवी बालेराम ने बताया कि निगम और पीडब्ल्यूडी की लापरवाही की वजह से दिल्ली में जगह-जगह सड़को और गलियों में पानी भरा हुआ है। अगर दिल्ली नगर निगम और पीडब्ल्यूडी समय से नाली और नाले की सफाई करवाता तो आज ऐसी समस्या से जनता को परेशान न होता पड़ता। तो वहीं कांग्रेस नेता भारत सिंह राघव ने बताया कि विभागीय लापरवाही के चलते जहांगीरपुरी मैट्रो रोड़ पर जलभराव हो गया है, जिसके चलते लोगों को काफी परेशान होना पड़ रहा है, हालात यह है कि यहां पर रात को हुई बारिश का पानी शाम तक भी नहीं निकल पाया है, जिसके चलते यहां गुजरने वाले लोगों को खासी परेशानी से जूझना पड़ रहा है।

## त्रीनगर विधानसभाः शकूरपुर में विधायक प्रीति जितेन्द्र तोमर ने किया जिम का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः त्रिनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शकूरपुर वार्ड नंबर-62 स्थित चंद्रशेखर आजाद वाटिका पार्क में विधायक प्रीति जितेंद्र तोमर द्वारा 50वें ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पार्टी के कई कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र के लोग भी मौजूद रहे। आपकी जानकारी के लिए बतादें कि इससे पहले भी विधायक प्रीति जितेंद्र कुमार ने लगभग 49 ओपन जीम पार्क में लोगों के लिए चालू करवा रखे हैं। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए आज एक और ओपन जिम का उद्घाटन कर क्षेत्र वासियों को सौपा गया है। इस मौके पर विधायक प्रीति तोमर ने कहा कि लोगों की मांग और जरूरत को देखते हुए यहां ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। जिम की सुविधा मिल जाने से हर वर्ग और हर उम्र के लोग यहां कसरत और वर्जिश कर स्वास्थ लाभ ले सकेंगे। उन्होने यह भी कहा कि पार्क में लगे ओपन जिम से आस-पास के लोगों को काफी लाभ मिलेगा अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए लगभग सभी तरह के व्यायाम की सुविधा पार्क में उपस्थित होगी। जिससे लोग तरह-तरह के व्यायाम से शरीर को स्वस्थ रखेंगे और इस ओपन जिम का लाभ उठा सकेंगे। जिम के माध्यम से हम अपने शरीर को फिट एवं तंदुरुस्त रख कर सकते हैं। जिम करने से स्वस्थ ठीक रहता है और हम बीमारियों से दूर रहते है।





## मृतक के परिजनों को मुआवजा दें दिल्ली सरकार: सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने किराड़ी विधानसभा मे सड़क पर बिजली करंट लगने से मृत 39 वर्षीय राजेश कुमार जो अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे और न्यू उस्मानपुर में प्रशासनिक लापरवाही से गड्ढों में बने बरसाती तालाब में डूबने से मृत दो बच्चों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने मांग की है की 39 वर्षीय राजेश के परिजनों को दिल्ली सरकार 25 लाख और दो बच्चों के परिवारों को दस दस लाख का मुआवजा दें।

## टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण की मेजबानी करेगा लंदन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण का आयोजन इंग्लैंड की राजधानी लंदन में होगा। ग्लोबल शतरंज लीग, अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और टेक महिंद्रा के बीच का एक संयुक्त पहल है। पहले संस्करण की अपार सफलता के बाद, लीग का लक्ष्य दुनिया के शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों को सबसे ऐतिहासिक शहरों में से एक में एकजुट करना है। शीर्ष खिलाड़ियों से सजी 10-दिवसीय अनूठी शतरंज लीग 3 से 12 अक्टूबर, 2024 तक मध्य लंदन के केंद्र में स्थित फ्रेंड्स हाउस में आयोजित होगी। दुनिया भर के फैन्स से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर, यूरोपीय क्षेत्र में शतरंज के लिए तेजी से बढ़ते फैन बेस और उत्साह से जुड़ने के लिए ही दूसरे संस्करण के लिए लंदन को मेजबान के रूप में चुना गया है। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कोविच ने कहा, उद्घाटन संस्करण को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद, हम दुनिया भर में शतरंज की पहुंच का विस्तार करने और शतरंज प्रशंसकों के लिए नए अनुभव लाने के अपने मिशन को जारी रखने के लिए उत्साहित हैं। आधुनिक शतरंज इको सिस्टम में एक नए युग की शुरुआत करने के लिए टेक महिंद्रा की प्रतिबद्धता सराहनीय है, और हमें विश्वास है कि लीग का दूसरा संस्करण खेल को और आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सही मंच और प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

## भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है : राष्ट्रपति मुर्मु

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति ने आज संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, 'मेरी सरकार के प्रभावी प्रयासों का परिणाम है कि भारत के युवा खिलाड़ी वैश्विक मंचों पर रिकॉर्ड संख्या में मेडल्स जीत रहे हैं। कुछ ही दिनों बाद पेरिस ओलंपिक भी शुरू होने जा रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'ओलंपिक्स में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले हर खिलाड़ी पर हमें गर्व है। मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देती हूं। इन उपलब्धियों को और आगे ले जाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है।'

## सुपरबेट चैस क्लासिक शतरंज : गुकेश नें जीत से खोला खाता

**बुखारेस्ट , रोमानिया।** ग्रांड चैस टूर के दूसरे पड़ाव सुपरबेट चैस क्लासिक के पहले राउंड में भारत के डी गुकेश नें शानदार जीत के साथ अपना खाता खोल लिया है , गुकेश नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए रोमानिया के बोगदान डेनियल को मात दी । फीडे कैंडिडेट के विजेता बनने के बाद गुकेश का यह पहला क्लासिकल मुकाबला था । वहीं एक और जीत मिली यूएसए के फबियानों करूआना को उन्होने फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को मात देते जीत दर्ज की । अन्य मुकाबलों में भारत के आर प्रज्ञानन्दा नें उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से , रूस के यान नेपोमनिशी नें फ्रांस के मकसीम वारचेर लागरेव से और यूएसए के वेसली सो नें नीदरलैंड के अनीश गिरि से ड्रॉ खेला । अगले राउंड में गुकेश का मुकाबला नेपोमनिशी से और प्रज्ञानन्दा का सामना मकसीम वारचेर लागरेव से होगा । 26 जून से 5 जुलाई तक खेले जाने वाले इस 9 राउंड के राउंड रॉबिन क्लासिकल टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि कुल 350000 डॉलर है ।

## भारतीय एथलीट किरण पहल ने ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया, 400 मीटर वर्ग में हासिल किया कोटा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला एथलीट किरण पहल ने राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले महीने से होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल कर लिया है। किरण ने सेमीफाइनल में 50.92 सेकेंड का समय निकालकर महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में पेरिस ओलंपिकके लिए क्वालिफाई किया। महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में क्वालिफाइंग मार्क 50.95 सेकेंड था जिससे किरण अगले महीने होने वाले ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने में सफल रहीं। यह इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था और इसके साथ ही वह 51 सेकेंड से कम समय में रेस पूरी करने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बनीं। वह गुजरात की देवी अनिबा जाला से आगे रहीं जिन्होंने 53.44 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान प्राप्त किया। केरल की स्नेहा के 53.51 सेकेंड से तीसरे स्थान पर रहीं।

## लंदन में होगा वैश्विक शतरंज लीग का आयोजन, एफआईडीई के अध्यक्ष ने की पुष्टि

**लंदन।** दूसरी वैश्विक शतरंज लीग का आयोजन तीन से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जाएगा। आयोजकों ने यह जानकारी दी। वैश्विक शतरंज लीग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (एफआईडीई) और टेक महिंद्रा की संयुक्त पहल है। दस दिन तक चलने वाली इस लीग का आयोजन सेंट्रल लंदन के फ्रेंड्स हाउस में किया जाएगा जिसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग लेंगे। एफआईडीई के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कोविच ने बयान में कहा, 'इस प्रतियोगिता के पहले सत्र को मिली अपार सफलता के बाद हम शतरंज का दुनिया भर में विस्तार करने और शतरंज प्रेमियों को नया अनुभव दिलाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने को लेकर उत्साहित हैं।

# टी20 विश्व कप : दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच के लिए बारबाडोस पहुंची टीम इंडिया

एजेंस

**ब्रिजटाउन।** रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल मैच के लिए शुक्रवार को बारबाडोस पहुंच गई। गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर भारतीय टीम ने इस बड़े इवेंट के फाइनल में जगह बनाई। वहीं, दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को नौ विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप 2024 के ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन किया और सात अंकों के साथ ग्रुप ए तालिका में शीर्ष पर रही। रोहित



शर्मा की टीम 2013 के चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से आईसीसी ट्रॉफी के लिए भारत के सूखे को खत्म करने और दक्षिण अफ्रीका में 2007 के उद्घाटन संस्करण के बाद से अपना पहला टी 20 विश्व कप जीतने के लिए उत्सुक होगी।

# जोस बटलर ने मानी गलती, कहा- स्पिन-फ्रैंडली पिच पर मोइन से गेंदबाजी करानी चाहिए थी

एजेंस

**प्रोविडेंस।** भारत के खिलाफ आईसीसी टी 20 विश्व कप के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि उन्होंने गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में स्पिन-फ्रैंडली पिच पर स्पिनर मोइन अली को गेंदबाजी नहीं कराने की गलती की थी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में इंग्लैंड पर 68 रनों की शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना शनिवार को दक्षिण अफ्रीका से होगा।

भारतीय स्पिनरों - अक्षर पटेल और कुलदीप यादव - ने गुयाना की स्पिन-फ्रेंडली सतह पर पूरी तरह से दबदबा बनाया और छह विकेट चटकाए। इंग्लैंड के लिए, मोईन अली ने एक भी ओवर नहीं फेंका, जबकि आदिल राशिद ने अपने 4 ओवर में 25 रन देकर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का सबसे कीमती विकेट हासिल किया। भारतीय स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी की बदौलत 172 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही गत चैंपियन इंग्लिश टीम 103 रनों पर ढेर हो गई। बटलर ने मैच के बाद कहा, हमारे दो खिलाड़ियों (राशिद और लिविंगस्टोन) ने अच्छी



गेंदबाजी की। पीछे मुड़कर देखें तो मोईन को भी इस सतह पर गेंदबाजी करनी चाहिए थी, हम सभी के प्रयास पर वास्तव में गर्व महसूस कर रहे हैं। हम एकजुट रहे, जब सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब हमने अच्छा प्रदर्शन किया।

# कोपा अमेरिका: पनामा ने यूएसए को हराकर क्वार्टर फाइनल की उम्मीदें बरकरार रखी

एजेंसी

**अटलांटा।** जोस फजार्डो के अंतिम क्षणों में किये गये गोल की बदौलत पनामा ने संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) को 2-1 से हराकर कोपा अमेरिका क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है।

मेजबान अमेरिकी टीम मर्सिडीज़-बेंज स्टेडियम में 18वें मिनट में मैदान पर 10 खिलाड़ियों के साथ रह गई, जब टिमोथी वीह को रॉड्रिक मिलर को धक्का देने के लिए रेड कार्ड दिखाया गया। इस झटके के बावजूद, यूनाइटेड स्टेट्स ने चार मिनट बाद 22वें मिनट में फोलारिन बालोगुन के ज़रिए बढ़त हासिल कर ली, जिन्होंने एंटोनी रॉबिन्सन के साथ



मिलकर बाएं पैर से शॉट मारकर गेंद को ऊपरी-दाएं कोने से गोल पोस्ट में डाल दिया। मैच के 26वें मिनट में राइट बैक सीजर ब्लैकमैन ने 18 गज की दूरी से बेहतरीन गोल कर पनामा को 1-1 से बराबरी दिला दी।

पनामा ने गेंद पर लगभग 75त्न नियंत्रण रखा और संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक पास पूरे किए। मैच के 83वें मिनट में फजार्डो ने अब्दिएल अयार्ज़ा के पास पर 12 गज की दूरी से गोल करके पनामा को 2-1 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

इश जीत के साथ ही थॉमस क्रिस्टियनसेन की पनामा टीम अब ग्रुप सी में तीसरे स्थान पर है, उरुग्वे और संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर अंक हैं, लेकिन गोल अंतर कम है।

## टी20 विश्व कप 2022 सेमीफाइनल का बदला पूरा, भारत इंग्लैंड को हराकर फाइनल में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आखिरकार टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम ने क्रिकेट इतिहास की अपनी दो बड़ी हार का बदला ले ही लिया। वनडे विश्व कप 2023 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया तो 2022 टी20 विश्व कप के



सेमीफाइनल में इंग्लैंड से मिली हार को भारतीय दर्शक भूले नहीं थे। लेकिन इस विश्व कप के दौरान रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने इन दोनों बड़े देशों से अपना बदला ले लिया। टीम इंडिया ने सुपर 8 में पहले ऑस्ट्रेलिया को हराकर विश्व कप से बाहर किया तो उसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को हरा दिया। गुयाना के मैदान पर भारतीय टीम ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा के 57 तो सूर्यकुमार यादव के 47 रनों की बदौलत 171 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी इंग्लैड की टीम 103 रन ही बना पाई और 68 रनों से मुकाबला गंवा दिया।

# मैं यदि अपना 100 प्रतिशत दूँ, तो पेरिस में देश के लिए पदक जीत सकती हूँ : मीराबाई चानू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टोक्यो में अपने रजत पदक के अलावा एक और ओलंपिक पदक जीतने को उत्सुक भारोत्तोलक मीराबाई चानू पिछले साल हांग्जो एशियाई खेलों में अपने दिल तोड़ने वाले अनुभव की पुनरावृत्ति से बचने के लिए सावधानी बरत रही हैं।

पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई के लिए, पिछले एशियाई खेलों में, जहां उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान अपने दाहिने कूल्हे को घायल कर लिया था और कुल स्कोर दर्ज नहीं कर सकी थीं, सीखने का अनुभव था। मीराबाई ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा आयोजित एक बातचीत के दौरान कहा, मैं अपने प्रशिक्षण के दौरान चोट न लगने का ध्यान रखती हूं। मैं अपनी तकनीक, शक्ति (प्रशिक्षण) और आहार के बारे में सावधान रहती हूं। मैं क्या खाती हूं और रिकवरी क्या है, यह महत्वपूर्ण है। मैं कौन से व्यायाम करती हूं और किन मांसपेशियों पर ध्यान केंद्रित करती हूं, यह भी महत्वपूर्ण है। एशियाई खेलों के बाद शीर्ष भारोत्तोलक ने पांच महीने तक पुनर्वास किया और अप्रैल में फुकेट में आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में भाग लिया, जिसमें उन्होंने 184 किलोग्राम सफलतापूर्वक उठाया। यह टोक्यो खेलों में उनके कुल वजन से 18 किलोग्राम कम था और पेरिस में प्रतियोगी बदल गए हैं। मुझे आश्चर्य है कि क्या मैं फिर से पदक जीत पाऊँगी। लेकिन अगर मैं अपना 100 प्रतिशत दूँ, तो मैं देश के लिए पदक



पदक जीतने की संभावना को बढ़ाने के लिए उन्हें 200 किलोग्राम से अधिक वजन उठाने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, अब मैं 80 से 85 प्रतिशत (जितना मैं उठाने में सक्षम हूँ) उठा रही हूँ। खेलों में एक महीना बाकी है, मैं धीरे-धीरे अपना वजन बढ़ाऊँगी।

29 वर्षीय भारोत्तोलक, जो उत्साह से लेकर चिंता, तनाव और घबराहट तक के मिश्रित भावों से गुजर रही है, खेलों से पहले प्रशिक्षण के लिए 7 जुलाई को पेरिस के लिए रवाना होने वाली हैं। उन्होंने कहा, पिछले तीन सालों में चोटों के कारण मुझे बहुत कुछ झेलना पड़ा है। जीत सकती हूँ।उन्होंने कहा, ओलंपिक से पहले पेरिस में प्रशिक्षण का अवसर पाकर मैं गौरवान्वित हूं। मैं साई और भारतीय भारोत्तोलन महासंघ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देती हूं।

मीराबाई ने अपने कोच विजय शर्मा को उनके मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद दिया। मीराबाई ने अपने कोच के साथ एक और सफल ओलंपिक अभियान की उम्मीद करते हुए कहा, मैं विजय सर के साथ हर बात पर चर्चा करती हूं। वह मुझे अपनी बेटी की तरह मानते हैं। 2014 में उनके साथ जुड़ने के बाद मेरी जिंदगी बदल गई।

# रोहित ने विराट कोहली का किया समर्थन, कहा- फॉर्म कभी समस्या नहीं होती

एजेंसी

**प्रोविडेंस।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को नहीं लगता कि दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म कोई समस्या है, बल्कि उनका मानना है कि उनका इरादा सही है और वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में खेल सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ शानदार प्रदर्शन करने के बाद, कोहली इस बड़े इवेंट के पूरे संस्करण में अपने बल्ले से रन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सात मैचों में इस अनुभवी बल्लेबाज ने 10.71 की औसत से केवल 75 रन बनाए हैं।

ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल उनके लिए वापसी करने और फाइनल से पहले अपनी फॉर्म हासिल करने का सही मंच था। उन्होंने गेंद को मिड-विकेट के ऊपर से एक छक्का भी मारा, जिससे क्रीज पर लंबे समय तक टिके रहने का संकेत मिला। लेकिन जब कोहली ने रीस टॉपली को लेग स्टंप पर शॉट मारने की कोशिश की, वह बोल्ड हो गए।

कोहली के निराशाजनक सीजन के बावजूद, भारतीय कप्तान कोहली के फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हैं और उन्होंने फाइनल में कोहली के खेलने का समर्थन किया। रोहित ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, कोहली एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। कोई भी खिलाड़ी इससे गुजर सकता है। हम उनकी क्लास को समझते हैं और इन सभी बड़े मैचों में उनकी अहमियत को समझते हैं। फॉर्म कभी कोई समस्या नहीं होती। जब आप 15 साल तक क्रिकेट खेलते हैं, तो फॉर्म कभी कोई समस्या नहीं होती। वह अच्छा खेल रहे हैं, वह शायद फाइनल के लिए खेल बचा रहे हैं। भारत ने 2022 विश्व कप सेमीफाइनल की यादों को भुलाते हुए इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की स्पिन जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया और 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम को 16.4 ओवर में 103 रनों पर समेट दिया। अक्षर और कुलदीप दोनों ने 3-3 विकेट लिए।



रोहित का मानना है कि फाइनल में विजयी होने का मंत्र अपराजित प्रोटियाज के खिलाफ अच्छा क्रिकेट खेलना होगा। रोहित ने कहा, हम एक टीम के तौर पर बहुत शांत रहे हैं। हम इस मौके (फाइनल) को समझते हैं। शांत रहने से आपको अच्छे फैसले लेने में मदद मिलती है। इससे हमें मैच जीतने में मदद मिलेगी। आपको अच्छा क्रिकेट खेलना होगा। हम फाइनल में यही करना चाहते हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे, बस इतना ही कह सकता हूं। टीम अच्छी स्थिति में है, वे अच्छा खेल रहे हैं। मैं बस यही उम्मीद कर सकता हूं कि फाइनल में वे एक और अच्छा प्रदर्शन करें।

# राहुल द्रविड़ के लिए टी20 विश्व कप जीते टीम इंडिया : वीरेंद्र सहवाग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राहुल द्रविड़ जब तक टीम इंडिया में बतौर बल्लेबाज रहे वह आईसीसी ट्रॉफी से दूर रहे। 2002 चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता रही थी। इसके बाद 2003 में वनडे विश्व कप फाइनल खेला लेकिन ट्रॉफी हाथ नहीं आई। 2007 वनडे विश्व कप में वह कप्तान थे लेकिन टीम इंडिया पहले ही दौर में बार हो गई थी। 2011 वनडे विश्व कप में द्रविड़ खेले नहीं। यह विश्व कप भारत के हाथ लग गया। ऐसे में टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने मौजूदा टी20 विश्व कप में टीम इंडिया से अपील की है कि वह विश्व कप खिताब अपने दिग्गज प्लेयर राहुल द्रविड़ के लिए जीते। सहवाग ने कहा कि मौजूदा भारतीय टीम में हर किसी को द्रविड़ के सम्मान में ट्रॉफी जीतने के लिए प्रेरित होना चाहिए। वह भारत की अब तक



की सबसे महान प्रतिभाओं में से एक हैं और सहवाग चाहते हैं कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अच्छा प्रदर्शन करे और उन्हें विश्व चैंपियन कहलाने का मौका दे। सहवाग ने कहा कि हमने 2011 विश्व कप सचिन तेंदुलकर के लिए खेला था। तो ये टी20 वर्ल्ड कप राहुल द्रविड़ के लिए हो सकता है. सहवाग ने क्रिकबज से कहा, कम से कम एक कोच के रूप में उन्हें विश्व कप जीतने और विश्व कप विजेता होने का तमगा हासिल करने का मौका मिलता है, जो उन्हें एक खिलाड़ी के रूप में नहीं मिला। द्रविड़ ने 2012 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया और आईपीएल खेलना जारी रखा लेकिन वहां भी इस दिग्गज क्रिकेटर को सफलता नहीं मिल सकी। फिर द्रविड़ कोचिंग में शामिल हुए और भारत की अंडर19 टीम के मुख्य कोच के रूप में भारी सफलता हासिल की, लेकिन सीनियर टीम में वह अपनी सफलता दोहरा नहीं सके। हालांकि उनके मार्गदर्शन में भारत ने 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेला लेकिन वहां इंग्लैंड से हार झेलनी पड़ी। इसी तरह 2023 वनडे विश्व कप फाइनल और उसके बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भी टीम इंडिया को हार झेलनी पड़ी। अब बतौर कोच उनके लिए टी20 विश्व कप आखिरी टूर्नामेंट हैं।

# बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज : कपिल देव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा कि जब वह गेंदबाजी करते थे, तब से तुलना की जाए तो जसप्रीत बुमराह उनसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। बुमराह मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने अब तक 23 ओवर में 11 विकेट चटकाए हैं। कपिल ने कहा कि बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। ये युवा हमसे कहीं बेहतर हैं। हमारे पास अधिक अनुभव था। वे बेहतर हैं। बुमराह को इस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज माना जाता है। भारत के लिए 26 टेस्ट खेल चुके इस गेंदबाज ने 159 विकेट चटकाए हैं। वह 89 वनडे में 149 विकेट और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 85 विकेट झटक



चुके हैं। कपिल ने अपने करियर का समापन 434 टेस्ट विकेट के विश्व रिकॉर्ड के साथ किया था और उन्हें अब तक के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने 253 वनडे विकेट भी लिए हैं।

भारत को 1983 में पहला विश्व कप खिताब दिलाने वाले 65 वर्षीय कपिल ने मौजूदा राष्ट्रीय टीम के फिटनेस स्तर की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं। उत्कृष्ट हैं। वे अधिक फिट हैं। वे बहुत अधिक मेहनती हैं। वे शानदार हैं। बहरहाल, टीम इंडिया अभी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल मुकाबले की तैयारी कर रही है।

गुयाना के मैदान पर बारिश ने सबकी चिंता बढ़ाई हुई है। हालांकि टीम इंडिया को एक फायदा यह भी हो सकता है कि अगर मैच न हुआ तो वह अपने ग्रुप में पहले नंबर पर रहने के साथ अपने आप ही फाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाएगी। फिलहाल गुयाना के मैदान पर क्रिकेट फैंस मैच के इंतजार में है। इसके लिए दोनों टीमें भी तैयार हैं।

# क्रिस सिल्वरवुड ने श्रीलंका के मुख्य कोच पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी

**कोलंबो।** क्रिस सिल्वरवुड ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए श्रीलंका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने गुरुवार को घोषणा की। सिल्वरवुड का इस्तीफा पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने के टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद आया है। जयवर्धने, जो पिछले जनवरी से एक साल के अनुबंध पर थे, ने छह महीने बाद ही इस्तीफा दे दिया। इस बीच, सिल्वरवुड ने कहा, एक अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब है प्रियजनों से लंबे समय तक दूर रहना। अपने परिवार के साथ लंबी बातचीत और भारी मन से, मुझे लगता है कि अब मेरे लिए घर लौटने और उनके साथ कुछ अच्छा समय बिताने का समय आ गया है। सिल्वरवुड ने श्रीलंका क्रिकेट और अन्य विभागों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने अप्रैल 2022 में मुख्य कोच के रूप में उनकी नियुक्ति के बाद से उनके साथ काम किया। उन्होंने कहा, 'मैं श्रीलंका में अपने कार्यकाल के दौरान खिलाड़ियों, कोचों, बैकरूम स्टाफ और एसएलसी के प्रबंधन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ। आपके समर्थन के बिना, कोई भी सफलता संभव नहीं होती। श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा बनना मेरे लिए वास्तव में सम्मान की बात है और मैं कई प्यारी यादें अपने साथ ले जाऊँगा।'

उनके कार्यकाल में, श्रीलंका ने 2022 में टी20 एशिया कप जीता और 2023 एशिया कप में उपविजेता भी रहा। इसके अतिरिक्त, टीम ने घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर कई द्विपक्षीय श्रृंखलाएँ जीतीं। इनमें 50 ओवर के प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला जीत और बांग्लादेश पर दो टेस्ट सीरीज जीत शामिल है। एसएलसी ने कहा, श्रीलंका क्रिकेट क्रिस सिल्वरवुड को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएँ देता है और उनके कार्यकाल के दौरान उनके बहुमूल्य योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद देता है। मुख्य कोच और सलाहकार कोच दोनों के इस्तीफे टीम के टी20 विश्व कप अभियान के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आए, जिसमें वे सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहे। श्रीलंका ने नीदरलैंड के खिलाफ केवल एक जीत दर्ज की, जबकि दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ उन्हें हार का सामना करना पड़ा तथा ग्रुप चरण में नेपाल के खिलाफ उनका मैच बारिश के कारण रद्द हो गया।

# इंग्लैंड को सेमीफाइनल में हराकर रोने लगे रोहित शर्मा, विराट कोहली ने संभाला

एजेंसी

**प्रोविडेंस।** भारत ने इंग्लैंड को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में प्रवेश किया और इसी के साथ ही टीम इंडिया का एडिलेड में 10 विकेट से हार का बदला भी चुकता हो गया। इस जीत के बाद रोहित शर्मा रोते हुए नजर आए जिसके बाद विराट कोहली ने उन्हें सांत्वना दी। भारत ने एकतरफा मुकाबले में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर सात महीने में अपने दूसरे विश्व कप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। रोहित ने धैर्य बनाए रखा। भारत ने 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड को 103 रनों पर ढेर कर दिया और हाथ मिलाने और एक-दूसरे से बातचीत करने के बाद रोहित चुपचाप ड्रेसिंग रूम की बालकनी में बैठ गए और अपने विचारों में खो गए। रोहित के साथी विराट कोहली ने अपने कप्तान के चहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश की। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। रोहित उस कुर्सी पर बैठ गए, उनका ध्यान पहले से ही शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले फाइनल पर था। पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कमेंट्री में भारतीय कप्तान के मूड को पूरी तरह से व्यक्त करते हुए कहा, 'आप रोहित शर्मा के चेहरे पर राहत देख सकते हैं। उस कुर्सी पर बैठे हुए। वह क्या सोच रहे होंगे? मैं आपको बताता हूं... वह पहले से ही ब्रिजटाउन की ओर देख रहे हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 29 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## फैक्ट फाइंडिंग टीम ने जेपी नड्डा को सौंपी रिपोर्ट

**चंडीगढ़: लोकसभा** चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में हुई राजनीतिक हिंसा की जांच के लिए बनाई गई समिति ने शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को रिपोर्ट सौंप दी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में टीएमसी के सत्ता पोषित गुंडों और प्रशासन के राजनीतिकरण का हवाला दिया गया है। रिपोर्ट में कहा है कि पश्चिम बंगाल में आमजन जीना मुश्किल हो गया है। त्रिपुरा के पूर्व सीएम एवं सांसद बिप्लब कुमार देब की अगुवाई में गठित की गई टीम में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृजलाल और सांसद कविता पाटीदार शामिल रहे। पश्चिम बंगाल से लौटने के बाद बिप्लब कुमार देब, रविशंकर प्रसाद आदि सभी समिति सदस्यों आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की तथा उनको पश्चिम बंगाल की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। श्री देब ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल को छोड़कर कहीं कोई दंगे नहीं हुए। पश्चिम बंगाल में टीएमसी के पोषित गुंडों में जमकर आतंक मचाया हुआ है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में हुई क्रूरता पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके साथी दल मौन साधे हुए हैं जो कि अत्यंत निदंनीय है। बिप्लब कुमार देब ने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी के गुंडों ने महिलाओं के साथ क्रूरता की हद पार की है। महिलाओं के साथ बलात्कार तक की घटनाएं हुई। टीएमसी के पोषित गुंडों ने हिंसा का जो तांडव मचाया है उससे मानवता भी शर्मसार हुई है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य की मुख्यमंत्री महिला हैं उस राज्य में महिलाएं ही सुरक्षित नहीं हैं और राजनीतिक हिंसा का शिकार हो रही है यह शर्मनाक है। बिप्लब देब ने कहा कि उन्होंने जांच के दौरान हिंसा के शिकार हुए लोगों से और भाजपा के कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका हाल चाल जाना। उन्होंने कहा कि घायलों से अस्पतालों में जाकर मुलाकात भी की। पश्चिम बंगाल के बिगड़े हालातों के बारे में वहां के राज्यपाल डा. सीवी आनंद बोस से भी मुलाकात पूरी जानकारी दी।

## हरियाणा सचिवालय में निकला सांप, मचा हड़कंप

**चंडीगढ़।** हरियाणा सिविल सचिवालय की चौथी मंजिल पर स्थित एक कमरे में शुक्रवार को उस समय हडकंप मच गया जब यहां एक सांप निकल गया। चौथी मंजिल पर मुख्यमंत्री का कार्यालय है। यहां महत्वपूर्ण विभागों के भी आफिस हैं। बताया गया कि सांप निकलने के समय मुख्यमंत्री तथा उनका अमला कार्यालय में मौजूद नहीं था।

# नीट पर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा

## कांग्रेस अध्यक्ष वेल में पहुंचे; सभापति धनखड़ बोले- यह संसदीय इतिहास पर काला धब्बा

हंगामा बरपा

▶▶ लोकसभा में कार्यवाही हंगामे के चलते 1 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। हालांकि राज्यसभा में कार्यवाही रुक-रुककर चलती रही




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** संसद सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार (28 जून) को नीट मुद्दे के चलते दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में कार्यवाही हंगामे के चलते 1 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। हालांकि राज्यसभा में कार्यवाही रुक-रुककर चलती रही। बाद में इसे भी 1 जुलाई तक स्थगित कर दिया गया। दरअसल, विपक्ष नीट पर चर्चा की मांग को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया था। लोकसभा स्पीकर ने कहा कि नियमों के मुताबिक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद के बीच स्थगन प्रस्ताव नहीं लाया जाता। जबकि राज्य सभा में 22 सांसदों के नोटिस को सभापति ने खारिज कर दिया। 24 जून से शुरू हुआ संसद का यह सत्र 3 जुलाई तक चलेगा। राज्य सभा में पीएम मोदी 3 जुलाई को चर्चा का जवाब दे सकते हैं।

**राज्यसभा : खड़गे वेल में पहुंचे तो भड़क गए सभापति धनखड़**
नीट मामले पर चर्चा की मांग के दौरान राज्यसभा में चेयरमैन जगदीप धनखड़ और नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच विवाद की स्थिति बनी। हंगामे के बीच खड़गे सभापति की आसंदी के पास पहुंच गए, जिस पर धनखड़ भड़क गए और कार्यवाही 2 बजे तक रोक दी।
खड़गे सदन से बाहर आकर बोले कि यह चेयरमैन की गलती है। मैं उनका ध्यान खींचने के लिए अंदर गया था। लेकिन, तब भी वे नहीं देख रहे थे। वे केवल सत्ता पक्ष को देख रहे थे। नियमानुसार उन्हें मेरी तरफ देखना चाहिए, लेकिन उन्होंने जानबूझकर मुझे अनदेखा करके मेरा अपमान किया। तो मेरे लिए क्या बचा था? मुझे या तो अंदर जाना होगा या बहुत जोर से चिल्लाना होगा। प्रदर्शन कर रहीं कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम को चक्कर आ गया। उन्हें संसद से आरएमएल हॉस्पिटल ले जाया गया। सदन में कार्यवाही जारी रही, लेकिन विपक्षी सांसद हॉस्पिटल चले गए। सेहत में सुधार होने पर फूलो को डिस्चार्ज कर दिया गया। सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा- नीट पर सरकार संवेदनशील और पूरी तरह से सतर्क है। शिक्षा मंत्री ने कहा है कि एक भी बच्चे के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, लेकिन जब ये विषय सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, विपक्ष क्या न्यायालय के विजडम से ऊपर समझते हैं। जब एनटीए चीफ को हटा दिया गया, जांच जारी है, मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है तो इस तरह का माहौल बनाने का क्या मतलब है। पूर्व पीएम देवेगौड़ा ने केंद्र सरकार का बचाव करते हुए कहा कि जांच पूरी होने तक आप संसद में नीट मुद्दे पर बहस नहीं कर सकते... सरकार ने अपना कर्तव्य निभाया है, जांच जारी है और जब तक यह पूरी नहीं हो जाती, मानव संसाधन विकास मंत्रालय कोई निर्णय नहीं ले सकता। मैं सभी से अनावश्यक हंगामा न करने की अपील करता हूं।"

**राज्यसभा में सुधांशु बोले- जब भी वे (कांग्रेस) सत्ता में आए संविधान खतरे में था:** राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा- बात सिर्फ आपातकाल की नहीं है। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि जब भी वे सत्ता में आए, संविधान खतरे में था।

### राहुल गांधी का माइक बंद किया गया: कांग्रेस

**लोकसभा** की कार्यवाही की शुरुआत तो हुई, लेकिन महज 15 मिनट बाद ही इसे 12 बजे तक स्थगित कर दिया गया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी से ठएएळ पर चर्चा में शामिल होने की अपील की। लेकिन हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही रोकनी पड़ी। राहुल जब बोलने लगे तो उनकी आवाज नहीं आई, इस पर विपक्ष ने स्पीकर पर माइक बंद करने का आरोप लगाया। इस पर ओम बिरला ने कहा कि उनके पास माइक का बटन नहीं होता है।

सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर विपक्ष फिर नारेबाजी करने लगा, जिससे कार्यवाही 1 जुलाई तक स्थगित कर दी गई।

## हरियाणा में 1 जुलाई से लागू होंगे तीन नए कानून

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर ने कहा कि वह 1 जुलाई से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर पुलिस विभाग पूरी तरह से तैयार है। डीजीपी ने पुलिस आयुक्त तथा पुलिस अधीक्षकों को जरूरी निर्देश भी दिए। डीजीपी शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आपराधिक नए कानूनों को लेकर शुक्रवार को प्रदेशभर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में आमजन में जागरूकता लाना अत्यंत आवश्यक है ताकि लोग नए कानूनों में हुए बदलावों तथा इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। कपूर ने कहा कि पुलिस अधिकारी पुलिस थानों में होने वाले इन कार्यक्रमों में गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित करें ताकि उनके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जा सके।

उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार के आईगोट कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। अब तक राज्य के तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जबकि 17 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को फिजिकली प्रशिक्षित किया गया है।

## अमरनाथ के लिए 4603 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले 4603 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को शुक्रवार (28 जून) सुबह हरी झंडी दिखाई। जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास बेस कैंप से तीर्थयात्रियों को 231 वाहनों में उप्छत्रृकी थ्री लेयर सिक्योरिटी के बीच रवाना किया। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है जो 19 अगस्त (52 दिनों) तक चलेगी। सिन्हा ने तीर्थयात्रियों को सुरक्षा के लिए कामना भी की। उन्होंने कहा कि बाबा अमरनाथ का आशीर्वाद सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाए। तीर्थयात्रियों का यह पहला जत्था जम्मू से कश्मीर के दो बेस कैंप उत्तरी कश्मीर के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग के लिए रवाना हुआ है। अधिकारियों ने कहा कि आज से 19 अगस्त तक अलग-अलग रास्तों पर ट्रैफिक पर रोक लगाई जाएगी। साथ ही लोगों को परेशानी नहीं हो इसके लिए हर रोज एडवाइजरी जारी की जाएगी। इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए 3.50 लाख से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।



बाबा के दर पर

▶▶ थ्री लेयर सिक्योरिटी में बालटाल-अनंतनाग बेस कैंप पहुंचेगी 231 गाड़ियां

## बजट : महाराष्ट्र में महिलाओं को हर महीने 1500 कैश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई:** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से 4 महीने पहले शुक्रवार 28 जून को एनडीए की एकनाथ शिंदे सरकार ने अपना आखिरी बजट पेश किया। डिप्टी सीएम अजित पवार ने बजट में महिलाओं और किसानों के लिए कई योजनाओं का ऐलान किया है। इसमें किसानों का बिजली बिल माफ, खेती के लिए 5 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस की घोषणा की गई है। गरीब परिवारों को हर साल 3 गैस सिलेंडर मुफ्त और 21 से 60 साल की उम्र की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए कैश देने की योजना शामिल है। राज्य सरकार ने आम लोगों को राहत देते हुए वैट में 3% कटौती (24 से 21%) की घोषणा की है। इससे पेट्रोल में 65 पैसे और डीजल की कीमतों पर 2 रुपए की कमी होगी। हालांकि, इसका फायदा सिर्फ मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे के लोगों को ही होगा। राज्य में इस साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। राज्य में बीजेपी, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी की गठबंधन सरकार है।



विचारधारा

▶▶ 3 गैस सिलेंडर मुफ्त और 21 से 60 साल की उम्र की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए कैश देने की योजना शामिल है

इसका कार्यकाल 8 नवंबर 2024 को खत्म हो रहा है। अक्टूबर 2024 में चुनाव होने की संभावना है।

**किसानों के लिए योजनाएं...**
राज्य के सभी किसानों को कपास और सोयाबीन की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 5000 रुपए का बोनस दिया जाएगा।
दुग्ध किसानों को 1 जुलाई 2024 के बाद भी पांच रुपए प्रति लीटर बोनस दिया जाएगा।
जानवरों के हमले में मारे गए किसानों के परिजन को 20 लाख रुपए की जगह 25 लाख रुपए की मदद की जाएगी।
राज्य के 44 लाख किसानों को बिजली का बिजली का बकाया बिल माफ किया जाएगा।
प्राकृतिक आपदा के कारण फसलों को हुए नुकसान के लिए जुलाई, 2022 से 15 हजार 245 करोड़ 76 लाख रुपए की मदद।

## प्राकृतिक बालू मोरम का बेहतर विकल्प होगा 'एम-सैंड'

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नदी रेत और मोरम के स्थान पर 'एम-सैंड' (मैन्युफैक्चर्ड सैंड) को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार अतिशीघ्र एम-सैंड नीति लागू करने जा रही है, जिससे प्राकृतिक रेत व मोरम के एक नए विकल्प की उपलब्धता होगी। शुक्रवार को खनन विभाग के साथ प्रस्तावित नीति पर विमर्श करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि पर्यावरण एवं नदियों के इकोसिस्टम को बिना नुकसान पहुंचाए सस्टेनबल विकास को गति दिया जाए। इस दृष्टि से 'एम-सैंड' एक बेहतर माध्यम है।

उपलब्धता

▶▶ एम-सैंड नीति लागू करने जा रही है, जिससे प्राकृतिक रेत व मोरम के एक नए विकल्प की उपलब्धता होगी।

उन्होंने कहा कि नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू की सीमित मात्रा और इसकी बढ़ती मांग के दृष्टिगत एम-सैण्ड को नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू के विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे रोजगार के भी नए अवसर सृजित होंगे। नई नीति पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 'एम-सैंड' के गुणवत्ता मानकों को बनाये रखना अत्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा शामिल है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी 'एम-सैंड' निमार्ता अपने उत्पाद के लिये बीआईएस प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि नोडल विभाग के रूप में खनन विभाग 'एम-सैंड' के शीघ्र उत्पादन के लिए राज्य व जिला स्तर पर अनुज्ञप्तिधारकों और हितधारकों से समन्वय स्थापित कराये। आम जनता को 'एम-सैंड' सुविधाजनक रूप से उपलब्ध हो सके तथा 'एम-सैंड' की कीमत प्राकृतिक मोरम व बालू के सापेक्ष कम हो। इसके लिए प्रयास किया जाना चाहिए।

## तेज हवाओं के साथ बारिश की चेतावनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुर:** मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश में कानपुर नगर समेत 15 जनपदों में शुक्रवार को मेघ गर्जन, आकाशीय बिजली और अचानक 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चलने वाली हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है।

## मंत्री राजभर को बर्खास्त करने की मांग तेज हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी:** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को तत्काल प्रभाव से मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग की है। अमिताभ ठाकुर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे गए पत्र में लिखा है कि किसी भी पार्टी द्वारा अपने प्रत्याशी को टिकट देते समय उसके आपराधिक इतिहास की पूरी जानकारी प्राप्त करना कानूनन अनिवार्य है। बेदी राम ने 2022 में चुनाव आयोग के समक्ष दिए हलफनामे में उन पर यूपी, राजस्थान तथा मध्य प्रदेश में रेलवे भर्ती, पुलिस भर्ती तथा एमपीपीसीएस के 8 मुकदमों का स्वयं ही उल्लेख किया था, जो ओमप्रकाश राजभर को इस तथ्य की पूरी जानकारी होने का स्पष्ट प्रमाण है। अब स्वयं ओम प्रकाश राजभर बेदी राम की तारीफ करते हैं। इसका वीडियो सामने आने के बाद से इस पूरे प्रकरण में उनकी संलिप्तता के तथ्य सामने आते दिखते हैं। अमिताभ ठाकुर ने मुख्यमंत्री से देश में परीक्षाओं की सुचिता को बरकरार रखने तथा प्रदेश सरकार पर लग रहे दागों को समाप्त करने के लिए तत्काल ओम प्रकाश राजभर को मंत्री पद से हटाने की मांग की है।

## बेदी राम की पैरवी कर रहे राजभर, योगी के बाद शाह से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर अपनी पार्टी के विधायक बेदी राम का नाम पेपर लीक से जुड़ने के बाद से परेशान हैं। बेदी राम की पैरवी कर रहे ओमप्रकाश राजभर ने लखनऊ में लोकभवन के कक्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। फिर गृह मंत्री अमित शाह से मिलने नई दिल्ली के रवाना हो गये। विधायक बेदी राम को उत्तर प्रदेश के जनपद गाजीपुर की पुलिस, यूपी एसटीएफ की टीम और जांच एजेंसियों के अधिकारी तलाश रहे हैं। कुछ घंटों से बेदी राम का पता कहीं लग नहीं पा रहा है। बताया जा रहा है कि सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर से बेदी राम लगातार सम्पर्क में हैं।

ओमप्रकाश राजभर अपने विधायक के दबाव में आकर ही पैरवी के लिए मुख्यमंत्री योगी से मिलने पहुंचे थे। विधायक बेदी राम का नाम सुभासपा के साथ जुड़ा है, इसको लेकर पार्टी के दूसरे पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि भी मीडिया से बचते हुए दिख रहे हैं।

## ग्रीनपार्क मैदान के डैमेज हो चुके हैं ड्रेनेज सिस्टम

**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुर:** बारिश के चलते कई अन्तर्राष्ट्रीय व घरेलू मैचों को बाधित करने वाले ग्रीनपार्क स्टेडियम के ड्रेनेज सिस्टम को भी ड्रेनेज करने करने के लिए सुधार की आवश्यकता आन पड़ी है। लगभग 38 लाख की लागत से निर्मित स्टेडियम के क्रिकेट मैदान का ड्रेनेज पूरी तरह से डैमेज हो चुका है। ग्रीनपार्क मैदान में ड्रेनेज सिस्टम साल 2018 में यूपीसीए की ओर से लगवाया गया था। इसके बाद यहां पर टेस्ट मैच और लीजेन्ड वर्ल्ड कप सीरीज के अलावा यूपीपीएल और रणजी ट्राफी के मैच बारिश के चलते पूरी तरह से बाधित रहे थे। उल्लेखनीय है कि ग्रीनपार्क स्टेडियम में बारिश के दौरान पानी भर जाता था और मैचों के दौरान यदि मैदान पर पानी रह जाता था तो उसे निकालने में एक से दो दिन का समय लग जाता था। हालांकि ग्रीनपार्क में ड्रेनेज सिस्टम लगने के बाद पानी की निकासी में समय कम लगता है लेकिन फिर भी इतना समय नहीं निकल पाता कि मैच को उसी दिन शुरू करवाया जा सके। इसे देखते हुए ग्रीनपार्क में ड्रेनेज सिस्टम के साथ ही मैदान के रेनोवेशन का काम भी किया गया था जिसमें पिच से बाउन्ड्री की ओर लगभग एक से डेढ़ फीट तक ढलान कर पानी की निकासी के रास्ते बनाए गए थे।



निकासी

▶▶ ग्रीनपार्क में ड्रेनेज सिस्टम लगने के बाद पानी की निकासी में समय कम लगता है

## सांसद ओवैसी के घर पर काली स्याही फेंकी गई




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी के दिल्ली स्थित घर पर काली स्याही फेंकी गई है। उन्होंने गुरुवार को इसका वीडियो शेयर कर कहा कि सांसद का बंगला भी सुरक्षित नहीं है। ओवैसी ने कहा कि मेरे घर को निशाना बनाने वाले दो कौड़ी के गुंडों से मैं नहीं डरता। अगर हिम्मत है तो मेरा सामना करें। स्याही फेंकने या पत्थरबाजी के बाद भागे नहीं। सावरकर जैसी कायरता करना बंद करें। उन्होंने कहा कि अब मैं गिनती ही भूल गया हूं कि मेरे दिल्ली स्थित घर को कितनी बार निशाना बनाया गया है। जब मैंने दिल्ली पुलिस के अधिकारियों से पूछा कि उनकी नाक के नीचे यह सब कैसे हो रहा है, तो उन्होंने अपनी बेबसी जाहिर की। ओवैसी ने गृह मंत्री अमित शाह को टैग करते हुए पूछा कि यह सब आपकी निगरानी में हो रहा है। साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से कहा कि कृपया हमें बताएं कि सांसदों की सुरक्षा की गारंटी होगी या नहीं।

निशाना बनाया

▶▶ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा- दो कौड़ी के गुंडों से मैं नहीं डरता, सावरकर जैसी कायरता करना बंद करें

**ओवैसी के घर पर फरवरी 2023 में भी पथराव हुआ था**
फरवरी 2023 में ओवैसी के घर पर पथराव हुआ था, तब वे जयपुर में थे। 36 अशोका रोड पर बने इस घर में काम करने वाले लोगों ने उन्हें घटना की जानकारी दी। इसके बाद ओवैसी ने संसद मार्ग पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उपद्रवियों ने उनके घर पर पत्थर फेंके और खिड़कियों के कांच तोड़ दिए। शिकायत के तुरंत बाद दिल्ली पुलिस की टीम ओवैसी के 36 अशोका रोड वाले घर पर जांच के लिए पहुंची थी।

योजना — उत्तर प्रदेश में यील्ड एस्टिमेशन सिस्टम बेस्ड ऑन टेक्नोलॉजी (यस-टेक) को लागू करने की दिशा में योगी सरकार ने उठाया कदम

## प्रदेश में 'यस-टेक प्रक्रिया' को लागू कर किसानों तक बीमा का लाभ पहुंचाएगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के किसानों की फसलों की सुरक्षा को लेकर एक नया कदम उठाने जा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब प्रदेश में यील्ड एस्टिमेशन सिस्टम बेस्ड ऑन टेक्नोलॉजी (यस-टेक) को लागू करने की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इस प्रक्रिया के साथ ही रीस्ट्रक्चर्ड वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) के अंतर्गत फसलों की मॉनिटरिंग व रखरखाव की प्रक्रिया को दुरुस्त करने की दिशा में भी योगी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की फसलों को मौसमी आपदाओं से बचाने, किसानों को फसलों का बीमा उपलब्ध कराने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर फसलों के निरीक्षण की प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाने के लिए योगी सरकार द्वारा एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी। अब इसी कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए कृषि विभाग ने प्रदेश में यस टेक को लागू करने के लिए टेक्नोलॉजी इंप्लिमेंटेशन पार्टनर (टीआईपी) की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



कार्ययोजना

▶▶ फसलों के निरीक्षण की प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की

**75 जिलों में प्रक्रिया को लागू करने की तैयारी:** कृषि विभाग ने प्रदेश के 75 जिलों में रबी व खरीफ सीजन की फसलों से संबंधित आंकड़ों के संकलन को लेकर इस प्रक्रिया की शुरूआत की है। यस-टेक प्रक्रिया के जरिए आरडब्ल्यूबीसीआईएस को लागू करने में मुख्यतः गेहूं व धान की फसलों पर फिलहाल फोकस किया जा रहा। इस दौरान वर्ष 2023-24, 2024-25 व वर्ष 2025-26 के आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। इन आंकड़ों को यस टेक मैनुअल-2023 के आधार पर संकलित किया जाएगा। मॉड्यूल के विकास के बाद अन्य बीमित फसलों को भी इससे जोड़ा जा सकता है। प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 5 सीजन के एसेसमेंट पीरियड के हिसाब से रिपोर्ट को तैयार किया जाएगा जिसमें मिड सीजन रिपोर्ट (एमएसआर) व एंड सीजन रिपोर्ट (ईएसआर) का भी संकलन किया जाएगा। इन सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए टीआईपी द्वारा मशीन लर्निंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉड्यूल को कार्य में लाया जाएगा।

**ग्राम पंचायत स्तर पर फसलों की बीमा प्रक्रिया को मिलेगा बल:** प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ सभी किसानों को मिले इस उद्देश्य से सीएम योगी की मंशा अनुरूप क्रियान्वित की गई योजना के अनुसार सभी जिलों में फसलों को ग्राम पंचायत स्तर पर बीमित करने और किसानों को बीमा कवर उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के जरिए भी किसानों को लाभान्वित किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।